राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-141
लखनऊ, सोमवार 08 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट 03

प्रधानमंत्री कल गांधीनगर में करेंगे सबसे बड़े ट्रेड शो का उद्घाटन 12

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने राप्तीनगर और नंदानगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कहा

# पीएम के नेतृत्व में नई ताकत बना भारत

**▸ जाति, मत, मजहब से परे हर पात्र को मिल रहा योजनाओं का लाभ**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब नेतृत्व अच्छा होता है तो सबका सम्मान बढ़ता है। दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यही हुआ है। भारत दुनिया के अंदर एक नई ताकत बनकर उभरा है। देश का सम्मान बढ़ने से सभी नागरिकों को गौरव की अनुभूति हो रही है। देश में हाइवे, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी का विस्तार हो रहा है। एम्स बन रहे हैं, उद्योग लग रहे हैं। बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हो रहा है। बिना भेदभाव गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिल रहा है।

सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के राप्तीनगर और नंदानगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। दोनों स्थानों पर उमड़े जनसमूह के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का आधार जाति, मत, मजहब या क्षेत्र नहीं है बल्कि गांव, गरीब, किसान, महिलाएं और नौजवान है। आज जितनी योजनाएं चल रही हैं, उसकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। देश में 4 करोड़ और उत्तर प्रदेश में 55 लाख लोगों को मुफ्त मकान की सुविधा मिली है। राज्य में 15 करोड़ लोगों को साढ़े तीन साल से मुफ्त राशन मिल रहा है और यह अगले पांच साल तक मिलता रहेगा। बड़ी संख्या में लोगों को आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। सीएम योगी ने कहा कि जो पहले कभी नहीं हुआ था, वह अब हो रहा है। आज रोजगार मिल रहा है, विकास हो रहा है, महिलाओं को सुरक्षा मिल रही है, किसानों को सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ इस बात की गवाही दे रही है कि बड़े पैमाने पर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा है। उन्होंने अपील की कि जिन लोगों को किसी कारण से योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें भी इसके लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज नए परिवेश में बदलते नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में बदलते गोरखपुर के भी दर्शन हो रहे हैं। यहां खाद कारखाना शुरू हो चुका है, एम्स खुल गया है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है।



**लाभार्थी अन्य लोगों को भी करें जागरूक : योगी**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के आज के दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं यथा पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बीसी सखी, उज्ज्वला, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देना ही पीएम मोदी की गारंटी है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वह अन्य लोगों को भी जागरूक कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, कंबल व मिष्ठान वितरित किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सबको विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टालों पर भी कंबल वितरण किया।

**प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर चलाएं स्वच्छता अभियान**

मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को मकर संक्रांति और 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आह्वान किया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी लोग स्वच्छता अभियान चलाकर धर्मस्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**मुस्लिम महिला के बच्चे का अन्नप्राशन बना आकर्षण का केंद्र**

सीएम योगी के हाथों में एक मुस्लिम महिला के बच्चे का अन्नप्राशन सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अपने बच्चे को मुख्यमंत्री के हाथों में खेलता देख महिला बेहद प्रफुल्लित थी। अन्नप्राशन कराने के बाद सीएम ने बच्चे को उपहार दिया और उसे काफी देर तक दुलारते रहे।



## पहली बार रात में कारगिल हवाई पट्टी पर उतरा वायु सेना का सी-130जे विमान



**▸ दुर्जेय हिमालयी परिदृश्य में विमान ने गरुड़ फोर्स के साथ रात्रि लैंडिंग करके रचा इतिहास**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चीन और पाकिस्तान से लगी विभिन्न हवाई पट्टियों को सामरिक दृष्टिकोण से कई तरीकों से उपयोग के लिए अपग्रेड कर रही है। इसी क्रम में भारतीय वायु सेना के सामरिक परिवहन विमान सी-130जे ने पहली बार कारगिल हवाई पट्टी पर गरुड़ फोर्स के साथ रात्रि लैंडिंग की। दुर्जेय हिमालयी परिदृश्य में यह हवाई पट्टी 8,800 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है, जो विमान चालकों के लिए अद्वितीय चुनौतियां पेश करती है।

भारतीय वायुसेना ने इस उपलब्धि के महत्व पर रात्रि लैंडिंग का एक वीडियो साझा करने के साथ ही बयान में कहा, पहली बार परिवहन विमान सी-130जे ने कारगिल हवाई पट्टी पर एक रात की लैंडिंग की। रास्ते में इलाके को ढंकते हुए इस अभ्यास ने गरुड़ के प्रशिक्षण मिशन को भी पूरा किया।÷ हालांकि, प्रशिक्षण मिशन के बारे में विशिष्ट विवरण का खुलासा नहीं किया गया, लेकिन यह भारतीय वायुसेना की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है। यह सफल रात्रि लैंडिंग न केवल वायु सेना की सावधानीपूर्वक योजना को दर्शाती है, बल्कि इसके पायलटों की विशेषज्ञता को भी उजागर करती है। पिछले वर्ष नवंबर में वायु सेना ने उत्तराखंड में एक अल्पविकसित और चुनौतीपूर्ण हवाई पट्टी पर दो लॉकहीड मार्टिन 'सुपर हरक्यूलिस' सैन्य परिवहन विमानों को सफलतापूर्वक उतारकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में संचालित इस मिशन का उद्देश्य एक निर्माणाधीन पहाड़ी सुरंग में बचाव कार्यों के लिए भारी इंजीनियरिंग उपकरण पहुंचाना था। वायु सेना की हालिया उपलब्धि सीमाओं पर परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और विविध परिदृश्यों को अपनाने की भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस हवाई अड्डे का निर्माण 1996 में जम्मू और कश्मीर राज्य सरकार ने नागरिक संचालन के लिए किया था। बाद में इसे भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) को पट्टे पर दिया गया था।

**एएआई ने 350 मिलियन की लागत से बनाया था हवाई अड्डा**

भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में कारगिल अघोषित युद्ध स्थल के रूप में प्रमुखता से उभरा और यह हवाईअड्डा पाकिस्तानी बलों की गोलाबारी के दायरे में होने से संवेदनशील था। एएआई ने इसे 350 मिलियन रुपये की लागत से बनाया था, लेकिन कारगिल युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त होने के बाद 2003 में इसका परिचालन नियंत्रण और रखरखाव भारतीय वायु सेना को हस्तांतरित कर दिया था। वायु सेना यहीं से अपने एएन-32 विमान को एयर कूरियर सेवा के लिए संचालित करती है, जो कठोर सर्दियों के मौसम में नागरिकों को कारगिल से श्रीनगर और जम्मू तक पहुंचाती है।

## एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड ने मुंबई के गेस्ट हाउस से 6 लोगों को किया गिरफ्तार

**▸ सभी के पास से 3 बंदूक और 36 जिंदा कारतूस बरामद**

एजेंसी

**मुंबई।** एंटी टेरेरिस्ट स्कॉड की टीम ने बोरीवली में स्थित एलोरा गेस्ट हाउस में बीती रात छापा मारकर 6 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से 3 बंदूक और 36 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इन संदिग्धों की गिरफ्तारी से जांच एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं और हर एंगल से पूछताछ की जा रही है।

एंटी टेरेरिस्ट स्कॉड को बोरीवली इलाके में स्थित एलोरा गेस्ट हाउस में संदिग्ध बदमाशों के छिपे होने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर एटीएस की टीम ने बीती रात छापेमारी की। एटीएस की टीम के पहुंचते ही गेस्ट हाउस में हड़कंप मच गया, लेकिन एटीएस ने गेस्ट हाउस में छिपे 6 संदिग्धों के पास से 3 बंदूक और 36 जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके बाद एटीएस ने छह संदिग्ध बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी बदमाश दिल्ली के हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम भी मुंबई पहुंची है।

## कांग्रेस ने मेवाराम जैन को प्राथमिक सदस्यता से किया निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस ने बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन को दुष्कर्म के आरोप के चलते कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार देर रात आदेश जारी कर श्री जैन की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दी। श्री जैन के अनैतिक कार्य से स्पष्ट होता है कि उन्होंने कांग्रेस के संविधान के खिलाफ आचरण किया है। उल्लेखनीय है कि एक महिला ने पिछले दिनों जोधपुर के राजीव नगर थाने में जैन सहित नौ लोगों के खिलाफ एससी-एसटी, सामूहिक दुष्कर्म, पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया था।

## भारत और प्रधानमंत्री मोदी पर बयानबाजी में मालदीव सरकार के तीन मंत्री निलंबित

**▸ निलंबित मंत्री ने 'एक्स' पर अकाउंट किया निष्क्रिय**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में मालदीव के तीन नेताओं पर गाज गिरी है। मालदीव सरकार ने मंत्री मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को निलंबित कर दिया है। निलंबित मंत्री महमूद मस्जिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपना अकाउंट निष्क्रिय कर दिया।



मालदीव के युवा अधिकारिता उप मंत्री मरियम शिउना की हालिया टिप्पणियों के संबंध में भारतीय उच्चायुक्त ने माले में मामला उठाया है। इसके बाद वहां की सरकार का आधिकारिक बयान आया था कि यह मंत्रियों की व्यक्तिगत राय थी और यह सरकार की सोच को प्रदर्शित नहीं करती। बयान में यह भी कहा गया था कि सरकार इस तरह के आपत्तिजनक बयानों पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। अभिव्यक्ति की आजादी का उपयोग जिम्मेदार ढंग से किया जाना चाहिए। इसी के बाद मालदीव सरकार के प्रवक्ता इब्राहिम खलील ने एक बयान में कहा कि बयानबाजी के लिए जिम्मेदार मंत्री मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, मालदीव में नई सरकार बनने के साथ ही भारत के साथ संबंधों में खटास आनी शुरू हो गई थी।

### संसद रत्न के लिए चुने गए श्रीकांत शिंदे समेत पांच सांसद, 17 फरवरी को दिया जाएगा सम्मान

**नई दिल्ली।** भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा उन तीन अन्य सांसदों में शामिल हैं, जिन्हें 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए चुना गया है। संसद रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। सांसद महा रत्न पुरस्कार लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए जाते हैं। चेन्नई स्थित गैर-लाभकारी चैरिटेबल ट्रस्ट प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के आग्रह पर इन सम्मानों की स्थापना की। जिन्होंने खुद 2010 में चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था।

### हिंसा के मद्देनजर सीमा पर बीएसएफ ने बढ़ाई गश्त

**कोलकाता।** पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में चुनावी हिंसा के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने गश्त बढ़ा दी है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि भारत और बांग्लादेश सीमा पर तैनात बीएसएफ टीम को अधिक सतर्क रहने को कहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त भी बढ़ाई गई है ताकि किसी भी तरह के अवैध घुसपैठ को रोका जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने दस भारतीय नागरिकों को पकड़ा

**जलपाईगुडी।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के सिलीगुडी सेक्टर के अंतर्गत 176वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की बीओपी फुलबाड़ी के सीमा जवानों ने भैंसों से लदी ट्रक के साथ दस भारतीय नागरिकों को पकड़ा है। पकड़े गए भारतीय का नाम सनवर शेख (34), नूरनोबी मंडल (28), गुलजार अली (27), अब्दुल बछेर तरफदार (38), यूसुफ अली (42), अबू सलाम प्रमाणिक (44), अब्दुल बारेक तरफदार (45), सोहिदुर हुसैन (40), महिरुद्दीन शेख (35) और अनवर हुसैन (27) है। बीएसएफ ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

### सिक्किम राज्यसभा के लिए लेप्चा भाजपा के उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सभा में आगामी द्विवार्षिक चुनावों में सिक्किम की एक सीट के लिए श्री दोरजी शेरिंग लेप्चा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने श्री दोरजी शेरिंग लेप्चा को उम्मीदवार बनाने को अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

### नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रविवार को मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर नृपेंद्र मिश्रा के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े एक पदाधिकारी के मुताबिक मंदिर निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए अयोध्या पहुंचे नृपेंद्र मिश्रा ने बैठक से पहले ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मौका मुआयना किया।

# 2024 में प्रदेश और देश की जनता चाहती है परिवर्तन : अखिलेश

### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक को किया सम्बोधित

**▸ समाजवादी सरकार ने अधिवक्ताओं के हित में लिए कई फैसले**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को यहां समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, 19-विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ, में खचाखच भरे डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक में उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों के अधिवक्ता सम्मिलित हुए।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता परिवर्तन चाहती है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से हर वर्ग परेशान है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज जागरूक और प्रभावशाली है। वह समाज और आम जनता की समस्याओं को समझता है। अधिवक्ता समाज समाजवादी पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और अपने एजेण्डे को आम जनता तक पहुंचाने में कामयाब हो गया तो परिवर्तन तय है। श्री यादव ने कहा है कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से देश में एक लाख से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। सीमा पर लगातार जवान शहीद हो रहे हैं। भाजपा सरकार में न सीमाएं सुरक्षित है और न किसान और जवान सुरक्षित है। भाजपा की नोटबंदी की नीति पूरी तरह विफल रही। नोटबंदी से न आतंकवाद कम हुआ और न भ्रष्टाचार और महंगाई कम हुई। बड़ी संख्या में लोग बैंकों का पैसा लेकर विदेश भाग गए। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। नौजवान बेरोजगार है। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं सभी को धोखा दिया है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा प्रधानों के बजट का पैसा काट कर विकसित भारत का झूठा सपना दिखा रही है। सिर्फ नारों से देश विकसित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार को जब भी मौका मिला प्रदेश का विकास किया। अधिवक्ताओं के लिए काम किया। नेता जी और समाजवादी सरकार ने अधिवक्ताओं के चेम्बरों की व्यवस्था की। अधिवक्ताओं के हित में कई फैसले लिए। लखनऊ की नयी हाईकोर्ट बिल्डिंग समाजवादी सरकार में बनी। हाईकोर्ट की भव्य बिल्डिंग की तारीफ सभी ने की। हाईकोर्ट बिल्डिंग के उद्घाटन के लिए आये तत्कालीन चीफ जस्टिस ने भी तारीफ करते हुए कहा कि ऐसी बिल्डिंग और बैठने की जगह तो दिल्ली में भी नहीं है। लेकिन आज भाजपा सरकार उसका मेंटीनेंस तक नहीं कर पा रही है।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में एक्सप्रेस-वे बनाया। प्रदेश के एक कोने को दूसरे कोने से जोड़ने का काम किया। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे समाजवादियों की देन है। समाजवादी सरकार में गोमती नदी की सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए गोमती रिवरफ्रंट बनाया गया। समाजवादी सरकार ने काम करके दिखाया कि नदियों के साफ रखने का यही तरीका है। अभी तक हम सब जानते थे कि रिवरफ्रंट नदियों पर बनता है लेकिन भाजपा सरकार नाले पर रिवरफ्रंट बना रही है।

बैठक में अधिवक्ताओं ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल, प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आईपी सिंह, प्रमुख महासचिव जितेन्द्र सिंह जीतू, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव सरदार आलोक सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा ने अखिलेश यादव को 12 सूत्री एजेण्डा सौंपा। इसमें चुनाव प्रक्रिया में अधिवक्ताओं की भूमिका तय करने, विधिक सलाहकार समिति बनाने, आरक्षण का लाभ जूडीशियल सेवा में देने, राष्ट्रीय न्यायिक सेवा आयोग के गठन, वक्फ सम्पत्तियों के सर्वेक्षण तथा अल्पसंख्यकों को सुरक्षा आदि देने का जिक्र है।

बैठक में तमिलनाडु समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार यादव, केरल समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष एडीसन थामस, गुलाब चंद्र विश्वकर्मा महाराष्ट्र, मलिया अमार कर्नाटक, राजेन्द्र यादव चण्डीगढ़, रविचंद्रा प्रदेश अध्यक्ष तेलंगाना, हैदर अब्बास, ममता सिंह यादव, शुभांगी द्विवेदी, मधुलिका यादव, देवीबख्स सिंह, शशि पाठक, सौरभ यादव, रामानंद यादव, सीपी सिंह, ललित, सिराज अहमद, धीरज यादव, रामशरण नागर, तेजराम यादव, अमित यादव, विजय बहादुर यादव, भोलानाथ यादव, विष्णु यादव, उमेश प्रताप यादव, अक्षय लाल मौर्य, महमूद आलम, ऋषि यादव, प्रभाकर कृष्ण, रामचन्द्र राजभर, श्याम सुंदर यादव, जगदीश सिंह चौहान, सहजराम, संदीप रावत, रिंकी यादव, निर्मला यादव सीमा यादव, श्रीमती जैनबजहां, पूजा गौतम अलीगढ़, राकेश कुमार यादव, आशा सरोज, सुषमा यादव, जीतू कश्यप, निकहत सिद्दीकी, विजय बहादुर, जगदीश सिंह चौहान, सरोजनी बाला यादव, संदीप कुमार रावत, रमन सिंह, स्वतंत्रलता यादव, दानिश सिद्दीकी, फिरदौस सिद्दीकी, प्रीति मौर्या, ज्योति गुप्ता, मनीषा यादव, आशीष श्रीवास्तव, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, रंजीत यादव, दिलीप यादव, रणविजय यादव, ममता शर्मा, किरन विश्वकर्मा, एमपी सिंह, पुष्पांजलि पाण्डेय, अंकिता वर्मा, नीलू वर्मा, कचंन मौर्य, राजू रावत, एजाज अहमद, विनीत वर्मा, श्याम बाबू रावत, संतोष रावत, मनीष वर्मा, अंकित पाल, सुधीर सिंह, सरफराज हुसैन, शफीक किदवई, आर.एस. यादव, अजय पाल, फिरासत अली, यादवेन्द्र यादव समेत हजारों की संख्या में अधिवक्ता और राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल रहे।





**संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही सपा**

भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। लड़ाई बाबा साहब के संविधान और बुल्डोजर के बीच है। एक तरफ संविधान बचाने वाले हैं दूसरी तरफ बुल्डोजर से कानून और संविधान को रौदने वाले है। समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादी पार्टी ने नारा दिया है 80 हराओ, भाजपा हटाओं। भाजपा हटेगी तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वे 2024 में भाजपा को पूरी ताकत से सत्ता से बेदखल करेंगे।

पूरे प्रदेश से आए अधिवक्ताओं ने संकल्प लिया कि सभी अधिवक्ता जनता के बीच जाकर पिछड़े दलित अल्पसंख्यकों को यह समझाएंगे कि भाजपा किस तरीके झूठ बोलकर गुमराह करके सत्ता चल रही है। 2024 के चुनाव में भाजपा को प्रदेश की सभी सीटों पर हारने का काम करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्री अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे।

सिकन्दर यादव, सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष

# डीजल चोरी करने वाले पांच चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैगलगंज पुलिस ने लंबे अरसे से वाहनों से डीजल चोरी कर बिक्री करने में शामिल अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में डीजल सहित अन्य उपकरण के अलावा घटनाओं में प्रयुक्त की जाने वाली कार को भी बरामद किया है। यह गिरोह शाहजहांपुर से लेकर बहराइच तक सक्रिय था।

इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रिगस्त के दौरान चौकी प्रभारी औरंगाबाद अनूप कुमार मिश्रा को औरंगाबाद मैगलगंज मार्ग स्थित पिपरी अजीज गांव की मोड़ के पास एक स्विफ्ट कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। कार के पास जाकर जब पुलिस ने छानबीन की तो कार में पांच लोग बैठे मिले। कार की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को कार की डिग्गी में रखे लगभग सौ लीटर डीजल से भरी केनो सहित डीजल निकालने व मापने के उपकरण बरामद हुए। पूंछतांछ करने पर यह चारों संदिग्ध प्रतीत हुए जिन्हें थाना कोतवाली लाकर जब सख्ती से पूंछतांछ की गई तो इन लोगों ने वाहनों से डीजल चोरी कर बिक्री करने की बात स्वीकार करते हुए अपने नाम विकास सक्सेना निवासी शामतगंज थाना सदर, राजवीर निवासी मैनिया थाना पुवायां, राजा निवासी टाउन हाल बाडूजई थाना सदर, बलदीप राज निवासी सैनी



कालोनी थाना सदर व सुनील सिंह निवासी ओसरी थाना मैगलगंज बताए। पुलिस ने जब इनके आपराधिक इतिहास के बारे में छानबीन की तो विकास सक्सेना व राजवीर के विरुद्ध शाहजहांपुर जनपद के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज होने की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि यह गिरोह वर्ष 2018 से सक्रिय है जो शाहजहांपुर से लेकर बहराइच तक वाहनों से डीजल चोरी करने की वारदातों में शामिल रहा है। इस गिरोह का मुख्य सरगना विकास सक्सेना है जिसके विरुद्ध शाहजहांपुर जनपद के विभिन्न थानों में डीजल चोरी करने, आर्म्स एक्ट व जानलेवा हमला करने की धाराओं में नौ व इसके मुख्य सहयोगी राजवीर के विरुद्ध डीजल चोरी व आर्म्स एक्ट के चार मुकदमे दर्ज हैं। विकास के विरुद्ध जलालाबाद थाने में गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। इन लोगों ने स्वीकार किया कि हम लोग रात के समय हाइवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी कर मैगलगंज निवासी सुनील सिंह के हांथ साठ रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बिक्री कर देते थे। पुलिस इन लोगों के पास बरामद हुई स्विफ्ट कार की भी छानबीन कर रही है। पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

मैगलगंज पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन शनिवार रात विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाकर अलग अलग गांवों से आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें सुरेश निवासी गुलराग्रंट, रामनरेश निवासी कल्लुआ मोती, अंकित निवासी कुसुमी, मनोज निवासी परसेहरा, रामकुमार निवासी खमरिया, गुरुमीत निवासी देवीबोझी, कमलेश निवासी कुकुरगोती व बदले निवासी भूड़ कोतवाली मैगलगंज को पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में फत्तेपुर चौकी प्रभारी दिनेश कुमार पाठक, एसआई गौरव कुमार व अंकित कुमार, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, आरक्षी गुलशन कुमार व अजीत विश्वकर्मा शामिल रहे।

**भीरा पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता**

# पुलिस की गिरफ्त में आया आटो लिफ्टर गैंग



- चोरी की दस बाइकों सहित पांच अभियुक्त गिरफ्तार,
- सीओ गोला ने प्रेस कांफ्रेंस कर गिरोह का किया खुलासा

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पिछले काफी दोनो से कोतवाली भीरा क्षेत्र में ऑटो लिफ्टर गैंग सक्रिय था जिसे भीरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला मुख्यालय भेज दिया।

सीओ गोला व एस ओ भीरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी दी, जिसमे बताया है कि चोरी हुई दस बाइकों की बरामदगी की गई है और पाँच ऑटो लिफ्टर गैंग के चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए बताया कि अर्पित गुप्ता पुत्र अजय कुमार गुप्ता निवासी कस्बा व थाना पलिया, अभिषेक तिवारी पुत्र मनोज तिवारी निवासी मो0 सुभाषनगर पलिया, गुरबाज उर्फ बाज पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी ग्राम चनैनी फार्म थाना सिंगाही, पूरन सिंह पुत्र गुरदीप सिंह थाना सिंगाही, रवि ठाकुर उर्फ पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी मो0 सुभाषनगर कस्बा पलिया जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी है इन पर अन्य थानों में भी मुकदमा पंजीकृत है,ये लोग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी कर चोरी की बाइके संपूर्णा नगर के रास्ते नेपाल में बेचते थे ,पकड़ी गई बाइको में से तीन बाइक पर नेपाल का नंबर अंकित है। इसे पकड़ने वाली टीम एस आई संदीप कुमार, जुबेर आलम, चंद्र मोहन त्यागी, अरविंद कुमार, संजय सिंह, प्रदीप चीमा, मनीष वालिया आदि लोग सामिल रहे,पकड़े गए सभी अभियुक्तों को

संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर जिला मुख्यालय भेज दिया गया।वही ऑटो लिफ्टर गैंग को पकड़ने वाली टीम को एसपी ने दस हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की,वही क्षेत्रीय समाजसेवियो द्वारा भीरा पुलिस को सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को किया नमन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा तहसील इकाई लखीमपुर सदर के तत्वाधान में हिन्दू हृदय सम्राट पूर्व मुख्यमंत्री/राज्यपाल पद्मविभूषण स्व0 कल्याण सिंह की 92वीं जन्मजयंती का आयोजन 5 जनवरी 2024 को ग्राम बेलपुरवा निकट पतरासी में पूर्व प्रधान श्री मोती लाल लोधी के निवास पर बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय कल्याण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन पुष्प समर्पित कर किया गया। जिसका संचालन श्री श्याम सुंदर लोधी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री हरी राम लोधी ने स्वर्गीय कल्याण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक श्रीरामजन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने हेतु स्व0 बाबूजी ने मुख्यमंत्री पद की कुर्सी को लात मार कर किया था। श्रद्धेय कल्याण सिंह जी अपने संघर्ष के बलबूते इन्टर कॉलेज के अध्यापक से लेकर मुख्यमंत्री व राज्यपाल तक की कुर्सी पर बैठे परन्तु राष्ट्र ब प्रभु श्रीराम जी के लिए उन्होंने को त्याग किया है वैसा त्याग कोई नहीं कर सकता है। जब जब अयोध्या में भव्य मंदिर के बारे में चर्चा होगी तब तब हमारे परम श्रद्धेय कल्याण सिंह जी याद किए जायेंगे। गोष्ठी को श्री भैरव प्रसाद लोधी जी, श्री जगदीश प्रसाद लोधी , श्री रामगोपाल लोधी , ब्रम्हादीन लोधी , श्री भारत प्रसाद लोधी,श्री राजेन्द्र प्रसाद लोधी प्रधान जी आदि वकताओं ने सम्बोधित किया ।उक्त कार्यक्रम में दूर दराज से चलकर आए सैकड़ो सामाजिक बंधुओ ने भाग लिया।

### प्राण प्रतिष्ठा महासंपर्क अभियान बाइक रैली आयोजित

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** राज्यमंत्री के निवास से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महासंपर्क अभियान बाइक रैली मण्डल अध्यक्ष राम भरोसे वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण मण्डल में निकाली गयी। मोटर साइकिलों द्वारा सभी लोग राजेपुर में राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह के यहां एकत्र होकर राजेपुर से वैनी गांव होते हुए शाहपुर राजा नयागांव भूड़ा पिपरी रधोला शेखापुर घूमते हुए सिसोरा में बाइक रैली का समापन हुआ। रैली के मुख्य अथिति राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि आप लोग घर घर जाकर मन्दिर के फोटो व अक्षत देकर भगवान राम का संदेश दे और सभी लोग 22 जनवरी को दिवाली मनाएं। रैली में इंद्रजीत सिंह गुड्डू गुप्ता सुशील त्रिवेदी वैभव प्रताप सिंह आशीष सिंह जिला पंचायत सदस्य नन्हे लाल पासी राजपाल सिंह उमेश मिश्रा अंशुल त्रिवेदी, विमल बाजपेई सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### धूमधाम से निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा



**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** बांकेगंज में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा खंड संघ चालक के मार्गदर्शन में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान अक्षत, पत्रक और राम मंदिर के चित्र का वितरण किया गया। खंड संघ चालक के मार्गदर्शन में सुबह लगभग 11:00 बजे पूजित अक्षत कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से होते हुए मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर, स्टेशन पुरवा स्थिति शिव मंदिर, कोठीपुर के शिव मंदिर व बांकेगंज सीएचसी स्थित हनुमान मंदिर होते हुए पुनः राधा कृष्ण मंदिर पर पहुंची। उसके बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान जिन मार्गो से होकर कलश यात्रा निकल रही थी उन मार्गो में पड़ने वाले घरों के लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र, श्री राम जन्मभूमि मंदिर का विवरण और राम भक्तों से निवेदन करता हुआ पत्रक वितरित किया गया। यात्रा के दौरान बच्चा-बच्चा राम का जन्म भूमि के काम का, जय श्री राम जय श्री राम के नारों से गलियां गूंजती रही। कलश यात्रा में सह जिला कार्यवाहक विवेक, खंड संघ चालक राजकुमार संखवार, गोपाल बिहारी सिन्हा, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र महेश्वरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार, गेंदन लाल मौर्य, हेमराज मौर्य, सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्ति और महिलाएं शामिल रही।

### जरूरतमंदों को चेयरमैन ने वितरित किया कम्बल

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक की ओर से जरूरत मंदो में कंबल वितरण का कार्य निरन्तर किया जा रहा है।चांदामऊ में कम्बल वितरण के दौरान श्री पाठक ने लोगों से कहा कि नगर वासियों की मदद के लिए हम 24 घंटे उपलब्ध है किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।गरीब एवं पात्र व्यक्तियों को उनका पूरा हक मिलेगा।किसी के साथ नाइंसाफी नहीं हो सकती।सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाये जो चल रही है उनका लाभ सभी लोगों को मिलेगा।चेयरमैन श्री पाठक ने स्पष्ट कहा की सभी वार्डों में निर्धन असहाय एवं निराश्रित लोगों को चिन्हित कर कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं।कंबल वितरण के मौके पर पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी पंकज पाठक पवन ओझा शनि मिश्रा रमेश जायसवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भीरा पुलिस ने सैकड़ों लीटर कच्ची शराब की बरामद

- पुलिस ने हजारों लीटर लहन किया नष्ट

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भीरा पुलिस लगातार क्षेत्र में कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर बड़ी कार्यवाही कर रही है। रविवार के दिन पुलिस ने पड़रिया तुला क्षेत्र में शारदा नदी के उस पार कच्ची शराब को लेकर एक बड़ी छापेमारी करते हुए सैकड़ों लीटर शराब बरामद करते हुए हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पड़रिया तुला पुलिस सहायता केंद्र पर तैनात एसआई संदीप कुमार को रविवार को सूचना मिली कि क्षेत्र के बेलहा सिकिटिहा के सामने शारदा नदी के उस पार भारी मात्रा में अवैध शराब बनाई जा रही है। जिस पर एसआई संदीप कुमार आरक्षी चन्द्र मोहन त्यागी,अरविंद कुमार,विशाल कुमार ने ग्रामीणों के भेष में नदी के उस पार छापेमारी कर दी। जहां पुलिस ने करीब ढाई सौ लीटर कच्ची शराब व हजारों लीटर लहन को बरामद करते हुए शराब व लहन को नदी में नष्ट करके बहा दिया। कच्ची के विरुद्ध पुलिस की इस कार्यवाही को बड़ी कार्यवाही के रूप में देखा जा रहा है।भीरा पुलिस ने बीते वर्ष भी अवैध शराब की रोकथाम व कार्यवाही में एक रिकॉर्ड कायम किया था।

# मानक विहीन सामग्री से बन रही इंटर लॉकिंग, संविदा कर्मचारी बना ठेकेदार



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जहां मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार पर जीरो टांसलेन्स के बड़े बड़े दावे कर रहे हैं वहीं विकास खंड बिजुआ में भ्रष्टाचार के जीरो टांसलेन्स के दावो की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है।

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखरावा में इस समय मनरेगा योजना अंतर्गत इंटर लाकिंग का कार्य चल रहा है ,जो मानक विहीन कार्य करवाया जा रहा है। जिसमे ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की मिली भगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया इंटरलॉकिंग कार्य में टोटल पीला ईट का उपयोग किया जा रहा है,मौरंग की जगह बालू का इस्तेमाल कर रहे हैं।सूत्रो की माने यह कार्य ब्लाक के एक अधिकारी द्वारा ठेके पर करवाया जा रहा है। जब इस मामले की जांच की गई तब जानकारी मिली ब्लाक में कार्यरत एक सविंदा कर्मचारी द्वारा ठेकेदारी की जा रही है और टोटल मानक विहीन कार्य करवा रहा है।

वही ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया इसकी शिकायत करने के लिए तमाम बार खंड विकास अधिकारी का नंबर लगाया लेकिन नंबर नही उठा और आज तक कोई भी अधिकारी जांच के लिए हमारे वहां नही आया।क्या इस प्रकार से कार्य करवा कर साकार होगा सरकार का सपना सबका साथ सबका विकास। मानक विहीन हो रहे कार्य के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### कुकरा चौकी प्रभारी ने असहाय और जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैलानी थाना क्षेत्र की कुकरा पुलिस चौकी के द्वारा इन दिनों पढ़ रही भीषण सर्दी के प्रकोप से गरीब व जरूरतमंदों को बचाने के उद्देश्य उनमें कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाने वाले गरीबों ने पुलिस को दिल से दुआ दी। बता दे तराई क्षेत्र में इन दोनों भीषण सर्दी का प्रकोप चल रहा है। सर्दी और शीतलहर से सबसे अधिक बुरा हाल गरीबों का बना हुआ है। सर्दी से गरीब व जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से कुकरा चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर चौकी क्षेत्र के कई गांवों के दर्जनों गरीबों व बेसहारा लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया। चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर के इस कार्य की स्थानीय लोगों ने व ग्रामीणों सराहना की।

# उपनिबंधक कार्यालय में होता है प्राइवेट रखे गए कर्मचारियों द्वारा गरीब किसानों का शोषण

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आदेशों को दरकिनार कर तहसील में प्राइवेट कर्मचारियों के सहारे कार्य संचालित हो रहे हैं।

एंटी करप्शन के भय से अब सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेने का नायाब तरीका ढूंढ निकाला, प्राइवेट कर्मी लगाओ और वसूली करो क्योंकि अगर कुछ होगा तो प्राइवेट कर्मचारी के साथ होगा और सरकारी साहबान तो बच जायेंगे।

उनतीस अगस्त सन दो हजार तेईस को आयुक्त व सचिव राजस्व परिषद द्वारा मंडल कलेट्ट तहसील स्तर के कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारियों को न लगाए जानें का आदेश जारी किया गया था।

तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय को सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि उप निबंध कार्यालय में अपनी मनमानी के चलते अवैध रूप से कार्यालय पर बाहरी भारी संख्या में लगाए गए प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से धन उगाही की जा रही है अधिवक्ता संघ ने कहा कि कार्यालय के बाहर लड़के लगाए गए हैं वह बैनामा कराने आये व्यक्तियों से अवैध रूप से धन उगाही करते हैं। शाम के समय लगभग साढ़े चार बजे काश्तकारों से कह दिया जाता है कि बैनामा नहीं हो पाएगा नेटवर्क नहीं है एक हजार से दो हजार रुपए लेकर अवैध रूप से वसूली कर बैनामा करवा दिया जाता है। पैसे के दाम पर नेटवर्क आ जाता है उपनिबंधक पूरी तरह से लिप्त है शिकायत करने पर कहते हैं कि हमें दस आदमी उपलब्ध करा दो, प्राइवेट आदमी नहीं बैठालेंगे। 150 रुपए जनरेटर के नाम पर 100 रुपये अंगूठे लगवाने के नाम पर और अवैध तरीके की वसूली करते है। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश ने आदेश पारित कर कहा कि सरकारी कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारियों से कार्य न कराया जाय उपनिबंधक मितौली सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए उनके द्वारा प्राइवेट कर्मचारियों से अवैध रूप से धन उगाही करवा रहे हैं इसे न्याय हित में रोका जाना आवश्यक है। अगर प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से धन उगाही पर रोक न लगाई गई तो गरीब किसानों का शोषण उप निबंधक कार्यालय के इशारे पर होता रहेगा। अधिवक्ता संघ ने गरीब किसानो का

शोषण रोके जाने की मांग की है। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, सत्य कुमार शुक्ला, दुर्गेश बाजपेई सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

**तहसील बार एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन**

# 19 साल बाद भी नहीं शुरू हो पाया निघासन का पोस्टमार्टम

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इंडो नेपाल बॉर्डर स्थित तहसील मुख्यालय पर 19 सालों से बनकर तैयार खड़ा पोस्टमार्टम हाउस स्टॉफ की कमी के चलते चालू नहीं हो पाया है।

खंडहर में तब्दील हो चुके पोस्टमार्टम हाउस को कई बार रंगाई पुताई भी कराया गया लेकिन यह कब चालू होगा इसका जवाब अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों के पास भी नहीं है। कस्बे के सिंगाही रोड पर 19 साल पहले पोस्टमार्टम हाउस का निर्माण करीब तीन लाख की लागत से किया गया था। अब देखरेख के अभाव में यह भवन खंडहर में तब्दील हो गया। सपा सरकार में लोगों की मांग पर निर्माण एजेंसी ने रंगाई पुताई और



मरम्मत कराने के बाद स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया था, तत्कालीन सीएमओ ने इसे शीघ्र चालू कराने का आश्वासन देते हुए सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट बीएन सिंह और डॉ. पीके रावत को जिले पर प्रशिक्षण भी दिया गया लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

खीरी सांसद के प्रयास से करीब डेढ़ साल पहले एक बार फिर इसकी रंगाई पुताई कराया गया और स्वास्थ्य महकमे के तत्कालीन सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बिजली कनेक्शन आदि करवा दिया। करीब एक साल से बिजली का बिल भी आ रहा है लेकिन पोस्टमार्टम हाउस कब तक चालू होगा यह कह पाना मुश्किल है।

पोस्टमार्टम हाउस चालू होने से तिकुनियां, बेलरायां, सिंगाही, ढखेरवा, पढुआ, रकेहटी, सलीमाबाद, बम्हनपुर, झंडी समेत समूची तहसील को करीब 100 किलोमीटर दूरी पर शव को अतिरिक्त धन खर्च करके नहीं ले जाना पड़ेगा।

> पोस्टमार्टम हाउस कब तक शुरू होगा ये कह पाना मुश्किल है क्योंकि विभाग में स्टाफ की काफी कमी है जिसके चलते निघासन पोस्टमार्टम हाउस शुरू नही हो पा रहा है। यदि उच्चाधिकारी प्रयास करें तो इसे शुरू किया जा सकता है।
>
> पी.के रावत, सीएचसी अधीक्षक निघासन

### अक्षत पत्रक देकर अयोध्या के लिए कर रहे आमंत्रित

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** राम की नगरी अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने के लिए पूर्व एमएलसी हरि गोविंद सिंह के नेतृत्व में सिद्धेश्वर मंदिर से गाजे बाजे के साथ अच्छत पत्रक देकर सभी लोगों को सम्मिलित होने की शुभ बेला पर नगर पंचायत सिद्धौर में घर-घर व दुकानदारों के यहां जाकर दिया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाए ।इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सिद्धेश्वर मंदिर के महंत अनिल पुरी, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, दिनेश शर्मा, बृजेश कुमार सिंह, हनुमान प्रसाद वर्मा, पिंकू गुप्ता, रामप्रसाद वर्मा,श्रवण कुमार मिश्रा शाहिद तमाम भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।



### अयोध्या धाम पहुंचने के लिए घर-घर किया जा रहा जागरूक

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में स्थित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिन पर दीपावली मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य अनुसांगिक संगठनों द्वारा गांव गांव घंटा घड़ियाल बजाते हुए टोलियों के साथ घर-घर पहुंचकर लोगों को जागृत किया जा रहा है। इसी क्रम में आज अयोध्या धाम से आए पूंजित अक्षत एवं श्री राम दर्शन के लिए आए आमंत्रण पत्र को दौलतपुर ग्राम पंचायत में घर-घर अपनी टीम के साथ पहुंचे प्रखंड प्रमुख राहुल दीक्षित ने सभी से श्री राम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को अपने घरों के साथ आसपास के मंदिरों को भी दीप को एवं झालरों से सजाकर दीपावली मना कर भगवान राम के अभिनंदन का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ मोहित मिश्रा दीपचंद शर्मा धर्मेंद्र मिश्रा सहदेव मौर्य सोमिल शुक्ला सविता रावत रामराज बृजेश मिश्रा अंशु मिश्रा लंकेश मुक्कू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजू भैया बने हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी को हिंदी पत्रकार एशोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रीय पत्रकारों ने उम्मीद जताई है कि श्री द्विवेदी के अध्यक्ष चुने जाने से हिन्दी पत्रकारिता से जुड़े प्रतिनिधियों के मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

हर्ष व्यक्त करने वाले पत्रकारों में ओम प्रकाशमौर्य, रामानंद कनौजिया, मकरंद सिंह, उमा महेश त्रिवेदी, आशीष अवस्थी, सुधीर शर्मा, इदरीश, नितिन मौर्य, आशीष मौर्य, इदरीश, प्रदीप तिवारी (पट्टू),अंकित





मिश्रा आदि शामिल है। उल्लेखनीय है कि श्री द्विवेदी को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष सर्व सम्मति से चुने जाने की घोषणा यश भारती पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार मधुकर त्रिवेदी द्वारा चरन होटल लखनऊ में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में की गई। इस बैठक में बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे।

### ठंड से तड़प-तड़प कर मरा बेजुबान

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भारी ठंड व बीमारी से लाचार कंपकपा देने वाली सर्दी में एक बेजुबान गौवंशीय पशु की तड़प तड़प कर मौत हो गई।इनकी खैर खबर लेने वाला शायद कोई नही है।वही आज भी एक जानवर मोहल्ला बड़ापुरा की गलियो मे बुरी तरह से जख्मी हालत मे दिन भर झूम रहा है।मरे हुए गौवंशीय पशु को देर शाम नगर पंचायत कर्मियो द्वारा जेसीबी मशीन से उठा कर ले जाया गया।जानकारी के मुताबिक कस्बे के मोहल्ला अहिरान भुन्यारा वाली मंदिर के बगल,सनराइज स्कूल के सामने मैदान मे ठंड से तड़प तड़प कर एक बेजुबान गौवंशीय पशु ने अपनी जान गंवा दी।जिसका शव शाम तक वही पड़ा रहा।देर शाम नगर पंचायत कर्मियो ने जेसीबी मशीन से उसका शव उठाकर ले गये।

# डिवाइडर से टकराई कार, कई घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सीतामढ़ी बिहार से दिल्ली जा रही एक अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई ।जिसके चलते कार में सवार पारिवारिक सदस्य एवं रिश्तेदार घायल हो गए। लगभग आधा दर्जन घायलों में शामिल दो महिलाओं एवं एक बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी बिहार के थाना वेल्सन अंतर्गत मटकोल गांव निवासी जयदेव कुमार पत्नी मिंटो कुमारी 28,पुत्र हर्ष कुमार 6 व चिराग 5 वर्ष के अलावा रिश्तेदार नीलम देवी पत्नी रंजीत शाह 40 वर्ष निवासी पचनौर शिवहर, भांजे आलोक कुमार पुत्र कमलेश महतो 16 वर्ष निवासी विशंभरपुर शिवहर एवं अपने साले कौशल कुमार पुत्र रामनाथ महतो 30 वर्ष निवासी कूमा शिवहर के साथ अपनी अर्टिगा कार से दिल्ली जा रहे थे दोपहर बाद लगभग 2 बजे जब उनकी कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 42.600 किमी पर पहुंची तभी पीछे से आई एक अन्य कार ओवरटेक करने के बाद उनकी लेन में आ गई ओवरटेक करके सामने आई कार से बचने के चक्कर में अर्टिगा कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। कर के पलटते ही घायलों के चीखने चिल्लाने की आवाज़ें आने लगी। सूचना पाकर आनन फानन में पहुंची एक्सप्रेस वे की क्विक रिस्पांस टीम द्वारा एंबुलेंसो के सहारे घायलों को हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मिंटो कुमारी 28 नीलम देवी 40 एवं हर्ष कुमार 6 को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# रामनगर पीजी कालेज के प्रबंध समिति का फिर उठा विवाद

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष के ऊपर ग्रामीणों ने सरकारी धन में बंदर बांट करने के साथ नियम के विरुद्ध अध्यापक और कर्मचारियो को नियुक्त किये जाने का गंभीर आरोप लगाते हुये आधा दर्जन ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर जांच एंव कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

लोधेश्वर महादेवा के करीब आधा दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को दिये गये पत्र में कहा है कि महाविद्यालय के नियमानुसार अनुसार प्रबंध समिति के अध्यक्ष के पद पर मंदिर के महंत को नियुक्त होना चाहिए।लेकिन नियम कानून को दरकिनार कर पूर्व प्रधानाचार्य शिव प्रसाद शास्त्री ने अपने रिश्तेदार शारदा नंदपुरी को अध्यक्ष बनवा दिया।मठ मंदिर का मुकदमा सिविल कोर्ट बाराबंकी तथा उच्च न्यायालय लखनऊ में विचाराधीन है ।इसलिए मंदिर का कोई वैधानिक महंत नहीं है।इ सके बावजूद भी पूर्व प्रधानाचार्य ने साठ गांठ करके शारदा नंदपुरी को समिति का अध्यक्ष बनाकर अपनी पत्नी गायत्री देवी परिवार रिश्तेदारों को नौकरी दिलाकर सरकारी अमानत में खयानत करने का काम किया है।समिति के अध्यक्ष की बहन गायत्री देवी सहित परिवार और रिश्तेदारों की नियुक्ति कर दी गयी है। महा विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारियों की नियुक्ति में छात्र अनुपात का भी ध्यान नहीं दिया गया है।सरकार द्वारा विद्यालय भवन के रखरखाव मरम्मत तथा छात्रवृत्ति के लिए करोड़ों रुपये दिए गए हैं। जिनका भी कोई लेखा-जोखा नहीं है।

महाविद्यालय में मात्र चार से पांच कमरे हैं और छात्र संख्या भी बहुत कम है इसके बावजूद भी साथ गांठ कर फर्जी आंकड़े दर्शाकर महाविद्यालय की मान्यता प्राप्त करवा ली गई है। ग्रामीणों ने जनहित के मद्दे नजर जिलाधिकारी से विशेष टीम गठित कर संपूर्ण प्रकरण की जांच करवा कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# आलमनगर रेलवे स्टेशन का नाम बुद्धेश्वर धाम कराने का संकल्प

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रविवार को बुद्धेश्वर विकास महासभा द्वारा प्रदेश कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बुद्धेश्वर धाम मंदिर के प्राचीनतम स्वरूप से लेकर वर्तमान सौंदर्यीकरण तक किए गए संघर्ष प्रयासों पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं मुख्य संरक्षक राम शंकर राजपूत ने तमाम पदाधिकारियों की उपस्थिति में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया बुद्धेश्वर विकास महासभा पूरे प्रदेश में सामाजिक आर्थिक उत्थान हेतु अग्रसर है। विशेषकर राजधानी में सभी 110 वार्डों में संगठन सुदृढ़ करने की प्रक्रिया चल रही है। राम शंकर राजपूत ने महासभा द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत शीघ्र ही बुद्धेश्वर धाम कॉरिडोर एवं फ्लाईओवर के नीचे सौंदरीकरण पार्किंग व्यवस्था सभी के सहयोग से कराए जाने की बात कही। 10 जनवरी को प्रस्तावित स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सदस्य विधान परिषद रामचंद्र सिंह प्रधान पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू युवा नेता नीरज सिंह महापौर सुषमा खर्कवाल सहित तमाम माननीय अतिथियों को आमंत्रित किए जाने की जानकारी दी गई।

# राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

## चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे जवान, श्रीराम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा कमांडो के हवाले, तलाशी में जुटीं 15 टीमें

▸ स्टेट के अलावा केंद्र की एजेंसियों ने जिले में किया कैंप

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर देश विदेश की नजर टिकी हैं। 22 जनवरी को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। स्टेट एजेंसियों के अलावा केंद्र की एजेंसियों ने जिले में कैंप किया है। 15 टीमें छानबीन कर रही हैं।

श्रीराम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा कमांडो के हवाले किया गया है। रामनगरी में 30,000 जवान तैनात किए जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आईबी, एलआईयू, एटीएस, एसटीएफ मिलिट्री इंटेलिजेंस समेत सात सुरक्षा एजेंसियों ने प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व ही डेरा डाल दिया है। खुफिया जानकारी जुटा रही टीमों में एक डिप्टी एसपी, एक निरीक्षक व छह-छह सिपाही लगे हैं। इन्हें मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम समेत तमाम आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। अयोध्या में होने वाली गतिविधियों पर उनकी नजर है। फिदाइन हमले रोकने के लिए मंदिर के आसपास क्रैश रेटेड बोलार्ड लग रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों से आसपास के इलाकों की निगरानी होगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। पुलिस के रडार पर रहने वाले लोगों को इस दौरान अयोध्या में घुसने नहीं दिया जाएगा। पुलिस ने मय फोटो इनका डाटाबेस तैयार कर लिया है। इनकी गतिविधियों पर अभी से नजर रखी जा रही है। श्रीराम मंदिर की सुरक्षा को पहले से अब और चुस्त किया जा रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देशभर के विशिष्टजन शामिल होंगे। अयोध्या में बेहिसाब भीड़ उमड़ेगी। सुरक्षा पर सरकार का फोकस है। पुलिस की नजर खुराफातियों पर है जो भीड़ का लाभ उठाकर गड़बड़ कर सकते हैं। आसपास के जिलों के साथ ही प्रदेश भर से ऐसे लोगों की पहचान करके पूरी कुंडली पुलिस ने मंगवा ली है।

### हवाई अड्डे पर तैनात जवान आतंकी खतरों से निपटने में सक्षम

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की छठवीं वाहिनी को सौंपी गई है। जवान आतंकी खतरों से निपटने में सक्षम हैं। यहां तीन इंस्पेक्टर, 55 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी और 194 आरक्षी लगाए गए हैं। सुरक्षा बलों की संख्या 294 है। इन्हें वॉच टावर के साथ महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। स्क्रीन के जरिये पूरे एयरपोर्ट की निगरानी शुरू कर दी गई। बताया गया कि तैनाती के पहले जवानों को अपर पुलिस महानिदेशक एलवी एंटनी देव कुमार ने सुरक्षा के अहम बिंदु समझाए। इन्हें तीन माह का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है। एटीएस से आधुनिक हथियारों को चलाने का और यूपीएसडीआरएफसे आपदा से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पांच दिन का इंडक्शन कोर्स, 14 दिन का बेसिक कोर्स, पांच दिन का ऑन जॉब ट्रेनिंग, पांच दिवस का स्क्रीनर्स से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी मिला। रामनगरी को सेक्टरों में बांटा गया है। इसके लिए 100 डिप्टी एसपी, 300 निरीक्षक, 800 उपनिरीक्षक व 4500 मुख्य आरक्षी आरक्षी की मांग की गई है। 20 कंपनी पीएसी तैनात रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस प्रदेश सचिव सचान ने पीड़ित अभ्यर्थियों से की मुलाकात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 की सूची में शामिल अभ्यर्थियों की भूख हड़ताल धरना स्थल इको गार्डन गेट के बाहर 14वें दिन भी जारी है। रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव नीतम सचान धरना स्थल पहुंचकर अभ्यर्थियों से मुलाकात की और भूख हड़ताल समाप्त करने को कहा। लेकिन अभ्यर्थियों ने कहा जबतक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक भूख हड़ताल समाप्त नहीं नहीं करेंगे। सचान ने कहा कि भाजपा सरकार दलित, पिछड़े, आदिवासी समाज के साथ भेदभाव कर रही है। इतना ही नहीं उनके संवैधानिक अधिकारों को भी नहीं देना चाहती। धरना प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थीयों ने बताया की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया। कई बार आंदोलन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने मामले का संज्ञान लिया और विसंगति दूर करते हुए पीड़ित दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश अधिकारियों को दिया था, जिसके आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विसंगति को सुधारने के उपरांत 6800 दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का वादा करते हुए एक सूची जारी की लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका। सरकार इस मामले का त्वरित समाधान निकाले और सभी 6800 चयनित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का हक अधिकार देते हुए नियुक्ति करें। भूख हड़ताल पर देवेश वर्मा, आशुतोष पटेल, प्रमोद कुमार, आकाश कुमार, सुमित पाल बैठे हैं।

### डालीगंज में पांच सौ असहाय लोगों को बांटा गया कंबल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डालीगंज स्थित मोतीचंद्र की गद्दी परिसर में उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने शीत लहर से राहत देने के लिए मुख्यमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं के तहत डालीगंज निरालानगर वार्ड के अंतर्गत पांच सौ से अधिक वृद्ध, असहाय, जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी अंकित मिश्रा ने कहा कि शहर के सभी जगहों पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जा रहा है वही सदर नायब तहसीलदार सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में बढ़ती ठंड, शीत लहर से बचाव के लिए कंबल वितरण का काम असहाय जनों के लिए जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार, सतीश वर्मा, श्री माधव मंदिर महामंत्री अनुराग साहू, संदीप वर्मा, शैलेंद्र, नेमिश सोनी, अनिल अग्रवाल, योगेंद्र नाथ पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेडर्स के गेट का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी व सामान उड़ाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कस्बा निवासी चन्दन कुमार गुप्ता ने बताया उनकी गनपत ट्रेडर्स के नाम से हार्डवेयर के सामान की सिसेंडी गांव के बाईपास पर दुकान है, बीते शनिवार की रात वो दुकान बंद कर घर चले आये, देर रात बैखोफ चोरों ने दुकान के शटर के बगल लगा लोहे के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसकर दुकान के काउंटर का लांक तोड़कर उसमें रखी 15 हजार रूपये की नगदी समेत 50 हजार रूपये कीमत का हार्डवेयर का सामान चुरा ले गयें। रविवार की सुबह पड़ोसियो ने गेट का ताला टूटा देखा तो उन्हे चोरी की सूचना दी। जिसके बाद उन्होने मौके पर पहुंचकर सिसेंडी चौकी पुलिस को दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। जिसके बाद चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित दुकानदार चन्दन गुप्ता ने बताया पुलिस से लिखित शिकायत कर बैखोफ अज्ञात चोरों पर कार्यवाही की मांग की है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया शिकायत मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### प्रोफेसर से प्लॉट के नाम पर ठगी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव निवासी रिजवान खान ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया वो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है मोहनलालगंज में सिसेंडी-मौरांवा रोड के किनारे स्थित एक प्लाट का नूर मोहम्मद से 15 लाख रूपये में सौदा किया था,जिसके बाद नूरमोहम्मद के खाते में 2लाख 90हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये थे, जिसके बाद भी नूर मोहम्मद ने उक्त प्लाट की रजिस्ट्री करने को तैयार नहीं हुआ ओर अपने द्वारा प्लाट बेचने के सौदे से मुकर गया,वही बयाने के तौर पर दिये गये पैसे भी वापस नही कर रहा है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की शिकायत पर जालसाज के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत पैसे हड़पने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### पड़ोसियों ने मासूम बच्ची की पिटाई कर हाथ तोड़ा, केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के भावाखेड़ा गांव निवासी काजल ने बताया 24 दिसम्बर की शाम पांच बजे के करीब मासूम बेटी आरूषि घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोसी पिंटू, टिकू ने अपनी मां रजाना व बहन राखी के साथ मिलकर मासूम बेटी की लात घूसो से बुरी तरह पिटाई कर उसका हाथ तोड़कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### लाभार्थियों से आज वर्चुअली रूबरू होंगे पीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा में कल 8 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद करते हुए लाभार्थियों से जुडेगें। प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि सोमवार दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ चल रहे रथों से सीधे प्रसारण के माध्यम से वर्चुअल संवाद करेगें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान व जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ स्थानीय नागरिक भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संवाद से जुडेगें।

# अफसर जल्द निस्तारित करें शिकायतें

▸ सीएम योगी ने जनता दरबार में सुनी 200 लोगों की फरियाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर में है। रविवार को सीएम योगी ने गोरखपुर मंदिर में जनता दरबार लगाया। इस जनता दरबार में करीब 200 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। सीएम ने सभी की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि सबकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सब की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

बता दें कि सीएम योगी ने हमेशा की तरह इस बार भी गोरखपुर मंदिर में जनता दरबार लगाया। इस दौरान सीएम योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थनापत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ ने मारपीट के मामले में प्रभावी कार्रवाई की गुहार लगाई।

सीएम ने कहा कि किसी को भी घबराने की जरुरत नहीं है, सभी को न्याय मिलेगा। सीएम ने इन सभी मामलों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी दशा में न छोड़े जाएं। उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देगी और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। वहीं, सीएम ने कहा कि किसी भी मामले में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों व श्रमिकों का हित सर्वोपरि : केशव

गांवों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखें अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसान व श्रमिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए विकास व निर्माण कार्यों को अमली जामा पहनाया जाय। कहा है कि विकास कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। मनरेगा कार्यों पर पैनी नजर रखी जाय। ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी गांवों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को परखें। विकास की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाय। विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। फील्ड में खण्ड विकास अधिकारियों के निरीक्षण का दायरा बढ़ा दिया गया है। खण्ड विकास अधिकारी अब महीने में कम से कम 20 कार्यों का निरीक्षण करेंगे, इसके पहले कम से कम 15 कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश थे। मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन से निरीक्षण किए जाने हेतु नवीन लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारियों को इस एप्लीकेशन पर निर्धारित बिन्दुओं पर निरीक्षण स्थल से रिपोर्ट देना होता है। मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण, पारदर्शिता को लेकर संवेदनशीलता बरतते हुये निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया जा रहा् है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और कहीं कोई दिक्कत न आने पाये, फील्ड में अधिकारियों का जाना आवश्यक है। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के नवीन लक्ष्य के अनुसार कार्यवाही करें। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल से लेकर अब तक पूरे प्रदेश में खंड विकास अधिकारियों के द्वारा एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से एक लाख से अधिक निरीक्षण किए जा चुके हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जी.एस प्रियदर्शी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अफसरों को निर्देशित किया कि मनरेगा योजना के कार्यों की निगरानी निर्धारित दिशा-निर्देशो के अनुरूप करें।

# होटल के पांचवें तल पर और स्टील कारखाने के बेसमेंट में लगी आग

समृद्धि न्यूज

▸ फायर कर्मियों ने 45 मिनट में आग पर पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को दो अलग-अलग इलाके में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। हजरतगंज स्थित सप्रू मार्ग पर बने होटल के पांचवें तल पर आग लगी। जहां पर फंसे पांच लोगों को फायर कर्मियों की मदद से कुशल बचाया गया। वहीं दूसरी तरफ इंदिरा नगर स्थित स्टील कारखाने के बेसमेंट में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने स्टील कारखाने के बेसमेंट में लगी आग को बुझा लिया और कोई भी जनहानि नहीं हुई।

हजरतगंज एक सप्रू मार्ग पर बने पर्यटन विभाग के बने होटल गोमती में आग लग गई। यह आग करीब 1.00 बजे लगी। होटल कर्मचारी गंगाधर तिवारी का कहना है कि आग लगने की सूचना पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आई थी और करीब आधा दर्जन से ज्यादा होटल के कर्मचारियों की मदद से आग पर 35 मिनट में काबू पा लिया गया। आग बुझाने में किसी भी जनहानि या जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह से होटल के पांचवे तल पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग लगने की सूचना से पांचवें तल पर मौजूद करीब पांच लोग डर गए। जिनको फायर ब्रिगेड कर्मियों के द्वारा सकुशल रेस्क्यू करके निकल गया। इंदिरा नगर इलाके के खुर्रम नगर चंद्रकला टावर में स्टील कारखाने में आग लग गई सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची। स्टील कारखाने के बेसमेंट में लगी आग विकराल हुई। स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास किया घनी आबादी में चल रहे अवैध कारखाने में लगी आग की वजह से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का आरोप है बिना किसी परमिशन के आकर खाना चल रहा है आग लगने के बाद कोई भी फायर उपकरण उनके कारखाने में नहीं उपलब्ध था फायर कर्मियों को मौके से घरेलू सिलेंडर भी मिले हैं। फिलहाल बेसमेंट में लगी आग पर फायर कर्मियों ने 45 मिनट में काबू पा लिया। दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थी।

# कैंट में नो योर आर्मी-फेस्टिवल में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ छावनी में नो योर आर्मी फेस्टिवल आज एक भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हो गया। 5 जनवरी को शुरू हुए इस तीन दिवसीय महोत्सव हर वर्ग के लोग उपस्थित रहे। यहां कई अन्य आकर्षणों के अलावा सैन्य हथियारों और उपकरणों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन को देखने लोग आए। यह उत्सव विशेष रूप से स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच लोकप्रिय था, जो भारतीय सेना की शक्ति को देखने के लिए हजारों की संख्या में आए थे और उन्हें सशस्त्र बलों में विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में अधिक जानने का अवसर भी मिला।

इस दौरान सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, सूर्या कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और कई वरिष्ठ सैन्य और नागरिक गणमान्य व्यक्तियों ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर खुकरी नृत्य, कलारीपयट्टू, सैन्य बैंड, सैन्य डॉग शो सहित शानदार आकर्षण जैसे हॉट एयर बैलूनिंग और रॉक क्लाइम्बिंग आदि जैसे अन्य प्रदर्शन शामिल थे। इस अवसर पर, आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजा सुब्रमणि ने नो योर आर्मी फेस्टिवल जबरदस्त भागीदारी के लिए नागरिकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने के साथ भारतीय सेना परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और नो योर आर्मी फेस्टिवल में प्रदर्शित उपकरण और हथियार इस परिवर्तन को दर्शाते हैं। आर्मी कमांडर ने उत्सव के आयोजन में शामिल भारतीय सेना की विभिन्न इकाइयों और रेजिमेंटों की भी सराहना की। उन्होंने सूचनात्मक स्टॉल लगाने के लिए भारतीय वायु सेना, जोनल भर्ती कार्यालय, एनसीसी, जिला सैनिक बोर्ड और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। आर्मी कमांडर ने कार्यक्रम के आयोजन को सुविधाजनक बनाने में समर्थन के लिए नागरिक प्रशासन को भी धन्यवाद दिया। सूर्या कमान की ओर से, आर्मी कमांडर ने लखनऊ के लोगों को सेना दिवस 2024 समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया।

### उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में बीपीएड-योग शिक्षकों को भरने के लिए सीएम को पत्र

**लखनऊ।** संयुक्त युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर उच्च प्राथमिक 46000 बीपीएड शिक्षक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 5000 योग शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति का मुद्दा उठाया है। संयुक्त युवा मोर्चा केंद्रीय टीम सदस्य एवं युवा मंच प्रदेश संयोजक राजेश सचान की ओर से प्रेषित पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के संज्ञान में लाया गया है कि 2014 में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष ने सदन में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बीपीएड शिक्षकों की नियुक्ति का मुद्दा उठाया था, जिसमें उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 31दिसं 2014 को हुई बैठक में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 46000 बीपीएड शिक्षकों के पदों को सृजित कर 31जनवरी 2015 तक विज्ञापन प्रकाशित किए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसके अलावा 2022 में सरकार गठन के उपरांत अशासकीय व राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 5000 योग शिक्षकों के भर्ती हेतु प्रक्रिया शुरू की गई थी परन्तु इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की आपत्तियां दर्ज कराने के बाद आज तक फाईल ठंडे बस्ते में है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक ने बांटे कंबल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील प्रशासन द्वारा रविवार को सत्य शिव रिसार्ट में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व विशिष्ट अतिथि विधायक अमरेश कुमार रावत ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित की गई योजनाओं की जानकारी देते हुए 600 के करीब गरीबों व दिव्यांगों को कंबल बांटे। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल गये।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने अपने सम्बोधन मे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के कल्याण के लिए जीजान से काम रहे हैं. सामंती सोच वाले राजनीतिक दलों को यह हजम नहीं हो रहा है कि गरीब और पिछड़े परिवार के एक बेटे मोदी ने प्रधानमंत्री बनकर निरूस्वार्थ भाव से किसान, गरीब, नौजवान, दलित, पिछड़े और महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया है।'' उन्होंने कहा, ''ये दल मोदी का विरोध कर गरीबों और देश की जनता का विरोध कर रहे हैं।''देश के हर वर्ग के लोगो को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ये बात भी विपक्ष को हजम नही हो रही। वही पाकिस्तान के लोग भी कहने लगे है कि भारत के मोदी जैसा काम करने वाला नेता पाकिस्तान में भी चाहिए।केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सभी से अपील करते हुये 22 जनवरी को जब अयोध्या में प्रभु राम भव्य मंदिर में विराजमान हो तो अपने-अपने घरो में भी आप सभी श्री राम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं।उन्होने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो से शराब, गुटखा, सिगरेट समेत सभी नशों को छोड़ने की अपील भी की। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व तहसीलदार आनन्द तिवारी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर एसीपी राधा रमण सिंह, नायाब तहसीलदार भानु त्रिपाठी, अनुपम वर्मा, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जनसुनवाई शिविर में समस्याओं का हुआ समाधान

**लखनऊ।** सरोजनीनगर से विधायक राजेश्वर सिंह अपनी विधानसभा को देश की सर्वोत्तम विधानसभा बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहतें हैं, वे तमाम योजनाओं को धरातल पर लाने के साथ क्षेत्रवासियों की हर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, इसी संकल्पों को पूरा करने के लिए विधायक राजेश्वर द्वारा पिछले 55 सप्ताह से साप्ताहिक तौर पर क्षेत्र के अलग-अलग गाँव में संचालित आपका विधायक आपके द्वार सरोजनीनगर वासियों के लिए वरदान बन चुकी है, संवाद, समाधान और सम्मान के संकल्पों के साथ 55वां आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर ग्राम सभा सदरौना में आयोजित हुआ। जहाँ बड़ी संख्या में आये ग्रामीणों से राजेश्वर सिंह की टीम ने सहज संवाद कर उनकी समस्याओं को सूना और सभी समस्याओं के त्वरित व यथोचित निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके अलावा गांव की शान में मेधावियों का सम्मान, सदरौना के ग्रामीणों को कंबल, इन सभी अनूठी पहल के माध्यम से हर वर्ग को सम्मानित व प्रोत्साहित भी किया गया।

**जयंती कार्यक्रम** — विस अध्यक्ष शहीद चंद्रशेखर आजाद की 118वीं जयंती पर आयोजित बदरका मेले में हुए शामिल

# युवा वर्ग को आजाद से लेनी चाहिए प्रेरणा : सतीश महाना

▸ बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक पर दी प्रस्तुतियां

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/उन्नाव।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 118वीं जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय बदरका मेले में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा एवं राज्य सभा सांसद डॉ. अशोक बाजपेयी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आजाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नवनिर्मित आजाद स्मारक/पुस्तकालय भवन का फीता काटकर लोकार्पण/शुभारम्भ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम आल्हा गायन, बच्चों के देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य, नाटक, स्वागत गीत आदि अनेक प्रस्तुतियां दी गयीं।

विधानसभा अध्यक्ष ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के कालजयी पुरोधा शहीद-ए-वतन चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद ने अपना सर्वोच्च बलिदान कर ग्राम बदरका एवं जनपद उन्नाव का नाम देश व पूरी दुनिया में रोशन किया है। आज के युवा वर्ग को भी आजाद के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। देश को आगे बढ़ाने में तन-मन से सहयोग करना ही आजाद के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

आजाद ने भारत वासियों को अंग्रेजों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। बलिदानियों की श्रेणी में आजाद का नाम सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने कहा कि अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के लिए आजाद पूरे देश के लिए आदरणीय हैं। हम सभी लोग जिन्होंने इस बैसवारा की धरती पर जन्म लिया है, वे परम सौभाग्यशाली हैं। समाज व देशहित के लिए आजाद ने जो कुर्बानी दी है, उसके लिए हम सब लोग ऋणी रहेंगे। यह एक ऐसा ऋण है जिससे उऋण नहीं हो सकते हैं बल्कि हम और आप अपने आचरण व व्यवहार, श्रद्धा एवं समर्पण से समाज व अपने देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ . दिनेश शर्मा एवं डॉ. अशोक बाजपेयी ने आजाद को श्रृद्धान्जलि देते हुए उनके जीवन के अनछुए पहलुओं के बारे में उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी। सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज, स्थानीय विधायक आशुतोष शुक्ला एवं विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर ने भी सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से जन सामान्य को परिचित कराया और कहा कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी लगायी गयी है जो लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं, वे इस प्रदर्शनी के माध्यम से लाभान्वित हो सकते हैं।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नम्रता सिंह, क्षेत्राधिकारी माया राय, कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला, मेला समिति के पदाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

### पांच जोनों की सफाई, कूड़ा कलेक्शन के लिए संस्था को अनुमति

**लखनऊ।** डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, शहर की सफाई लिए चुनी गई संस्था को आज महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने अनुमति पत्र देकर काम शुरू करने निर्देश दिए। निविदादाता चेन्नई एमएसडब्लू प्राइवेट लिमिटेड को पैकेज एक में जोन एक, चार और सात तथा पैकेज तीन में जोन तीन और छह में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सफाई व्यवस्था इसके परिवहन की जिम्मेदारी दी गई है। निगम से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि उक्त संस्था आवंटित जोनों की सीमा के समस्त घरों और प्रतिष्ठानों से गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्रित करेंगे। एकत्रित कूड़े को निगम के निर्देशानुसार शिवरी प्लांट तक पहुचाना होगा। आवंटित जोनों की सड़क और नालियों की सफाई के उपरान्त डस्ट और सिल्ट का समय पर परिवहन कर उसे भी शोधन प्लांट पर पहुंचाना होगा।



मोहित यादव व चन्द्रजीत यादव एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा/महासचिव बार एसोसिएशन छिबरामऊ जनपद कन्नौज ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव एडवोकेट को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

# वित्तीय प्रबंधन वर्कशॉप से छात्रों को मिलेगा रोजगार : उमेश






गोंडा, समृद्धि न्यूज।

वित्तीय प्रबंधन की ट्रेनिंग हेतु एन आई एस एम द्वारा आयोजित कार्यशाला से छात्रों को वित्तीय क्षेत्र में रोज़गार के अवसर उपलब्ध होंगे। उक्त विचार श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्रबंध समिति के सचिव उमेश शाह ने विज्ञान परिसर में दो दिवसीय सेबी की कार्यशाला के समापन के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

ज्ञातव्य हो कि श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के विज्ञान परिसर 5/6 जनवरी 2024 को स्श्वक्क्ष्ठ (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड )की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन महाविद्यालय प्रबंधतंत्र की सम्मानित उपाध्यक्षा वर्षा सिंह, सचिव श्री शाह, सदस्य , रवि चंद्र त्रिपाठी व प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार द्वारा किया गया।वाराणासी से आये एन आई एस एम के ट्रेनर दीपक कुमार व मोनी शाहू को अंगवस्त्र व मिमेंटो देकर प्रबन्ध तंत्र के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो. रविंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया! संपन्न हुई दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र का संचालन करते हुए संयोजक प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में बी.बी.ए.,बी.सी.ए,बी. कॉम.,बी.ए. पंचम सेमेस्टर तथा एम .काम व एम.ए. के 150 चयनित छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।इस दो दिवसीय कार्यशाला में विशेशकर प्रतिभूति बाजार, निवेश,खाता खोलने की प्रक्रिया, म्युचुअल फंड्स और एक्सचेंज ट्रेड फंड्स ,प्रतिभूति बाजार में शिकायत व निराकरण के साथ साथ इस क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं के बारे में ट्रेनिंग दी गई।

प्रतिभागी छात्र/ छात्राओं को एक क्विज प्रतियोगिता के पश्चात सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। दो दिवसीय कार्यशाला को सफल बनाने में प्रो. बीपी सिंह, प्रो.अभय श्रीवास्तव बी.बी.ए. विभागाध्यक्ष डॉ शैलजा सिंह, बी सी ए विभागाध्यक्ष डॉ अभय द्विवेदी,डॉ स्मृति शिशिर, प्रतिभा सिंह, संदीप शाही सहित विज्ञान परिसर के प्राध्यापक व कर्मचारियों अपना संपूर्ण योगदान दिया।

# गोण्डा के लाल ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में बनायी जगह

> सबसे कम उम्र में सम्मानित होने वाले व्यक्ति बने सर्वेश पाठक

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

गोंडा जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के विद्यानगर निवासी भारतीय जनता पार्टी अनुषंगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक को वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड लंदन के कार्यालय में सम्मानित किया गया है।सम्मान मिलने पर लोगों में खुशी है।लखनऊ में रहकर सर्वेश पाठक समाजसेवा का कार्य करते हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता के रूप में मंडल से लेकर विभाग प्रमुख के पदों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कार्य करते हुए कार्य कुशलता को देखते हुए



संगठन ने बड़ी जिम्मेदारियां देते हुए बजरंग दल के कमिश्नरी पद के लिए चयन किया।वही सर्वेश पाठक भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में जिला मंत्री से लेकर राष्ट्रीय मंत्री स्टडी सर्किल युवा मोर्चा भारतीय श्रमिक कामगार कर्माचारी महासंघ में राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिल गई। जनहित विषयों को उठाना राज्य से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंच कर उनको न्याय दिलाने के साथ युवाओं को टोली बनाकर हर मुसीबत से निपटने के लिए नई-नई योजनाओं पर चर्चा करके कार्य करने का फल मिला है।

बेहतर कार्य और श्रमिकों के लिए किए गए अच्छे कार्य को देखते हुए उन्हें शनिवार को वर्ड बुक ऑफ लंदन के कार्यालय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष संतोष शुक्ला ने सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि मुझे बहुत गर्व है कि आज मैं सबसे कम उम्र के व्यक्ति को सम्मानित कर रहा हूं।उनके सम्मान मिलने पर प्रदेश व जिले के लोगों ने हर्ष जताया है।

# पुलिस अधीक्षक ने रिश्वतखोर थाना अध्यक्ष एवं सिपाही को किया लाइन हाजिर

इटियाथोक/गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पासपोर्ट में रिपोर्ट लगवाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले थानाध्यक्ष और सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया।विभागीय जांच के आदेश दिए। बीते दिनों एसपी कार्यालय में उपस्थित होकर एक युवक द्वारा पासपोर्ट में रिपोर्ट लगवाने के नाम पर रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पूरे मामले में सीओ सदर को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे।दरअसल इटियाथोक थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक द्वारा पासपोर्ट बनवाने को लेकर आवेदन किया गया था और



पासपोर्ट में रिपोर्ट लगाने के लिए थाने पर भेजा गया था। जहां इटियाथोक थानाध्यक्ष अरुण कुमार त्रिगुनायक एवं सिपाही कमलेश कुमार द्वारा पासपोर्ट रिपोर्ट लगाने में हिला हवाली बरती जा रही थी।बार-बार पीड़ित युवक को फोन करके थाना बुलाकर एक हजार रुपए के रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने जब रिश्वत देने से मना किया तो थानाध्यक्ष और सिपाही ने पासपोर्ट में रिपोर्ट लगाने से इनकार करते हुए थाने से वापस कर दिया था। परेशान होकर की पीड़ित युवक ने गोंडा एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी से मिलकर मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी।शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने सीओ सदर शिल्पा वर्मा को पूरे मामले में जांच दी। सीओ द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने इटियाथोक थानाध्यक्ष अरुण कुमार त्रिगुनायक और सिपाही कमलेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। विभागीय जांच के आदेश दिए।एसपी ने विनीत जायसवाल ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस लाइन में अपनी आमद करा ली गई है।



## घर-घर वितरित किया अमृत अक्षत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। अयोध्या में भव्य श्रीराम लाल जन्मभूमि नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर अयोध्या से आया पूजित पीला चावल का अक्षत निमंत्रण प्रभु राम का चित्र और पत्रक घर-घर देने के लिए पं शिव कुमार शास्त्री के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ गांव गांव घर-घर लोगों के यहां जाकर अक्षत निमंत्रण व प्रभु राम का चित्र और पत्रक दिया गया।और जय श्री राम के नारे भी लगा रहे हैं और लोगों को बता रहे है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घर के पास के मंदिर में भजन कीर्तन शाम के समय दीपावली मनाएं। मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट द्वारा राम जानकी मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम श्री सीताराम महायज्ञ 18 जनवरी से 22 जनवरी तक चलेगा और कलश यात्रा 18 जनवरी निकाला जाएगा और कथा शाम 5ः00 बजे से रात की 9ः00 बजे तक चलेगा एवं भंडारा 22 तारीख को किया जाएगा इस मौके पर अक्षत वितरण कर रहे कार्यकर्ता पंडित शिवकुमार शास्त्री, राजकुमार वेदांती, उमानाथ तिवारी, विपिन तिवारी, राजेश मिश्रा कृष्ण मोहन तिवारी, सौरभ तिवारी, दद्दन तिवारी, में नानबच्चा तिवारी, पारसनाथ तिवारी, शुभम तिवारी, दिनेश, विवेक, आदि लोग रहे मौजूद।

# आजादी के कई दशक बाद भी परसौना डीहा गांव में नहीं बनी सड़क, आवागमन दूभर

कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

केंद्र व प्रदेश सरकार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों,गांवो को सड़क से जोड़ने के दावे की हकीकत से रूबरू होना हो तो स्थानीय तहसील के कटरा बाजार क्षेत्र के परसौना डीहा गांव चले आइए। जहां आजादी के 76 साल बाद भी लोग सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और ग्रामीणों को आने-जाने के लिए रास्ता नहीं है। बता दें कि कितनी ही सरकारें आईं और गईं,लेकिन जनप्रतिनिधि सिर्फ यहां के निवासियों को महज वोट की मशीन की तरह ही इस्तेमाल करते रहे और हर बार वादा किया लेकिन निभाया नहीं गया।

कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम परसौना डीहा में गांव के चारों ओर रास्ता न

> बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी भी नहीं पहुंच पाती



होने से त्रस्त करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में सामूहिक रूप से अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता बनवाने की मांग की है। माधवराज पाण्डेय पुत्र हरीशंकर आदि ने प्रार्थना पत्र दिया है,जिसमें कहा गया है कि परसौना डीहा में करीब तीन सौ की आबादी है। घर से आने जाने के लिए कोई रास्ता नही है। खेत के मेड़ से आवागमन होता था,उस पर भी कंटीला तार लग गया है जिससे रास्ता पूर्ण रूप से बंद हो गया है। ग्रामीणों ने बताया की रास्ता न होने के कारण गांव के बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी भी नही पहुंच पाती है और ना ही कोई हमारे गांव में शादी करना चाहता है।समस्या से त्रस्त लोगों ने सड़क बनवाने के लिए अधिकारियों से मांग की है। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने जांच कराकर समस्या के निराकरण के लिए आश्वासन दिया है।

## खबरें एक नजर में

### लायंस क्लब गोंडा सेवा ने अनाथ नौनिहालों को बांटा दूध




गोंडा, समृद्धि न्यूज। पोर्टरगंज में संचालित बाल अनाथालय में हर माह वहां पल रहे नौनिहालों के लिए लैक्टोजेन दूध उपलब्ध कराने का संकल्प करने के लिए लायंस क्लब गोंडा सेवा प्रयासरत है। जिस क्रम में शनिवार को शाम 3ः30 बजे लायंस क्लब गोंडा सेवा के अध्यक्ष लायन चंद्रकेश मिश्रा, वरिष्ठ लायन सदस्य राजकुमार जायसवाल व अजीत सिंह सलूजा आदि बाल अनाथालय पहुंचकर वहां के संचालक उपेंद्र श्रीवास्तव से मिलकर पल रहे दूधमुहे बच्चों हेतु 10 पैकेट लैक्टोजेन दूध भेंट करते हुए यह भी कहा कि हमारा प्रयास होगा कि हर माह हमारे क्लब की ओर से यह सहयोग आपके संस्था को मिलता रहे: यही नहीं इसी अनाथालय में पिछले वर्ष लायंस क्लब गोंडा सेवा की ओर से एक गीजर भी दान स्वरूप लगवाया गया था। बताते चलें कि इस बाल अनाथालय में देवीपाटन मंडल के चारों जिले के ऐसे बच्चे जिन्हें नारकीय जीवन जीने के लिए किसी कारणवश इधर-उधर उनके मां-बाप छोड़ आते हैं या जिन बच्चों के कोई वारिसान नहीं होते हैं और इधर-उधर लोग उनसे बाल श्रम भी करवाने को मजबूर करते हैं। ऐसे बच्चों को इस संस्था में सरकार के कार्यदायी संस्था द्वारा अभियान चला कर लाया जाता है। जिनका यह यह संस्था मां-बाप से भी ज्यादा ख्याल करते हुए उनकी शिक्षा, दीक्षा, उनके रहन-सहन व तौर तरीके पर पूरा ध्यान रखती है।

### साखू की लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज। जिले के धानेपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन जनवरी को क्षेत्र के शिवदयाल खरिहा पोखरा के पास से एक पिकअप पर लदी बेशकीमती साखू की लकड़ी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। लेकिन जिला मुख्यालय के कुछ पत्रकारों को इसकी भनक लगी तो मामला पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंच गया जिस पर दस बोटा लकड़ी व 75 हजार रूपए नगदी बरामदगी दिखाते हुए गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय भेज दिया गया वही धानेपुर थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि साखू की लकड़ी को पिकअप में लादकर धानेपुर थाना क्षेत्र से ले जाया जा रहा है। इस पर उपनिरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने अपने हमराही सिपाहियों व वन विभाग की टीम ने धानेपुर थाना क्षेत्र के शिवदयाल खरिहा पोखरा के पास घेराबंदी कर दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से पिकअप में दस बोटा साखू की बेशकीमती लकड़ी बरामद हुई। इसके साथ ही रेहरा के रहने वाले दिनेश शुक्ला को भी गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से 75 हजार रुपए भी बरामद किए गए। हालांकि, पिकअप चालक व दिनेश शुक्ला के खिलाफ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया।

### सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा में जरूरतमंदों को बांटे गए कम्बल



बहराइच, समृद्धि न्यूज। भारत नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रूपईडीहा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा गरीबों जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य नबी अहमद के सौजन्य से यह कम्बल वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सभी सभासद के सहित क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय रहे। तथा विशिष्ट अतिथि डॉ आनन्द गोंड़, क्षेत्रीय विधायक रामनिवास वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तौसीफ अहमद एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य रहे। लगभग दो सौ से अधिक गरीबों को कम्बल वितरित किए गए। कम्बल पाकर बुजुर्गों महिलाओं गरीबों के चेहरे खिल उठे।

# 2024 लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया बनेगा मुख्य आयाम : बृजेश पाण्डेय

> युवा मोर्चा ने शिविर लगाकर हजारों लोगों को डाउनलोड कराया नमो ऐप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा रुपईडीहा मंडल में शिविर लगाकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे नमो ऐप अभियान के अंतर्गत लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराया। साथ ही उन्हें भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं नीतियों से भी अवगत कराया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि डॉ आनंद गोंड एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर



वैश्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आयी जिसका श्रेय मुख्य रूप से सोशल मीडिया को जाता है।

उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा जन-जन तक अपनी पहचान बनाते हुए लोगों को अपने विचारों से जोड़ने का कार्य कर रही है। बृजेश पाण्डेय ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया को अपने मुख्य हथियार के रूप में उपयोग करेगी इसी योजना योजना के अंतर्गत लाखों युवाओं को नमो ऐप के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। आज का युवा कल का भविष्य है अतः हमें अपने भविष्य को मजबूत दिशा प्रदान करनी होगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवसागर गौतम, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा सभी मंडल महामंत्री, मंडल उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवराज सिंह सहित सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्सव की करो तैयारी आ रहे अवध बिहारी





> श्रीधाम अयोध्या जी में पूजित अक्षत वितरित कर दिया जा रहा आमंत्रण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बच्चा बच्चा राम का और प्राण प्रतिष्ठा के काम का वंदे मातरम जय श्री राम जय बजरंगी जय हनुमान के जय घोष के साथ राम भक्तों की टोली घर-घर पहुंच कर समूचे जनपद में श्रीधाम अयोध्या में पूजित अक्षत एवं प्रभु श्री राम मंदिर का चित्र घर-घर जाकर वितरण कर रहे हैं। जनपद में लगातार सैकड़ो टोलियां नगर व ग्रामों में पूरे भक्ति भाव से घर-घर जाकर लोगों को पूजित अक्षत प्रदान कर रहे हैं। श्री धाम अयोध्या में पूजित अक्षत पाकर जहां लोग भाव विभोर हो रहे हैं वहीं टोलियों में शामिल कार्यकर्ताओं से जय श्री राम का उद्घोष कर उनका उत्साह वर्धन भी कर रहे हैं। इस क्रम में रविवार को सभी खण्डों के बस्तियों व चार सौ से अधिक ग्रामों में पूजित अक्षत व पत्रक का वितरण किया गया। खंड पयागपुर की कुल 72 ग्राम सभाओं में श्री राम जन्मभूमि अयोध्याधाम से आये पूजित अक्षत के वितरण का कार्य घर-घर कराया जा रहा है। और अक्षत वितरण का कार्य लगभग अपने अंतिम चरण में है इन ग्राम सभाओं में अक्षत वितरण का कार्य कुल 24 टोलियों के द्वारा वितरित किया जा रहा है। जिसमें 19 टोलियां पुरुष की और 5 टोलियां मातृ शक्तियों की इस पावन पुनीत कार्य में अपना योगदान कर रही हैं।इस अवसर पर सहजिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राकेश कुमार,खण्ड कार्यवाह अशोक,गंगा समग्र से विनय,पवन,शिव श्याम, जयकृष्ण,प्रवीण, सन्तोष सहित कई रामभक्त उपस्थित रहे।

# पैदल जा रहे सफाई कर्मी को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ गोंडा मार्ग जरवल रोड बस स्टॉप पर ट्रक की टक्कर से जरवल टाउन में तैनात एक सफाई कर्मी की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर जरवल रोड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लेकर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जरवलरोड थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बंभौरा निवासी राजू वाल्मीकि (50) पुत्र कासिम निवासी जरवल नगर पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर तैनात थे। रविवार सुबह वह ड्यूटी के लिए

> ड्यूटी पर जा रहा सफाईकर्मी सड़क पार करते समय ट्रक ने मारी टक्कर



बस स्टैंड पैदल जा रहे थे। लखनऊ गोंडा मार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र के बस स्टॉप के पास ट्रक ने सफाई कर्मी को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक सुबह 5ः30 बजे पप्पू सिंह के मकान के पास चाय का ठेला लगता है। वहां चाय पीकर जरवल टाउन ड्यूटी जा रहा था। सड़क पार करते समय गोंडा से लखनऊ की तरफ ट्रक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से राजू की मौके पर मौत हो गई।

सूचना पर जरवल रोड थाने के उप निरीक्षक राणा राज सिंह, उपनिरीक्षक लव कुमार, कांस्टेबल दिग्विजय यादव और अंकित पाल सिंह ने पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लेकर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव ने बताया कि लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दस वाहन सीज, आठ का काटा चालान

> प्रशासन ने अवैध खनन पर की बड़ी कार्रवाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में हो रहे अवैध खनन पर अंकुश के लिए बड़ी कार्रवाई हुई है। 10 वाहनों को जिला खनन अधिकारी की ओर से सीज किया गया है। जबकि आठ का तगड़े जुर्माने के साथ चालान काटा गया है।जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध बालू खनन धड़ल्ले से हो रही है। इसको लेकर क्षेत्र के लोग डीएम मोनिका रानी और जिला खनन अधिकारी से शिकायत करते हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी और अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की।

जिला खनन अधिकारी ने बताया कि शनिवार से लेकर एक जनवरी तक 10 वाहन सीज किए गए हैं। इनके विरुद्ध संबंधित थाने में केस दर्ज कराया गया है। जबकि आठ वाहनों का चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि सीज वाहनों में ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक और डंपर शामिल है। इसकी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई है।

## उपभोक्ताओं के लाखों रुपए से खेल डाला आईपीएल सट्टा

बहराइच, समृद्धि न्यूज। सीतापुर की एक कंपनी की ओर से जिले में संचालित एटीएम में रुपए डालने के लिए नगदी भेजा जाता है। इस नकदी को एटीएम में डालने के बजाय दो कर्मचारियों ने आईपीएल सट्टा खेल लिया और रुपए हार गए। जांच में खुलासा होने पर मैनेजर ने दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है।सीतापुर में सीएमएस इन्फोसिस्टम लिमिटेड कंपनी का संचालन होता है। इस कंपनी के द्वारा जिले में संचालित एटीएम में नगदी कैश डाला जाता है। कंपनी के मैनेजर अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा को शिकायती पत्र देकर कहा है कि शहर के कोतवाली देहात के सूफीपुरा जजेज कॉलोनी निवासी विनय तिवारी पुत्र भगवान प्रसाद और कोतवाली नगर के मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी महेश कुमार पुत्र आदित्य प्रसाद उसके कंपनी में कस्टोडियन के पद पर तैनात थे।इन कर्मचारियों की ओर से जिले के विभिन्न बैंक द्वारा संचालित एटीएम में नकदी रुपए डाला जाता है। मैनेजर का कहना है कि 745550 रूपये उन्हें एटीएम में डालने के लिए दिया गया। लेकिन कर्मचारियों ने एटीएम से रुपए निकाल कर आईपीएल में सट्टा लगा दिया। आईपीएल सट्टा में सभी लाखों रुपए हार गए। इसकी जानकारी होने पर चार अप्रैल 2023 से आठ अप्रैल के मध्य अंकित शुक्ला से जांच कराई गई। जांच में पुष्टि होने पर मैनेजर ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया है। जांच में पुष्टि होने के बाद भी रुपए वापस नहीं दिया जा रहा है।

*इन एटीएम में डालना था रुपए :-* सीतापुर जनपद के गुमराह मऊ बांग्ला पोस्ट ऑफिस का मैनेजर अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शहर के पानी टंकी और अस्पताल चौराहा स्थित एक्सिस बैंक, डिगिहा स्थित आईसीआईसी बैंक के एटीएम में पैसा डालना था। जिसमें सभी ने सट्टा खेल लिया। इसकी जानकारी दूसरे सहयोगी को भी थी।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं लैलतुन बेगम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वालंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सशक्त नारी के लिए सम्मान व समाज में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए एक मिसाल बन चुकी लैलतुन बेगम के जज्बे को सलाम है। जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुर्मियाना में अनुदेशक के पद पर कार्यरत लैलतुन शिक्षा के क्षेत्र में बालिका शिक्षा के लिए समर्पित है। शिक्षिका प्रतिदिन 28 किलोमीटर की दूरी तय कर बच्चों को पढ़ाने के लिए जाती है। मोतीपुर तहसील क्षेत्र के गोपिया निवासी लैलतुन बेगम अनुदेशक-शिक्षिका है। लैलतुन बेगम अपने निज निवास स्थान गोपिया से प्रतिदिन 28 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने विद्यालय साइकिल से पहुंचती है। वह साइकिल चलाकर सरयू नहर पार करते हुए अपने कार्य स्थल उच्च प्राथमिक विद्यालय




कुर्मियांना पहुंचती है, जहां वह वर्तमान में शिक्षण कार्य कर रही हैं। लैलतुन का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद उनके पिता अब्दुल अलीम चुन्ना कुरैशी के अथक प्रयासों से उन्होंने परास्नातक तक शिक्षा प्राप्त किया है तथा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से डीएलएड प्रशिक्षण भी लिया है। उच्च शिक्षा ग्रहण करने में लैलतुन बेगम को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। इसलिए वह अपने घर व विद्यालय के आसपास की स्कूली शिक्षा छोड़ने वाली तमाम बालिकाओं को पुनः प्रेरित कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य निरंतर कर रही है, इनके प्रयास से विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में दबी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत गोपिया निवासिनी लैलतुन बेगम मिहींपुरवा ब्लॉक के भगवानपुर कुर्मियाना स्थित परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अंशकालिक अनुदेशक पद पर कार्यरत हैं जहां वह शिक्षण कार्य के साथ साथ बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल दे रही हैं।

> **बालिका शिक्षा को दे रही बढ़ावा**
> गोपिया गांव निवासी अनुदेशक वह पिछले 10 वर्षों से परिषदीय विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रही हैं और बेटियों में शिक्षा की अलख जगा रही हैं।
> अनुदेशक ने बताया कि गांव के लोग बालिकाओं को घर बैठाने के बजाए शिक्षा जरूर ग्रहण कराएं। मालूम हो कि इस समय अवकाश होने के चलते अनुदेशक अपने ससुराल में हैं।

# बहराइच से पैदल अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए इंजीनियर दंपति

> पयागपुर में पहुंचने पर नगरवासियों ने किया जोरदार स्वागत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के रायपुर राजा निवासी इंजीनियर दंपती अपने बच्चों के साथ अयोध्या दर्शन के लिए पैदल रवाना हुए हैं। इंजीनियर दंपती का जगह जगह लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

जिले के रायपुर राजा छोटी बेरिया निवासी आर्किटेक्ट प्राची श्रीवास्तव, इंजीनियर पति पुष्कर पांडेय पुत्री प्रणिका, और आदित्य के साथ रविवार की सुबह 4 बजे छोटी



बेरिया माता मंदिर पुलिस लाइन से अयोध्या श्रीधाम के लिए पैदल प्रस्थान किया। भगवान श्रीराम के प्रति असीम श्रद्धा रखने वाले इंजीनियर दम्पति का कहना है कि दशकों बाद यह सुअवसर आया है कि अयोध्या श्रीधाम के भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहें है। इस सुखद घड़ी का साक्षी बनने हम पैदल यात्रा पर निकले है।हाथों में भगवान श्रीराम की मूर्ति छपे भगवा झंडा लिए युगल दम्पती जय श्रीराम का उदघोष करते 11 बजे पयागपुर स्थित पैतौरा चौराहा पर पहुँचे, जहां भूपगंज बाजार के युवा दानेंद्र शर्मा, पप्पू तिवारी, गोविंद बिहारी शुक्ल,अतुल केडिया, पंकज कसेरा, लालिन्दर शर्मा, आनन्द शुक्ला सहित दर्जनों लोगों ने फूल मालाओं के साथ राम नाम वस्त्र आदि भेंटकर उनका स्वागत किया।

आर्किटेक्ट दंपती ने बताया की उनकी यात्रा सोमवार सुबह श्री अयोध्या धाम पहुंचेगी, जहां राम मंदिर व हनुमानगढ़ी दर्शन कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए ठहरेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य ऐसे लोगों को जगरूक करना है जो कहते हमें समय नहीं मिल पा रहा है। इंजीनियर दम्पती का कहना है कि अपने आराध्य के लिए समय न निकाल सकें तो मानव जीवन व्यर्थ है।

## कुछ अनुभवहीन के भरोसे चल रहे है थाने, लोगों की जगी आस अब बदलेंगे हालात

# ...अगर फरियादी पहुंचे एसपी ऑफिस, तो थानेदार होंगे वापिस

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- सख्त और रिजर्व रहने वाले पुलिस अधीक्षक हैं अभिषेक अग्रवाल
- ललितपुर, सिद्धार्थ नगर जैसे जिले गवाह हैं बेहतर पुलिसिंग के



सूबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ समाज की स्थापना करना चाहते हैं ईमानदारी के साथ करें समाज में उन्हें किसी प्रकार का कोई उपाय न करो और शायद उतारने का काम अभिषेक अग्रवाल करेंगे। क्योंकि इनके द्वारा ग्रहण करने के साथ ही सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे हैं।

शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही जनसुनवाई की। दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित थानाध्यक्ष को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने से पुलिस कार्यालय फरियादी पहुंचे तो थानाध्यक्ष की भूमिका की जांच होगी। उनके द्वारा रायबरेली में भी बेहतर पुलिसिंग करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि फरियादियों को न्याय मिले, उनकी यही प्राथमिकता है। प्रयास यही रहे कि उन्हें थाने पर ही न्याय मिल जाए। उन्हें न्याय पाने के लिए दौड़भाग न करनी पड़े। अगर कोई फरियादी यहां तक पहुंचता है तो इसके बारे में जानकारी ली जाएगी। अगर संबंधित थानाध्यक्ष की लापरवाही मिली तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां पर तैनात रहे पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी का बदायूं तबादला हो गया है।

### बदलाव के साथ नजर आएगी रायबरेली पुलिस

नए एसपी ने पुलिस महकमे में बदलाव के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा कि अपराध कंट्रोल करने के लिए पुलिस टीम को और सक्रिय किया जाएगा। कार्य के प्रति मनमाना रवैया अपनाने वाले थानेदारों को चिह्नित कर उन्हें हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक पुलिसिंग की क्या स्थिति रही, किस तरह का अपराध ज्यादा हुआ और किन थानेदारों का रवैया ठीक नहीं रहा, इस पर जानकारी जुटाई जाएगी।

### अपराध के ग्राफ में गुरबक्शगंज थाना सबसे आगे

बीती रात गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक घर को चोरों ने अपना निशाना बना लिया घर के अंदर घुसकर लाखों का माल पर कर दिया। मामला गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के नगदिल पुर गांव का है जहां बीती रात बेखौफ चोरों ने अवसान के घर में छत के सहारे घुसकर अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया सुबह जागने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई पीड़ित के मुताबिक दो लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# पैसों का लालच देकर चल रहा था धर्म परिवर्तन का खेल



- पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लेकर दर्ज किया मुकदमा

खीरों, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के बेहटा सातनपुर में रविवार को चल रहे धर्म परिवर्तन की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर ईसाई धर्म सभा में मौजूद लोगों से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि पैसे का लालच देकर जबरन उन लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।

कार्यकर्ताओं की सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की। जिसमें पुलिस चार लोगों को दोषी मानते हुए थाने पहुंचाया गया। खीरों पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बेहटा सातनपुर निवासी पुष्पराज पुत्र इन्द्र कुमार ने खीरों थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को मेरे गांव के ही निवासी रामप्रकाश पुत्र साहबदीन के घर पर ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा चल रही थी। जिसमें मेरे गांव के अलावा खीरों, हरीपुर मिरदहा सहित कई गांवों के महिला पुरुष और बच्चे शामिल थे। मैंने भाजपा के ब्लाक स्तरीय पदाधिकारी अजय कुमार उर्फ गुड्डू नाती के साथ रामप्रकाश के घर पर पहुंचकर वीडियोग्राफी की। तभी ईसाई धर्म प्रार्थना सभा में शामिल लोगों ने बताया कि उन्हें पैसे का लालच देकर बेहटा सातनपुर निवासी मनोज कुमार कुशवाहा पुत्र गौरीशंकर, रामप्रकाश पुत्र गुरुदीन, शंकर बक्स खेड़ा मजरे सगुनी निवासी प्रदीप कुमार लोधी पुत्र और उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव जयसिंह खेड़ा मजरे लोटना निवासी देशराज रैदास पुत्र शीतल द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर चार नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज बस की टक्कर से बाईक सवार घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में हुआ सड़क हादसा तेज रफ्तार सरकारी रोडवेज बस में बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर बस की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से हुआ घायल वहीं घटना के बाद बस चालक मौके से बस छोड़कर हुआ फरार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के डिग्री कॉलेज चौराहे के पास का है जहां तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से आ रहे बाइक सवार युवक अजय कुमार पुत्र सुखदेव उम्र 40 वर्ष निवासी राजकीय कॉलोनी को जोरदार टक्कर मार दी बस की टक्कर से अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये वहीं वहां से गुजर रहे ट्रैफिक के सिपाहियों द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया वहीं टक्कर मारने के बाद बस चालक मौके से बस छोड़कर फरार हो गया।

### युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की चौकी थुलेडी अंतर्गत उस समय हड़कंप मच गया जब 22 वर्षीय युवक ने अपने घर के आंगन में फंदे से झूलकर जीवन लीला की समाप्त। मिली जानकारी के अनुसार सचिन 22 वर्ष पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम उमरपुर ने संधिग्ध परिस्थितियों में घर के आंगन में छज्जे से धोती का फंदा डालकर फांसी लगा ली । माता पिता दोनों घर के बाहर थे मां ने आने पर जब आवाज लगाई तो किसी प्रकार की हलचल नहीं हुई मां ने पीछे से जाकर देखा तो वह आंगन में फंदे से झूल रहा था यह देख मां रोने लगी रोने की आवाज पर पड़ोसी घटना की तरफ भागे मां ने पिता को सूचना दी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर बछरावां थानाध्यक्ष बृजेंद्र शर्मा व चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा अपने सिपाहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पिता ने बताया कि मैं घर से बाहर था और मृतक की मां मनरेगा में मजदूरी करने गई हुई थी घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था।हमारा किसी कोई विवाद नहीं था। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर घटनास्थल पर पहुंचकर विधिक कार्यवाही कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों मे एक की हुई मौत बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसनपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवकों को गंभीर चोटें आई आसपास के लोगों द्वारा उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया तो दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया शिवगढ़ थाना क्षेत्र निवासी सोहनलाल उम्र 22 वर्ष निवासी पलिया कला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं बाइक पर बैठे दो अन्य युवक संदीप पुत्र श्री राम व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है । मृतक का शव पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है विधिक कार्रवाई जारी।

### सूचना पट के अभाव से दुर्घटना में चार गंभीर घायल

**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड के ग्राम विशुनपुर के निकट छतिग्रस्त पुलिया का पुनः निर्माण कार्य चल रहा है , संबंधित जिम्मेदारों द्वारा पुलिया को पूरी तरह तोड़ दिया गया है वही बीच रोड पर इसके संबंध में कोई सूचना पट वा कुछ भी अवरोध भी नही लगाया गया जिस वजह से बीती रात चार लोग 20 फिट गहरी खाई में गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये। राहुल कुमार पुत्र सूरज निवासी पस्तौर वा प्रदीप मिश्र पुत्र सुरेंद्र मिश्र निवासी विशुनपुर बाइक से घर वापस जा रहे थे, निर्माणाधीन पुलिया के निकट रोड पर पड़ी गिट्टी में उनकी बाइक फिसली और वह दोनों बाइक सहित खाई में जा गिरे, वही दूसरी दुर्घटना में उदित और अशोक को मामूली चोंटे आयी थी, गंभीर घायल राहुल वा प्रदीप को बछरावां सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### हत्या के मामले में एसआईटी ने परिजनों के लिए बयान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के युवक का 24 नवंबर को घर से पचास मीटर दूर किशोरी के अधबने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका शव मिला था। परिजनो ने पिता-पुत्री पर हत्या करने का आरोप लगाया गया था। पिता पुत्री पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आईजी ने एसआईटी (स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम) के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक परिजनों के बयान दर्ज किए। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी रामप्रसाद रावत के लड़के दीपक (22) का पड़ोसी सजातीय किशोरी के अधबने कमरे में 24 नवंबर को शव लटका मिला था। मृतक के पिता ने किशोरी व उसके पिता पर हत्या का आरोप लगाकर प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस की ओर से कार्यवाही न होते देख मृतक के पिता ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी और प्रार्थनापत्र दिया था। न्यायालय ने डीजीपी को तलब कर पिता-पुत्री पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए थे व एसआईटी टीम से जॉच रिपोर्ट मांगी थी। 05 जनवरी 2024 को घटनास्थल पर आईजी तरूण गाबा, हरदोई एडिशनल एसपी नृपेन्द्र सिंह, रायबरेली सीओ शेषमणि उपाध्याय सहित एसआईटी टीम के इंस्पेक्टर इंद्रपाल सेंगर, जितेंद्र कुमार, दरोगा सदाकत हुसैन ने जांच कर घटनास्थल को देखा था। वहीं आज न्यायालय के निर्देशानुसार शव को निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जिसमें उपजिलाधिकारी नवीन चन्द्र व पुलिसबल मौजूद रहा।

# रामभक्तों के उत्साह और रामधुन के आगे बेअसर हुई कड़ाके की ठंड

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



- घर घर पहुंचाया जा रहा पूजित अक्षत और पत्रक विकासखंडों में पूजित अक्षत कलशयात्रा
- 22 जनवरी हर घर दिवाली मनाने का किया जा रहा आह्वान

जिले के विकासखंडों के गांव और कस्बों मे अयोध्या धाम से आया पूजित अक्षत कलशयात्रा यात्रा गाजे-बाजे के साथ राम दरबार की झांकी के साथ निकाली जा रहीं गांवों कस्बों में संघ के स्वयंसेवक सुबह ही सीता राम जयराम जय-जय राम सिद्ध मंत्र का उच्च स्वर में कीर्तन करते हुए घर घर पूजित अक्षत दे कर 22जनवरी प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण घर में देखने और दीपावली मनाने का आग्रह करतें हैं संघ के अमित ने बताया स्वयंसेवक सुबह शाखा के बाद घरों में अक्षत देते हुए दीपावली मनाने का आग्रह कर रहें हैं इस अभियान में समाज के सभी सामाजिक व धार्मिक संगठन उत्साह के साथ लगे हैं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह का कहना है सम्पूर्ण देश राममय हो चुका है महिला बच्चे बूढ़े विद्यार्थी नवजनो ने कलशयात्रा व कस्बों में प्रभातफेरी अक्षत वितरण में तन्मयता के साथ भाग लें रहे हैं विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद ने बताया विभिन्न धार्मिक संगठन सामाजिक संगठन भी ऐतिहासिक क्षण को भव्य बनाने में अभियान में लगे हैं मठ मन्दिर देवालयों में 22 तारीख को पूजा अर्चना दीपावली मनाने के लिए साधू संत तैयारी कर रहे है सलोन, नसीराबाद, नगर रायबरेली ,संताव ,हरचंदपुर, लालगंज बछरावां ,जगतपुर, उचाहार, में माताओं बहनों द्वारा पीले परिधान अक्षत कलशयात्रा निकाला, भक्ति मय उत्साह को कड़के की ठंड और बारिश कम न करके भक्ति भाव और बढ़ाया है। संघ के ऊधम जयसवाल ने बताया रायबरेली में ग्राम सभा, न्याय पंचायत, ब्लाक ,और नगर के बस्तियों में विभिन्न श्रेणियों की टोलियां बनाकर अक्षत वितरण 15जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है अक्षय वितरण अभियान में गयन्दू सिंह, धनंजय पाण्डे रामगोपाल त्रिपाठी, अनन्त व अजय पाण्डे अक्षत पत्रक आपूर्ति का दायित्व निभा रहे है।

# पूर्व विधायक को मिला श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

- राम मंदिर निर्माण के लिए 1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपए का दिया था दान

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या धाम में आयोजित होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए विशेष विशिष्ट आमंत्रण पत्र दानवीर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह जी को रायबरेली जनपद में सर्वप्रथम प्राप्त हुआ है ढ्ढ कल देर शाम पूर्व विधायक के लखनऊ स्थित आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख श्री प्रशांत भाटिया ने पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह जी को विशेष विशिष्ट आमंत्रण पत्र प्रदान किया ढ्ढ मालूम हो कि श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को धन संग्रह अभियान के पहले ही दिन 15 जनवरी 2021 को श्री सिंह ने 1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपए की धनराशि का चेक अपने पूर्वजों की स्मृति में तेजगांव स्थित आवास पर प्रदान किया था ढ्ढ उसके बाद श्री सिंह ने लगभग 30 लख रुपए का सहयोग भी राम भक्तों से एकत्रित कर दिया था ढ्ढ श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र प्राप्त होने पर श्री सिंह ने कहा कि श्री राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, प्रभु श्री राम जो हम सबके रोम -रोम में बसे हैं, हम सबके ईस्ट व आराध्य है ढ्ढ उन्होंने ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री राम मंदिर अयोध्या धाम के इस भव्य महोत्सव में वह जरूर शामिल होंगे जो उनके जीवन का अविस्मरणीय पल होगा।

### स्वयं सेवकों ने घर-घर बांटे पूजित अक्षत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान निरन्तर जारी है। पूजित अक्षत पाकर लोगों में प्रसन्नता है। रविवार को नगर के कई मोहल्लों में आरएसएस के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत बांटे। पूजित अक्षत वितरण अभियान कार्यक्रम के तहत घर-घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने का आग्रह किया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को नगर के नेहरू नगर, साकेतपुरी, ऋषिनगर आदि मोहल्लों आरएसएस, विहिप, भाजपा के पदाधिकारी पहुंचे। जहां सभी ने पूजित अक्षत घर-घर बांटे। इसके साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का आग्रह किया। जहां कार्यकर्ता जय श्रीराम का जयघोष कर कार्यकर्ता अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के माध्यम से भक्तों को अवगत करा रहे हैं। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। इस मौके पर भूपेन्द्र, आकाश, प्रकाश, अंजनी अग्निहोत्री, रमेश तिवारी, विनय गुप्ता, अजय बाजपेयी, श्यामू मिश्रा, सुरेश, संदीप सिंह, सर्वेश, अरविंद पांडे, शिव प्रकाश, अवधराज सिंह समेत तमाम हिन्दू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जानवरों को विद्यालय में बंदकर किसानों ने किया हंगामा

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



- आवारा गोवंश का कुछ तो करो सरकार, किसान हो रहा बर्बाद और भविष्य का बंटाधार
- आवारा पशुओ को घेर कर किसानों ने इंटर कॉलेज के खेल मैदान में किया बंद

आवारा पशुओं से तंग आकर किसानों ने श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज के खेल मैदान को गौशाला बना दिया है और सैकड़ो पशुओं को पकड़ कर उसमें बंद कर दिया है। इसके पूर्व भी 30 दिसंबर को किसानों ने सैकड़ो जानवरों को खेल मैदान में बंद कर दिया था।उस समय अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि घूम रहे मवेशियों की व्यवस्था की जाएगी और गौशाला भेजे जाएंगे लेकिन कोई कार्यवाही होते ना देख किसानों ने फिर से जानवरों को घेर कर खेल मैदान में बंद कर दिया है।

क्रीड़ा स्थल में पशुओं के बंद कर दिए जाने की सूचना फैलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया है।ऐहार क्षेत्र के किसान रोहित शुक्ला निक्कू शुक्ला अमरेश वर्मा रिंकू मिश्रा अखिलेश पांडे चेतन कुमार पुष्पेंद्र कुमार विशु कुमार और उत्तम मिश्रा आदि ने बताया कि पिछले कई महीनो से आवारा पशु उनके खेतों को भारी नुकसान पहुंचा रहे है।सरकारी अधिकारियों से कई बार पशुओं से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई लेकिन अधिकारियों ने अनसुना कर दिया जिसके कारण हम लोगों ने खेतों से घेर कर एक सैकड़ा से अधिक आवारा पशुओं को इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बंद कर दिया है। किसानों का कहना है कि भले ही योगी सरकार ने गौशालाओं की व्यवस्था की है लेकिन स्थानीय सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते गौशाला पूरी तरह से फेल हो गई हैं,किसान आवारा पशुओं से बुरी तरह पीड़ित है। रात-रात भर जाड़े में किसानों को अपने खेतों को जानवरों से बचने के लिए जागना पड़ रहा है। किसान ठंढक में बीमार भी हो रहे हैं लेकिन कोई भी सुनने वाला नहीं है।अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या करता है।

वास्तव में आवारा पशुओं से जहां किसान तो परेशान है ही वही आए दिन सड़कों में दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। वही मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय पटेल ने कहा कि खेल मैदान में बंद किए गए जानवरों को कैली और डलमऊ की गौशाला में भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

# राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गरीबों को बांटे कंबल

- कांग्रेस पार्टी पर जमकर बरसे राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




कांग्रेस पार्टी ने केवल जनता को छलने का कार्य किया है इसीलिए जनता ने कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह से उखाड़ फेंका रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी को फुर्सत ही नहीं है कि वह रायबरेली की जनता का दुख दर्द बांट सके यह उद्गार आज महराजगंज ब्लॉक परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व्यक्त कर रहे थे कबल वितरण कार्यक्रम में पहुंचे राज्य मंत्री ने आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की सांसद सोनिया गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा आने वाले लोकसभा के चुनाव में एक बार फिर मोदी के ही नेतृत्व में देश आगे बढ़ेगा जनता ने मन बना लिया है कि एक बार फिर मोदी सरकार। महराजगंज ब्लॉक परिसर में पहुंचे राज्य मंत्री ने ब्लॉक में आने वाली 53 ग्राम पंचायतों के असहाय गरीब एवं बेबस जिनको ठंड में कंबल की अधिक जरूरत है राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उन लोगों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम राजितराम गुप्ता सीओ यदुवेन्द्र पाल कोतवाल बालेंदु गौतम एडीओ सतीश चतुर्वेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह सुरेंद्र दाढ़ी जिला मंत्री भाजपा शरद सिंह ग्राम प्रधान केशव चौधरी ग्राम प्रधान उमेश कुमार कुन्नू ग्राम प्रधान गंगासागर पांडे प्रधान सुनील मौर्य प्रधान संतलाल लोधी भगवानदीन फौजी ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र शुक्ला ग्राम विकास अधिकारी वैभव मिश्रा आई एसबी धनेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डाकतार कालोनी निवासी एक युवती की शादी कानपुर महाराजपुर क्षेत्र में हुई थी।

शादी के बाद से लेखपाल पति समेत ससुरालीजन दहेज में दस लाख रुपये की मांग करने लगे न देने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डाकतार कॉलोनी निवासी विश्वनाथ निषाद की बेटी स्वाति की शादी महाराजपुर थाना क्षेत्र के जाने गांव निवासी गुलाब निषाद के बेटे अंबुज निषाद के साथ 10 फरवरी 2022 को हुई थी।

स्वाति ने बताया कि उसका पति लेखपाल है। शादी के समय पिता ने दहेज में लग्जरी कार समेत दहेज का अन्य सामान और लाखों की नकदी दी थी। इसके बावजूद ससुरालीजन उससे दस लाख रुपये का अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। न देने पर उसे मारा-पीटा और घर से निकाल दिया। जिसपर वह मायके में रहने ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति अंबुज, ससुर गुलाब, सास सत्यवती व ननंद नीलम के खिलाफदहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज की है।

# गरीबों व मरीजों में शॉल, फल, बिस्कुट एवं मीठा बांट कर मनाई मां की पुण्यतिथि

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



समाज सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है अपने सेवा कार्यों से निर्धन के चेहरे पर मुस्कान लाना जरूरतमंदों एवं असाहयों की मदद करना ही सबसे बड़ी समाज सेवा होती है इन्हीं भावों एवं अपनी माताजी की प्रेरणा से प्रेरित होकर पत्रकार बृजेंद्र कुमार ने कड़ाके की पड़ रही इस ठंड में गरीबों व मरीजों की सेवा करने के भाव से अपनी स्वर्गीय माता संपत्ति देवी पत्नी स्वर्गीय हरिशंकर की 17वीं पूण्य तिथि के अवसर पर पारिवारिक जनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचकर वहां पर भर्ती मरीजों एवं मौजूद गरीबों में शॉल फल बिस्किट मीठा आदि का वितरण किया पत्रकार के बड़े भाई सुशील कुमार ने बताया कि वह यह कार्य पिछले कई वर्षों से माता जी की प्रेरणा एवं पारिवारिक जनों के सहयोग से करते आ रहे हैं उन्होंने कहा कि समाज सेवा एक पुण्य कार्य है करके देखो अच्छा लगता है बड़े भाई सुधीर जयसवाल ने कहा कि हम सभी पारिवारिक जन अपनी स्वर्गीय माताजी की पुण्यतिथि पर गरीबों व मरीजों की सेवा करने का छोटा सा प्रयास करते हैं ऐसा कर हम पारिवारिक जनों को परम सुख की प्राप्ति होती है इस मौके पर सुशील कुमार संगीता जायसवाल सुधीर कुमार बृजेंद्र कुमार जुगुल किशोर भूपेंद्र कुमार राजेंद्र कुमार सुनील कुमार प्रिंशू जायसवाल प्रशांत शर्मा एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# सीएमपीएस में सनातन ब्राह्मण समाज समिति की बैठक संपन्न



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

ब्राह्मणों को एकजुट करने और नवयुवकों को संस्कारित करने के उद्देश्य से रविवार को सनातन ब्राह्मण समाज समिति शाखा उसुरू की मीटिंग चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज आजाद नगर लालगंज में संपन्न हुई है।बैठक की अध्यक्षता राधा रमण त्रिपाठी ने की ।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष दीप प्रकाश शुक्ला ने सनातन ब्राह्मण समाज समिति के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण ही समाज को उचित राह दिखाने का कार्य करते हैं। ब्राह्मणों के ऊपर सब की निगाह रहती है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि ब्राह्मणों को एकजुट रखते हुए संस्कार वान बनाया जाये। उन्होंने सभी से हर तरह की बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि व्यापक चर्चा के बाद संगठन के युवा प्रकोष्ठ का गठन हुआ जिसमें अन्जनेय बाजपेई को अध्यक्ष और शिव प्रकाश चतुर्वेदी सिकंदरपुर उन्नाव निवासी को महामंत्री मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राकेश शुक्ला, सतीश मिश्रा, विजय तिवारी, कमलाकांत शुक्ला, करुणा शंकर तिवारी, सधन प्रसाद मिश्रा ,राम गोपाल शुक्ला आदि संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शिवगढ़,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



विकास क्षेत्र शिवगढ़ के ग्राम पंचायत रायपुर नेरूवा के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में पहुंचे खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अतिथियों का ग्राम प्रधान रतिपाल रावत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं शासन स्तर से गठित ग्राम स्तरीय समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विभाग के शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गौरतलब हो की रविवार को विकास क्षेत्र शिवगढ़ की ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पहुंचे खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ साबिर अनवर एवं सभी अन्य अतिथियों का ग्राम प्रधान रतिपाल रावत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं शासन स्तर से गठित ग्राम स्तरीय समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विभाग स्टॉल लगाकर शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जानकारी दी साथ ही शासन स्तर से चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा उनकी जुबानी उनकी कहानी से ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए कार्यक्रम का सफल संचालन राजकीय कृषि रक्षा इकाई शिवगढ़ के प्रभारी दिलीप सोनी ने किया वहीं कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों के डांस ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया।

## एमएसपी गारंटी दे सरकार

एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सरकार की खरीद नीति का विश्लेषण जरूरी हो गया है, क्योंकि इन दोनों से, एक हद तक, कुछ खास फसलों को ही फायदा है। ये नीतियां बाजार में विकृतियां पैदा कर रही हैं। तेल के बीज और दालों के किसानों को दो स्तरों पर नीतिगत भेदभाव झेलना पड़ रहा है। उनके एमएसपी कागजों पर ही लिखे हैं, जबकि धान, गेहूं और गन्ने के साथ ऐसा नहीं है। इन फसलों को या तो सरकार प्रत्यक्ष तौर पर खरीदती है अथवा गन्ने के लिए चीनी मिलों को भुगतान करने को बाध्य करती है। राजस्थान में सरसों करीब 5000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बेचा जा रहा है और महाराष्ट्र में चने के दाम 4700 रुपए प्रति क्विंटल हैं। नीतिगत भेदभाव यह है कि सरसों का एमएसपी 5650 रुपए और चने का 5440 रुपए प्रति क्विंटल है। किसानों के लिए गारंटीशुदा एमएसपी और फसलों के घोषित मूल्य पर उनकी खरीद के दोनों मुद्दे अनंत और प्राचीन लगते हैं, क्योंकि बीते 50 साल में किसी भी सरकार ने इनके नीतिगत समाधान की सार्थक कोशिश नहीं की है। मौजूदा सरकार से अंतिम अपेक्षा इसलिए है, क्योंकि लोकसभा चुनाव मात्र तीन माह दूर ही हैं। किसान आंदोलन जब खत्म हुआ था, तब सरकार ने एक विशेष समिति का गठन किया था। उसमें कुछ कथित किसानों को भी रखा गया था। एमएसपी के मुद्दे पर उसने क्या विमर्श किया और किस बिंदु तक पहुंची है, इसका कोई भी खुलासा देश के सामने नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन चार महत्वपूर्ण जातीय वर्गों की घोषणा की थी, किसान उनमें एक हैं। भारत सरकार के विज्ञापन आजकल खूब प्रसारित कराए जा रहे हैं कि कितने करोड़ किसानों को 'सम्मान राशि' के तौर पर कितने लाख करोड़ रुपए आवंटित किए जा चुके हैं। जिन फसलों का आज हम उल्लेख कर रहे हैं, वे खेतों में हैं और दो माह की अवधि में ही उन्हें बाजार में बेचना अनिवार्य है। दूसरा बिंदु आयात का है। गेहूं, मिलों के चावल और चीनी की आयात-दरें बहुत ज्यादा हैं। सोयाबीन और सूरजमुखी सरीखे खाद्य-तेलों की आयात-दर शून्य है। ऐसा ही अधिकतर दालों के संदर्भ में है। गेहूं और धान के उत्पादन में भारत विश्व के अग्रणी देशों में है। चीनी उत्पादन में भी हम विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। यदि सरकार फसलों के एमएसपी को कानूनन सुनिश्चित करा दे और एमएसपी पर खरीद के दायरे में अधिक किसान और 23 से अधिक फसलें लाई जाएं, तो किसानों की आमदनी का मुद्दा बहुत हद तक हल किया जा सकता है। किसान इतना कर्जदार भी नहीं रहेगा। अब भी किसान पर औसतन कर्ज करीब 75,000 रुपए का है, जबकि केंद्र और राज्य सरकारें कर्ज माफी के दावे करती रही हैं। बहरहाल कृषि का इतना परिदृश्य जरूर बदला है कि दालों का आयात काफी कम हुआ है, लेकिन खाद्य-तेलों का आयात बढ़ाना पड़ा है। चूंकि मोदी सरकार ने फसल उत्पादक समर्थक से उपभोक्ता समर्थक की नीति बदली है, नतीजतन आयात फिर बढ़ता दिख रहा है। विभिन्न सरकारी विभाग एमएसपी और खरीद नीति को लेकर अपनी चिंताएं और सरोकार जताते रहते हैं, लेकिन यह वाकई आश्चर्यजनक है कि एमएसपी आज तक तय क्यों नहीं किया जा सका।

## सीट बंटवारे की राह में बड़ी बाधा बनी पीएम पद की उम्मीदवारी

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिला लिया। इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का इंतजार किए बगैर ही समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इलेक्शन की तैयारी कर रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर बड़ा दावा कर दिया। अखिलेश यादव के मुताबिक अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें जीतेगा। पूर्व सीएम ने ये भी कहा कि 80 सीटें जीतकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करना है। सपा अध्यक्ष के बयान से जाहिर है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। कांग्रेस को अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन देशभर में बीजेपी से मुकाबला करेगा। बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। इससे जाहिर है कि ममता ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग का मुगालता नहीं पाले। इस पर भी कांग्रेस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कांग्रेस के लिए बिहार में भी सीट शेयरिंग के दरवाजे आसानी से खुलने की संभावना नहीं है। ममता और अखिलेश की तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी इस बात के समर्थक रहे हैं कि जिन राज्यों में जिन दलों का प्रभाव है, अर्थात पिछले लोकसभा चुनाव में जिस दल की सीटें जितनी हैं, उस हिसाब से सीट शेयरिंग की जाए। ऐसे में बिहार में कांग्रेस के लिए तालमेल बिठाना मुश्किल है। कमोबेश यही स्थिति अरविन्द केजरीवाल की पार्टी आप की है। केजरीवाल भी कांग्रेस को दिल्ली और पंजाब से बाहर रखना चाहते हैं।

**योगेंद्र योगी**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकों के बावजूद सीटों के तालमेल और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का मुद्दा उलझने से लोकसभा चुनाव में भाजपा से मजबूती से संयुक्त रूप से मुकाबला करने पर संशय बना हुआ है। गठबंधन के दल अपनी सुविधा के हिसाब से चुनावी गणित लगा रहे हैं। क्षेत्रीय दल राज्यों के हिसाब से सीटों की दावेदारी जता रहे हैं। कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीतीं थीं लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया।

महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर पार्टी सीटों की बड़ी हिस्सेदारी चाहती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना की 23 सीटों की मांग काफी ज्यादा है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी की 23 संसदीय सीटों की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर सकती है, लेकिन वे उनका क्या करेंगे? शिवसेना के नेता चले गए हैं, जिससे संकट पैदा हो गया है। उम्मीदवारों की कमी शिवसेना के लिए एक समस्या है। वर्ष 2019 में अविभाजित शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा थी।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिला लिया। इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का इंतजार किए बगैर ही समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इलेक्शन की तैयारी कर रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर बड़ा दावा कर दिया। अखिलेश यादव के मुताबिक अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें जीतेगा। पूर्व सीएम ने ये भी कहा कि 80 सीटें जीतकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करना है। सपा अध्यक्ष के बयान से जाहिर है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। अर्थात कांग्रेस को अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है। लेकिन यह निश्चित है कि अखिलेश यादव आसानी से कांग्रेस से सीट शेयरिंग करने को तैयार नहीं होंगे। दरअसल कांग्रेस नहीं चाहती कि बैठक में कोई ठोस निर्णय से पहले किसी तरह की जल्दबाजी करे। ऐसे में विपक्ष की एकता के बिखराव का ठीकरा कांग्रेस के सिर फूटेगा। इसी से कांग्रेस फिलहाल बचना चाहती है। सीट शेयरिंग का मुद्दा इंडिया गठबंधन के लिए सुलझाना आसान नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन देशभर में बीजेपी से मुकाबला करेगा। बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। इससे जाहिर है कि ममता ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग का मुगालता नहीं पाले। इस पर भी कांग्रेस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कांग्रेस के लिए बिहार में भी सीट शेयरिंग के दरवाजे आसानी से खुलने की संभावना नहीं है। ममता और अखिलेश की तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी इस बात के समर्थक रहे हैं कि जिन राज्यों में जिन दलों का प्रभाव है, अर्थात पिछले लोकसभा चुनाव में जिस दल की सीटें जितनी हैं, उस हिसाब से सीट शेयरिंग की जाए। ऐसे में बिहार में कांग्रेस के लिए तालमेल बिठाना मुश्किल है। कमोबेश यही स्थिति अरविन्द केजरीवाल की पार्टी आप की है। केजरीवाल भी कांग्रेस को दिल्ली और पंजाब से बाहर रखना चाहते हैं। केजरीवाल की पार्टी के अन्य नेता इस बात के संकेत दे चुके हैं, यदि समझौता हुआ भी तो कांग्रेस के हिस्से में नाममात्र की सीटे ही आएंगी। सीट शेयरिंग की तरह ही प्रधानमंत्री पद का मुद्दा भी विपक्षी एकता की कवायद को आगे बढ़ाने में मुश्किल पैदा कर रहा है। हालांकि यह मुद्दा तुलनात्मक रूप से फिलहाल इतना बड़ा नहीं है।

दिल्ली में हुई बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित करने पर यह मुद्दा गरमा गया। हालांकि खरगे ने प्रधानमंत्री पद का दावेदार होने से इंकार कर दिया। खरगे ने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को ठंडे बस्ते में रखने की इच्छा व्यक्त की थी और इस बात पर जोर दिया था कि इंडिया गठबंधन को पहले पर्याप्त संख्या में लोकसभा सीटें जीतने की जरूरत है।

**विचार**

## ब्यूरोक्रेसी को मोटिवेट करता नरेन्द्र मोदी का संदेश

**दरअसल ब्यूरोक्रेसी सरकार की रीति-नीति और योजनाओं-कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने का काम करती है। ब्यूरोक्रेसी में कुछ अधिकारी प्रोएक्टिव होते हैं तो कुछ अधिकारी अपनी गति से चलते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अपवाद स्वरूप एकाध अधिकारी हो सकते हैं जो पार्टी विशेष की धारा के अनुसार चलते हैं या चलने का प्रयास करते हैं पर सरकार की निगाह में ऐसे अधिकारी आ ही जाते हैं और सरकार स्वयं उन्हें किनारे करने में देरी नहीं करती। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कुछ ब्यूरोक्रेट्स रिजल्ट ओरियंटेड होते हैं तो कुछ अधिकारी क्राइसिस मैनेजमेंट में एक्सपर्ट होते हैं। अब होता यह है कि प्रोएक्टिव, क्राइसिस मैनेंजमेंट में आगे रहने वाले या रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी निगाह में भी जल्दी आ जाते हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में देशभर के डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान तीन दिन की जयपुर यात्रा के पहले दिन राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधायकों-संगठन पदाधिकारियों के बीच जिस तरह से डबल इंजन की सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया, वहीं ब्यूरोक्रेसी और तबादलों को लेकर जो संदेश दिया है वह ना केवल समसामयिक है अपितु देश की ब्यूरोक्रेसी के लिए भी उत्साहवर्द्धक है। दरअसल सरकार बदलते ही पूर्व सरकार से जुड़े ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का दौर आरंभ हो जाता है और ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों की निष्ठा और प्रतिबद्धता पर प्रश्न उठाये जाने लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर साफ संदेश दिया है कि ब्यूरोक्रेसी कभी भी किसी पार्टी की नहीं होती।

ब्यूरोक्रेसी हमेशा सरकार की मंशा और मेंडेट के अनुसार काम करती है। जो सरकार होती है और उसकी जो रीति-नीति होती है उसको धरातल पर अमलीजामा पहुंचाने की जिम्मेदारी ब्यूरोक्रेसी की होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में बड़ी बात कही कि ब्यूरोक्रेसी जिस पार्टी की सरकार होगी, उसके अनुरूप ही काम करती है। इस संदेश में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री ने एक तरह से देश और प्रदेशों की ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास जताने के साथ ही उत्साहवर्द्धन भी किया है।

दरअसल ब्यूरोक्रेसी सरकार की रीति-नीति और योजनाओं-कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने का काम करती है। ब्यूरोक्रेसी में कुछ अधिकारी प्रोएक्टिव होते हैं तो कुछ अधिकारी अपनी गति से चलते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अपवाद स्वरूप एकाध अधिकारी हो सकते हैं जो पार्टी विशेष की धारा के अनुसार चलते हैं या चलने का प्रयास करते हैं पर सरकार की निगाह में ऐसे अधिकारी आ ही जाते हैं और सरकार स्वयं उन्हें किनारे करने में देरी नहीं करती। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कुछ ब्यूरोक्रेट्स रिजल्ट ओरियंटेड होते हैं तो कुछ अधिकारी क्राइसिस मैनेजमेंट में एक्सपर्ट होते हैं। अब होता यह है कि प्रोएक्टिव, क्राइसिस मैनेंजमेंट में आगे रहने वाले या रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी निगाह में भी जल्दी आ जाते हैं और कुछ लोगों को उनका इस तरह से आगे आना या आगे रहना सुहाता नहीं है। बदलाव के समय इन्हें कुछ समय के लिए खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। इसीलिए आज के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश खास अहमियत रखता है।

वैसे भी जब सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री विश्वासनीय और रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी को लेकर अपनी टीम बनाते हैं। सरकार बदलने पर कुछ समय के लिए यह अधिकारी अवश्य नजरों में रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां तबादला डिजायरों से भी दूर रहने की सलाह दी है और इसके लिए भैरो सिंह जी के समय का उदाहरण भी दिया है। मुझे अच्छी तरह ध्यान है कि उस समय जब अत्यधिक दबाव पड़ने लगा तो तत्कालीन सहकारिता मंत्री सुजान सिंह यादव का साफ कहना था कि यदि अधिकारी की शिकायत है तो वे जनप्रतिनिधि की शिकायत पर उस पद से हटाने में कोई देरी नहीं करेंगे पर जहां तक उस पद पर किसी को लगाने की बात है तो उन्होंने साफ कहा कि सरकार वहां अपनी सोच और समझ के अनुसार अधिकारी लगाएगी। यानी डिजायर आप अधिकारी को हटाने की तो कर सकते हैं पर अपनी पसंद के अधिकारी को लगाने की नहीं। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। दरअसल गंभीरता से देखा जाए तो यह तबादला उद्योग और डिजायर सिस्टम सरकार की बदनामी का भी बड़ा कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संदेश देने का प्रयास किया है। फिर ब्यूरोक्रेसी से काम लेने की कला तो सरकार में होनी ही चाहिए, यह अपेक्षा की जाती रही है। देखा जाए तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्यूरोक्रेसी की खास भूमिका होती है। भारतीय चिंतकों से लेकर देश-दुनिया के जाने माने चिंतकों ने ब्यूरोक्रेसी के महत्व को स्वीकारने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका भी अपने अपने तरीके से तय की है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में ब्यूरोक्रेसी यानी नौकरशाही के बारे में विस्तार से बताया गया है, लेकिन आज हम जिस रूप में ब्यूरोक्रेसी को देखते हैं उसको किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। प्राचीन मिस्र और रोम में भी नौकरशाही की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन प्राचीन नौकरशाही प्रमुखतः राजशाही पर आधारित थी, शासक के निजी विचार व भावनाओं पर शासन चलता था। किंतु आज की ब्यूरोक्रेसी कानून-कायदों से चलने वाली व्यवस्था है।

पूंजीवाद और प्रजातंत्र के विस्तार ने आधुनिक नौकरशाही को सरकार का अनिवार्य अंग बना दिया है। 1745 में फ्रांसीसी अर्थशास्त्री विन्सेंट डी गोर्नी ने ब्यूरोक्रेसी शब्द का प्रयोग किया। नौकरशाही को अंग्रेजी में 'ब्यूरोक्रेसी' कहते हैं, जो लेटिन भाषा के 'ब्यूरो' जिसका अर्थ है 'मेज' और ग्रीक भाषा के 'क्रेसी' जिसका अर्थ है 'शासन' से मिलकर बना है। इस प्रकार 'ब्यूरोक्रेसी' का तात्पर्य 'मेज का शासन' से है। जॉन स्टुअर्ट मिल के अनुसार नौकरशाही का अर्थ समाज में सरकार के व्यावसायिक रूप से दक्ष प्रशासकों से है। जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर पहले ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने नौकरशाही के नकारात्मक पहलुओं के बजाय सकारात्मक पहलुओं पर ज्यादा बल दिया और नौकरशाही के आदर्श मॉडल का प्रतिपादन किया।

## विनम्रता व सज्जनता का मानवीय जीवन में शीर्ष स्थान

भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता, सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है।

प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा, सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है, या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम, सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति श्अधजल गगरी छलकत जाए की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है।

महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूरयदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया।

ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है।



## राशिफल

**मेष :** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभ :** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन :** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क :** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें।

**सिंह :** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या :** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुला :** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक :** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनु :** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर :** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ :** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन :** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

## श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय

**हृदयनारायण दीक्षित**



**मेघ आएंगे ही, बादलों को क्यों कोसना? सूर्य उगेंगे ही, अंधेरे से क्या उलाहना। ऊषा आएगी ही, अंधकार से क्यों उलझना? सूर्य अरुण तरुण होकर हमें प्रकाश किरणों से नहलाएगे ही अधीर क्यों होना? ऐसी आश्वस्त प्रतीक्षा श्रद्धा है। श्रद्धा आनंद आश्वस्ति है। भारतीय इतिहास का उत्तर वैदिक काल अग्निधर्मा था। यज्ञ प्रतिष्ठा की अग्नि आंच थी ही, ज्ञान अग्नि के ताप से तपे उपनिषदों के आग्नेय मंत्र भी इसी समय उगे। इसी साहित्य के एक आनंदवर्द्धन मंत्र में 'श्रद्धा' को पत्नी और सत्य को यजमान कहा गया है- श्रद्धा पत्नी सत्यं यजमानः। यहाँ यज्ञ का सुन्दर प्रतीक है। यज्ञ में पति-पत्नी साथ बैठते थे। पुरोहित लोककल्याण और यज्ञ आयोजक के लिए मंत्र बोलते थे। यज्ञ के आयोजक यजमान कहे जाते थे। पत्नी के बिना पारंपरिक कर्मकाण्ड पूरे नही होते। इस मंत्र में 'सत्य' यजमान है। यज्ञ साधारण हवन नहीं।**

संशय का महत्व है। संशयी प्रत्यक्ष पर पूरा विश्वास नहीं करता। वह तर्क करता है। विश्वासी से संशयी बड़ा है। विश्वासी तृप्त है और संशयी बेचैन, अतृप्त। भारतीय जीवनशैली में अंधविश्वास को कोई जगह नहीं मिला। लेकिन विश्वासी और संशयी से भी बड़ा जीवन मूल्य है श्रद्धा। श्रद्धा और विश्वास में अंतर है। अस्तित्व के प्रति प्रेम का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा साधारण प्रीति नहीं। परम प्रीति है। वैज्ञानिक संपूर्ण जानकारी के लिए प्रयासरत हैं। गैर जाने भाग के बारे में जानकारियां परिपूर्ण नहीं हैं। हमारी जानकारी ही है कि हम इसे नहीं जानते। लेकिन यह जानकारी भी पर्याप्त है। इससे शोध के प्रयास की तीव्रता बढ़ती है। अस्तित्व का इससे भी बड़ा भाग अज्ञेय है। जाने हुए, जानने की सूची में आए हुए और बिना जाने भाग सहित संपूर्ण अस्तित्व के प्रति हमारी प्रीति का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा कोई विचार नहीं है। श्रद्धा, पंथ, मत, मजहब या रिलीजन के उपदेशों वाला विश्वास नहीं।

श्रद्धा अनुभूति है। बूंद के हृदय में सागर का साक्षात क्षर में अक्षर का प्रत्यक्ष। सोचना साधारण मानसिक कार्यवाही है। भारतीय दृष्टि में हरेक मानसिक या बौद्धिक कार्रवाई का आदि अंत ज्ञान है। लेकिन ज्ञान का अवसान कर्म में होना चाहिए। कोरे शब्द ज्ञान का कोई मतलब नहीं। वैसे कर्म का अवसान भी ज्ञान में होता है। कर्म करते-करते सप्रयास या अनायास अंतःकरण से कोई सुगंध उठती है। गंध आच्छादन होता है। कोई गीत उगता है। संगीत आता है। मेघ आते हैं, बिना मानसून ही और सब कुछ रसमय, गंधमादन और गीत संगीत से भर जाता है। यह हुई श्रद्धा।

संभव है कि अब तक ऐसा नहीं हुआ हो लेकिन श्रद्धा है कि ऐसा हो सकता है किसी भी क्षण। उस क्षण या होनी की धैर्यपूर्ण प्रतीक्षा भी श्रद्धा ही है। मेघ आएंगे ही, बादलों को क्यों कोसना? सूर्य उगेंगे ही, अंधेरे से क्या उलाहना। ऊषा आएगी ही, अंधकार से क्यों उलझना? सूर्य अरुण तरुण होकर हमें प्रकाश किरणों से नहलाएगे ही अधीर क्यों होना? ऐसी आश्वस्त प्रतीक्षा श्रद्धा है। श्रद्धा आनंद आश्वस्ति है। भारतीय इतिहास का उत्तर वैदिक काल अग्निधर्मा था। यज्ञ प्रतिष्ठा की अग्नि आंच थी ही, ज्ञान अग्नि के ताप से तपे उपनिषदों के आग्नेय मंत्र भी इसी समय उगे। इसी साहित्य के एक आनंदवर्द्धन मंत्र में 'श्रद्धा' को पत्नी और सत्य को यजमान कहा गया है- श्रद्धा पत्नी सत्यं यजमानः।

यहाँ यज्ञ का सुन्दर प्रतीक है। यज्ञ में पति-पत्नी साथ बैठते थे। पुरोहित लोककल्याण और यज्ञ आयोजक के लिए मंत्र बोलते थे। यज्ञ के आयोजक यजमान कहे जाते थे। पत्नी के बिना पारंपरिक कर्मकाण्ड पूरे नहीं होते। इस मंत्र में 'सत्य' यजमान है। यज्ञ साधारण हवन नहीं। वैदिक अनुभूति में अस्तित्व की पूरी गतिविधि भी यज्ञ ही है। विज्ञान, दर्शन, योग या शोध का उद्देश्य 'सत्य' प्राप्ति है। यहां सत्य ही आनंद है। मंत्र का दूसरा भाग बड़ा रोमांचकारी और प्रीतिकर है - श्रद्धा सत्यं तत् अत्युतमं मिथुनं। पत्नी श्रद्धा और यजमान सत्य का मिथुन - प्रेमपूर्ण मिलन अतिउत्तम है। इसी मिलन से आनंद लोक मिलते हैं।÷ श्रद्धा और सत्य की 'लवस्टोरी' रमणीय है।

श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय है। मिलन भी सामान्य नहीं- श्रद्धया सत्येन मिथुने। ठीक से मिलन। जब दो नहीं बचे तब। अद्वय मिलन। श्रद्धा और सत्य दो अनुभूतियां जान पड़ती हैं। दोनों की प्रीति अजर अमर है। सत्य मिला तो श्रद्धा भी मिली। श्रद्धा आई, प्रगाढ़ हुई, संपूर्ण हुई तो सत्य की लब्धि।

सत्य श्रद्धाहीन नहीं हो सकता। श्रद्धा सत्यविहीन नहीं हो सकती। सत्यहीन श्रद्धा अंधविश्वास है। बिना जाने, देखे, समझे और अनुभव रस के अभाव के बावजूद मान लेना श्रद्धा नहीं है। यहाँ लोकजीवन में वरिष्ठों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अनेक शब्द हैं। 'श्रीमान' कहने का अपना सुख है। मान्यवर या माननीय में मानने की ध्वनि है। 'माननीय' में अंतःकरण की हूक नहीं। बिना जाने ही मान लेने की चूक जान पड़ती है। जनप्रतिनिधियों को 'माननीय' कहते हैं। कर्मकाण्ड की तरह यों ही। न प्रीति, न प्यार, न स्नेह। बस यों ही।

बड़ों के प्रति आदर की सबसे गहरी अभिव्यक्ति है-श्रद्धेय। श्रद्धेय में श्रद्धा योग्य जानने का संकेत है। श्रद्धेय बड़ा श्रद्धेय शब्द है। कहने में और सुनने में भी। यह सुनने वाले 'श्रद्धेय' को संकोची बनाता है और कहने वाले को विनयी। लेकिन श्रद्धा है कि श्रद्धा और सत्य का मिथुन भी 'श्रद्धेय' ही होना चाहिए। भौतिकवादी श्रद्धा को अंधविश्वास बताते हैं। कुछेक इसे भाववाद तक ले जाते हैं। 'श्रद्धा' मनोभाव नहीं है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवता हैं। कहते हैं श्रद्धा से ही अग्नि प्रज्जवलन होता है और श्रद्धा से ही आहुति समर्पण होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

## खबरें एक नजर में

### चेकिंग अभियान में 19 अनाधिकृत एंबुलेंस पर कार्यवाही

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी सैफई सुशान्त श्रीवास्तव और एआरटीओ ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग ने एम्बुलेंस के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया। सैफई पीजीआई कैंपस में एंबुलेंस के विरुद्ध चलाये गए विशेष चेकिंग अभियान में 19 अनाधिकृत एंबुलेंस पर कार्यवाही कर थाना सैफई में निरुद्ध किया गया। चेकिंग अभियान के कुल रु 255000 रुपये का जुर्माना किया गया। एआरटीओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि अवैध रूप से संचालित एम्बुलेंस के खिलाफ अभियान चलाया गया है औ ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

### गरीबों को गर्म वस्त्र व कम्बल वितरित किए

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समारंभा मुस्कान अभियान के तहत समारंभा फाउंडेशन द्वारा पक्का तालाब एवम आसपास के क्षेत्र में गर्म कपड़े और कंबल वितरित किए गए एवम ठंड से बचाव के लिए गुड़,तिल व मूंगफली आदि बांटे गए। समारंभा फाउंडेशन इटावा की जिला समन्वयक श्यामला पांडे के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारंभा मित्र नेहा,स्नेहा पांडे,रुचि पांडे,विमलेश दुबे, श्वेता दुबे, नीता यादव, साधना द्विवेदी, प्रियंवदा तिवारी, पूनम पांडे, प्रीति शर्मा, सुमन दुबे, प्रतिभा रंजन मिश्रा आदि ने सहयोग किया।

### राधा माधव संकीर्तन यात्रा में जमकर नाचे भक्त

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नगर में राधा माधव संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में कर्णप्रिय धार्मिक धुनों के बीच विदेशी कृष्ण भक्त भी जमकर नाचे। कटरा पुख्ता से राधा माधव संकीर्तन यात्रा का शुभारंभ हुआ। वहां से बैंड बाजों के साथ गाते बजाते यह यात्रा नगर भ्रमण को निकली बड़ी संख्या में लोग इस संकीर्तन यात्रा में शामिल हुए। इस संकीर्तन यात्रा में वृंदावन से आई हरे कृष्णा संप्रदाय की विदेशी कृष्ण भक्तों ने बैंड बाजा की धुनों पर जमकर नृत्य किया। बाद में इटावा रोड हाईवे के किनारे एक मैरिज होम में संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अनूप वर्मा, सुशील वर्मा, राजीव माथुर, प्रदीप गुप्ता आदि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शराबी पति के जानलेवा हमले से पत्नी घायल

**राठ, समृद्धि न्यूज।** बीती शाम खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में आक्रोशित पति ने अपनी पत्नी के चेहरे पर हँसिया मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करगवां निवासी मौला बख्श पुत्र श्री बाबू ने बताया कि उसका पुत्र मोहम्मद फरीद शराब पीने का आदी है। बीती शनिवार की शाम वह शराब के नशे में धुत हो घर आया और पत्नी रुकसाना (30) से मुर्गा लाकर बनाने को कहा। जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिससे आक्रोशित हो फरीद ने अपनी पत्नी के चेहरे पर हंसिये से जोरदार प्रहार कर दिया। जिससे उसका चेहरा बुरी तरह कट गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। पीड़िता के ससुर ने घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में कर आरोपी पुत्र के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। घटना के संबंध में राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेजा जाएगा।

### सीओपी न देने वाले अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची से हटेंगे

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार किए जाने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका। संगठंन के चुनाव अधिकारी एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता हयात अहमद खान ने बताया कि उनके संगठन में 216 अधिवक्ता सदस्यों की मतदाता सूची थी। लेकिन बार काउंसिल के आदेश के तहत मतदाता सूची में वही नाम होंगे, जिन्होंने सीओपी प्रमाण पत्र दिया होगा। यहां सीओपी न देने वाले ऐसे 62 अधिवक्ता के नाम कि मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसे सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को दो दिन का नोटिस जारी कर कहा गया है कि वह मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए अपनी सीओपी दे दें। इसके बाद भी यदि सीओपी नहीं देते तो उनके नाम सूची से हटाने के बाद ही मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन होगा। मतदाता सूची पर आपत्ति तथा नामांकन व अन्य सभी प्रक्रियाओं तथा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ महिला घायल

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** सड़क दुघर्टना में बाइक सवार अधेड़ महिला गिर घायल हो गई। लहुलुहान हालत में परिजनों ने प्राथमिक उपचार हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तबियत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार स्वासा बुजुर्ग निवासी मुलिया 55 वर्ष पत्नी महेश्वरीदीन अपने गांव से बाइक में सवार होकर रिश्तेदारी मटौद गांव जा रहे थे तभी न्यूरिया गांव के पास बाइक सवार महिला का शरीर का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर गिर घायल हो गई। लहू लुहान हालत में पति ने राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की निकाली भव्य शोभायात्रा



**मुस्करा, समृद्धि न्यूज।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति द्वारा उमरी गाँव में निकाली भव्य शोभायात्रा।भाजपा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक व ब्लॉक प्रमुख वीरनारायण राजपूत ने भगवान राम की आरती कर किया यात्रा का शुभारंभ। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें प्रभु श्री रामचंद्र जी की झांकियां के साथ साथ सैकड़ो मातृशक्ति व ग्रामीणों ने कलश को लेकर यात्रा बांके बिहारी मंदिर से प्रारंभ कर पूरे गांव का भ्रमण किया।शोभायात्रा के दौरान भक्त जय श्री राम के नारे के नारे लगाते हुए चल रहे थे जिससे पूरा गांव भक्तिमय नजर आ रहा थाव वही पूरे क्षेत्र में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रति बहुत ही उत्साह लोगो मे दिखता नजर आ रहा है।इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाह नीरज सह खण्ड कार्यवाह जय हिन्द,शिवम पालीवाल (खंड सम्पर्क प्रमुख) लोकेंद्र सिंह (जिला सेवा प्रमुख),खण्ड व्यवस्था प्रमुख संजय गुरूदेव मण्डल कार्यवाह आशीष शुक्ला,भाजपा युवा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक, अनिल पालीवाल प्रधानाचार्य अजयपालसिंह,,आलोल,मदन , रवि ,आशीष सहित लगभग पांच सैकड़ा से अधिक राम भक्त उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से मवेसी की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्होरा के मजरा हिगुटिया में पशुपालक की भेस को रात्रि में जहरीले सर्प द्वारा काट लेने से मौत हो गई , सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्साधिकारी पीड़ित के गाँव पहुँचे व कानूनी कार्रवाई की। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम हिगुटिया निवासी पशु पालक कृपा शंकर पुत्र झरगदी की दुधारू भेस कीमत करीब 80 हजार रुपये बाड़े में बंधी थी रविवार की सुबह में जहरीले सर्प द्वारा काट लिया गया जिससे उसकी मौत हो गयी ,जब कृपा शंकर चारा डालने बाड़े में पहुँचे तो भेस को मृतक पाया उन्होंने देखा कि सर्प बाड़े से निकल कर भाग रहॉ है व कुछ ही देर जहर के चलते भेस की मौत हो गयी। पीड़ित पशुपालक ने पशु चिकित्सक डॉ शरद यादव व लेखपाल सुधीर चौबे को सूचना दी जिस पर भेस का पी एम कराकर सूचना तहसील प्रशासन को दी। वहीँ इस मौके पर ग्राम प्रधान हरगोविंद पाल ,राजाराम दोहरे ,जितेंद्र दोहरे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जनता के हितों का रखा जाएगा पूरा ध्यान : थानाध्यक्ष

▸ नवागंतुक थाना प्रभारी ने व्यापारियों, ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के थाना प्रभारी कुलपहाड़ भास्कर मिश्रा ने कहा कि वह जनता के हितों का पूरा ध्यान रखेंगे। जनप्रतिनिधियों सम्मानित नागरिकों की उचित सिफारिश को भी महत्व देंगे तथा अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस चौकी जैतपुर में व्यापार मंडल,ग्राम प्रधानों, प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक में अपने विचार व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि वह शासन की मंशा के अनुसार अपराधियों अनैतिक कार्यों पर अंकुश लगाने का कार्य करेंगे। जमीनी विवाद, कब्जा को लेकर विवाद की आशंका पर शीघ्र ही सूचना दें। उन्होंने क्राइम पर भी तुरंत सूचना देने के लिए कहा, जिससे कोई भी क्राइम न हो सके।

नवागंतुक पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि वह अपराधियों पर विशेष नजर रखेंगे तथा अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा। अवैध शराब जुआ की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी उन्होंने उपस्थित नागरिकों से यातायात नियमों की भी जानकारी दी।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवेंद्र सेठ ने थाना प्रभारी कुलपहाड़ भास्कर मिश्रा, चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, एस एस आई दिनेश सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट किया एवं साल ओढाकर सम्मानित किया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवेन्द्र अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरविंद नायक, उपजा के जिला अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार इंद्रपाल रिछारिया, शशि भूषण रिछारिया, कैलाश सोनी, लक्ष्मी प्रसाद गोस्वामी, अजय व्यास, ग्राम प्रधान जैतपुर प्रतिनिधि जगत सिंह, पूर्व प्रधान जैतपुर मौला बख्श, ग्राम प्रधान लमौरा अशोक नायक, ग्राम प्रधान बगवाहा प्रतिनिधि उत्तम सिंह राजपूत, ग्राम प्रधान बछेछर खुर्द धीरेंद्र सिंह यादव, ग्राम प्रधान ननवारा बलराम, दिनेश नगरिया, गुड्डा सेठ, अला बक्स, साहित अन्य मौजूद रहे।

## चरखारी नगर में घर-घर पहुंचा अमृत अक्षत

▸ 22 जनवरी को अयोध्या में होनी है श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है और भक्तों में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

हर गांव अयोध्या, हर मंदिर राम मंदिर की गूंज से चरखारी गूंज गया। रविवार को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति चरखारी द्वारा भव्य अक्षत वितरण कार्यक्रम नगर में किया गया। जिसमें सभी रामभक्तों ने रामधुन गाते हुए अक्षत वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों रामभक्त एकत्रित हुए। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति के संयोजक इंजी. अमित कुमार पटैरिया ने अक्षत देते हुए बताया कि यह अक्षत अयोध्या से आए हुए हैं जो आपको अयोध्या मंदिर आने का आमंत्रण है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन हम सबको अपने घर के पास के प्रत्येक मंदिर को सजाना है और उसमें भजन कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, आरती आदि धार्मिक कार्यक्रम कर दीपोत्सव करना है।

जिस प्रकार भगवान के वनवास से लौटने पर सजाया गया था। अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लगाकर अपने नगर को भगवामय करें। अक्षत वितरण कार्यक्रम के दौरान समन्वयक कुलदीप भटनागर, डॉ. ओम शंकर श्रीवास्तव, सुनील, जय प्रकाश सक्सेना, रजनीश गुप्ता, नीरज गुप्ता, नीरज सोनी, संपत मराठा, युवराज सिंह, हिमांशु तोमर, रोहित शुक्ला, गौरव दीक्षित, मोहित, पवन, कैलाश ताम्रकार, दीपक गुरुदेव, विशाल लश्करी आदि मातृ शक्ति के साथ सैकड़ों में रामभक्त शामिल रहे।

## डीएम ने की जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे हैं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम ग्रामीण एवं निर्माण, कार्यदाई संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना, लहचूरा काशीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना एवं कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में निर्माण कार्यों तथा रोड रेस्टोरेशन को 15 जनवरी तक पूर्ण करें तथा सलैया नाथूपुर के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों को 25 जनवरी तक पूर्ण करें तथा धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि 31 जनवरी तक परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्य को प्रत्येक दशा में पूर्ण करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया की कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्य को समय अंतर्गत पूर्ण करें, जिससे ग्रामीणों को समस्या न होने पाए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित

▸ ब्लाक प्रमुख सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और योजनाओं के पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लॉक चरखारी के ग्राम रिवई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने सहभागिता की। उन्होंने ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। पात्र व्यक्ति जिन्हें अभी तक लाभ नहीं मिल सका उनका फॉर्म भराया। ताकि जल्दी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो सके। इसके साथ ही योजनाओं के पात्र लोगों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष चरखारी ग्रामीण अरविंद गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष हमीरपुर रविराज कुशवाहा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बता दें कि जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और योजनाओं के पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाया जा रहा है।

## मां गुरूवर के जयकारे से सम्पन्न हुई महाआरती



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नशामुक्त समाज, खुशहाल समाज, अपराध मुक्त समाज निर्माण हेतु हर माह की भांति प्रथम रविवार को शहर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती सम्पन्न हुई।जिसमें माँ गुरूवर के जयकारे वासु शिवहरे एवं चाहत गुप्ता के द्वारा लगाये गये। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा की प्रदेश सचिव सन्नो शिवहरे ने कहा कि हर घर को मां की ज्योति से प्रकाशित करना है। घर- घर जाकर लोगों को भगवती मानव कल्याण संगठन की जनकल्याणकारी विचारधारा से अवगत कराना है।समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। प्रदेश सचिव शकुन्तला कुशवाहा ने कहा कि परम पूज्य सदगुरुदेव श्री शक्तिपुत्र महाराज ने अपना परिचय दिया है कि मैं एक ऋषि हूं, ऋषि था और ऋषि रहूंगा। आज तरह-तरह से समाजिक, धार्मिक और राजनीतिक, इन सभी क्षेत्रों में समाज को लूटा जा रहा है।जरूरत है तो इन लुटेरो का चेहरा उजागर करने की। चुनूबाद कुशवाहा ने कहा कि आप सभी अधिक से अधिक जनजागरण में समय दे एवं समाज को नशे- के खिलाफ जागरूक करने के लिए अपने अपने घरों में 5 घंटे के दुर्गा चालीसा पाठ अवश्य करायें।

### बात करने के बहाने मोबाइल लेकर युवक भागा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के वार्ड संख्या सोलह निवासी एक युवक का मोबाइल फोन रिश्तेदार बात करने के बहाने लेकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। वार्ड संख्या 16 के निवासी विजय कुमार प्रजापति ने पुलिस को सौंपी तहरीर में अवगत कराया कि वह शनिवार को शाम घर के बाहर बैठा था। तभी धरमपुर निवासी वीरू प्रजापति पास आया और पिता से बात करने की बात कह कर उसका मोबाइल फोन ले लिया और बात करते-करते युवक फोन लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है।

# सैकड़ों गौशालाओं में ठंड से ठिठुर रहे गौवंश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ 50 करोड़ खर्च के बाद भी गौशालाओं की नहीं बदली तस्वीर



जिले में सैकड़ों गौशालाओं में गौवंश को ठंड से बचाने के लिए इंतजाम नाकाफी है। ज्यादातर गोशालाओं में बंद गौवंश इनदिनों भीषण ठंड से ठिठुर रहे है। अभी तक गोशालाओं में गौवंश के संरक्षण के लिए 50 करोड़ से अधिक रुपये खर्च हो चुके है। फिर भी इनकी तस्वीर नहीं बदल सकी है। भरपेट चारा और भूसा न मिलने से तमाम गौवंश दुबले पतले हो चुके है।

जिले के सभी विकास खंडों में 330 ग्राम पंचायतों में गोशालाएं गौवंश के संरक्षण के लिए बनाई जा चुकी हैं। इनमें 44 हजार से अधिक गौवंश बंद हैं। गोशालाओं की देखरेख के लिए ग्राम पंचायत स्तर से रखवालों की तैनाती है, लेकिन ऐसी सर्दी में ये प्राइवेट कर्मी गोशालाओं के आसपास नजर नहीं आते है। गोशालाओं में संरक्षित हजारों गौवंश के अलावा बड़ी संख्या में गौवंश छुट्टा इधर उधर घूम रहे है। जो फसलों के लिए दुश्मन हैं। किसान अपनी फसलों की रखवाली के लिए खेतों में डेरा डाले है। हजारों की तादाद में खुले आसमान के नीचे छुट्टा घूम रहे गौवंश को लेकर यहां अभी तक कोई कदम विभाग ने नहीं उठाए है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से ठंड का कहर बरप रहा है। ऐसे में गोशालाओं में बंद गौवंश ठंड से ठिठुर रहे है। मौदहा क्षेत्र के करहिया गांव की गोशाला में गौवंश को ठंड से बचाने के लिए कोई प्रबंध नहीं किए जा रहे है। गौरक्षा संस्था के जिलाध्यक्ष निशांत त्रिपाठी व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रधान ने गोशाला में गौवंश के लिए कोई भी इंतजाम नहीं कराए है। गोशाला भी बदहाल है। इधर लोदीपुर निवादा गांव की गोशाला का बुरा हाल है। गोशाला में बंद गौवंश को भरपेट चारा और भूसा नहीं दिया जा रहा है। गांव में पराली के बदले खाद देने की योजना भी फेल हो गई है। यहां की गोशाला में 67 गौवंश संरक्षित है, जिन्हें ठंड से बचाने के लिए किए गए इंतजाम भी नाकाफी है। दिन में गौवंश ठंड से कांप रहे हैं।

### तिरपाल लगवाने के साथ अलाव जलाने के दिए जा चुके निर्देश

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविंद सरोज का कहना है कि वर्ष 2099 से शासन के निर्देश पर जिले में 330 गोशालाएं संचालित की गई हैं। इनमें 44 हजार के करीब गौवंश संरक्षित हैं। अभी तक गौवंश के संरक्षण में 50 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च हो गई है। ठंड से बचाव के लिए गोशालाओं में तिरपाल लगवाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही मवेशियों के पास अलाव जलवाने के इंतजाम कराए गए हैं। ताकि गौवंश ठंड से महफूज रह सके। जिले के नगर पालिकाओं और नगर पंचायत क्षेत्र में छुट्टा गौवंश घूम रहे हैं। जबकि गांवों में संरक्षित कराए जा चुके है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सुमेरपुर के तपो भूमि अश्राम में संपन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सुमेरपुर कस्बे में तपोभूमि पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उज्जवला योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने भेंट किए। सरकार की योजनाओं के बारे मे बताते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे में महिलाओं को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इस मौके पर छात्राओं में दिशा श्रीवास्तव व अन्य छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। उन्होंने सांसद ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, चक्रवती शुक्ला, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी कुलकमल यादव, धीरेंद्र शिवहरे, सुरेश दुवेदी, सिद्धार्थ सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, रामचंद्र शर्मा, आदित्य अवस्थी, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, श्याम धुरिया, राजेश सहारा, अरविंद श्रीवास्तव, कन्हैया शर्मा, अशोक सिंह, रवि गुप्ता, पुनीत गुप्ता, उमेश सिंह, करन, अंकित सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मरम्मत के अभाव में दो सड़कों का मिटा नामोनिशान

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



इंगोहटा क्षेत्र में ध्वस्त पड़ी दो सड़कों की मरम्मत न कराए जाने से उनका नामोनिशान मिटता जा रहा है। इंगोहटा से मौदहा को जोड़ने वाली करीब पांच किमी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। इसी तरह इंगोहटा से अरतरा को जोड़ने वाली सात किमी सड़क ध्वस्त होने से सड़क गड्ढों में खो गई है। उक्त दोनो सड़को की मरम्मत की मांग कई बार किए जाने के बाद भी विभाग द्वारा गौर न किए जाने से लोगो में आक्रोश व्याप्त है।

इंगोहटा निवासी समाजसेवी मोहनलाल साहू,राकेश गुप्ता, ज्ञानेश दीक्षित ने बताया कि इंगोहटा से मौदहा के लिए बनी बाईपास सड़क गांधी रोड के नाम से जानी जाती है। हाईवे से नेशनल इण्टर कालेज होकर मौदहा को जोड़ने वाली इस सड़क से मौदहा जाने के लिए सिर्फ पांच किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। हाईवे से बड़ा चौराहा होकर मौदहा जाने में दुगने से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। गांधी मार्ग से कालेज के छात्र छात्राएं, व्यापारी, ग्राहक और किसान ज्यादातर यात्रा करते हैं। किन्तु देखरेख के अभाव में सड़क का नामोनिशान मिट गया है। अरतरा के ग्रामीणों ने बताया कि इंगोहटा से अरतरा को जोड़ने वाली सड़क भी चलने लायक नहीं है। सात में से सिर्फ एक किमी सड़क की मरम्मत एक साल पहले की गई थी। इस सड़क पर यात्रा करना जोखिम भरा काम हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार के निर्देश होने के बाद भी दोनो सड़को की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस समस्या का तत्काल निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## विधायक ने कैंप लगाकर लोगों को नमो ऐप से जोड़ा

**राठ, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नगर के पड़ाव चौराहा में कैंप लगाकर सैकड़ो लोगों को नमो ऐप से जोड़ा। इस दौरान उन्होंने उक्त ऐप से जुड़ने से होने वाले फायदों को भी बताया है।

कैंप का नेतृत्व कर रही क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि नमो ऐप से लोगों को प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजनाओं की जानकारी समयबद्ध तरीके से मिलती रहेगी। जिसका फायदा उठा पिछले क्षेत्र के लोग भी इन योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक उन्नति के पद पर अग्रसर हो सकेंगे। कैंप में विधायक ने एक सैकड़ा से भी अधिक लोगों के मोबाइल में उक्त ऐप डाउनलोड कराया है। इस दौरान भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता व दीपू मुंशी, उपाध्यक्ष महेंद्र गांधी व उदित नारायण त्रिपाठी, संतोष अनुरागी, प्रेमचंद घुरौली, परमानंद अनुरागी,दीप्ति गुप्ता,योगेश मामा आदि मौजूद रहे।

### स्कूल गई छात्रा लापता

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र के एक गांव की छात्रा स्कूल से वापस आते समय लापता हो गई। पिता ने गांव के एक युवक पर भाई और पिता के साथ मिलकर गायब करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। एक गांव निवासी पिता का आरोप है की बीते तीन जनवरी को उसकी 18 वर्षीय पुत्री कस्बे के एक कालेज में पढ़ने गई हुई थी और वापस घर नहीं पहुंची। उसने गांव निवासी अरविंद उसके भाई सुरेंद्र तथा पिता लाली के खिलाफ पुत्री को गायब करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके दोनों भाइयों के साथ पिता की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया और

कब्जे से 2 अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये। थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नंगला राठौर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना सैफई पुलिस टीम ने दो वांछित आरोपियों विजय पाल उर्फ लल्ला पुत्र रामाधार निवासी ग्राम भदेई थाना सैफई, पंकज पुत्र इन्द्रवीर निवासी ग्राम भदेई थाना सैफई को ग्राम भदेई से समय गिरफ्तार किया। इस सफलता में बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. सोमवीर सिंह, का. योगेश्वर सिंह, का. अनुराग कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# खुशी की उड़ान सामाजिक संस्था ने छात्राओं को दी साइकिलें

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली सात बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए साइकिल प्रदान की गईं।

खुशी की उड़ान सामाजिक संस्था की ओर से जसवंतनगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन बालिकाओं की हौसला अफजाई की गई। हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज की हाईस्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिका प्रथा व जीजीआईसी की स्नेहा, चौ. सुघर सिंह की रिया, मुलायम सिंह इंटर कॉलेज रायनगर की सुहानी, शांति देवी इंटर कॉलेज की डोली, जोधा सिंह इंटर कॉलेज की उमा कुमारी तथा रामजानकी विद्यालय की अनुष्का को पुरस्कृत करते हुए साइकिल प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग सह संघ चालक रामनरेश शर्मा ने कहा कि संस्था समाज की भलाई के लिए कार्य कर रही है ऐसे कार्यक्रम समाज को मार्गदर्शन देते हैं।

पूर्व सीएमओ डॉक्टर वी के गुप्ता ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को भी यूं ही समाज हित के कार्य करते रहना चाहिए। इंस्पेक्टर कपिल दुबे ने भी संस्था के समाज हित कार्यों की सराहना की।

संस्था की अध्यक्षा सारिका दुबे ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा महिलाओं, बालको दिव्यांगों व निर्धन बालिकाओं के हित में कार्य कर रही है। समय-समय पर रक्तदान व चिकित्सा शिवरों का आयोजन भी किया जाता है। उन्होंने डॉक्टर विवेक अग्निहोत्री को अपनी संस्था का इटावा जिलाध्यक्ष भी नियुक्त किया। इस दौरान स्थानीय समाजसेवियों व पत्रकारों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जहां तमाम मरीजों ने अपनी बीमारियों को लेकर चिकित्सकीय सलाह ली। दंत चिकित्सक डॉ प्रदीप यादव आदि शामिल रहे। संचालन वेद जायसवाल ने किया। प्रमुख रूप से प्रधानाचार्या प्रज्ञा सिंह, रामजी शुक्ला, प्रतीक यादव के अलावा आशीष अग्निहोत्री, मनीष उपाध्याय तथा अभिभावकगण मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली अक्षत कलश यात्रा



**इटावा।** राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समिति इकदिल द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा इकदिल चौराहा हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर सड़क बाजार होते हुये इकदिल थाना परिसर स्थित शिव हनुमान मन्दिर पर यात्रा का समापन हुआ। आचार्य विनय कुमार द्विवेदी पूर्व खण्ड कार्यवाह ने विधिवत वेद मन्त्रों से कलश स्थापित कराया तथा खण्ड कार्यवाह पंकज पचौरी ने हनुमान चालीसा का पाठ श्रीराम स्तुति तथा आरती की। कलश यात्रा के दौरान नगर में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया जिसमें विशेष रुप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक राजेन्द्र जी, इकदिल खण्ड संघ चालक आदित्य मिश्रा जी, विभाग प्रचारक श्री यशवीर जी जिला प्रचारक शिवम जी जिला समरसता प्रमुख प्रमुख शिवराम जी जिला सम्पर्क प्रमुख अजय दीक्षित जी जिला पर्यावरण प्रमुख महेन्द्र सिंह चौहान, नगर कार्यवाह सर्वजीत जी खण्ड बौद्धिक राघवेन्द्र तिवारी, मातृ शक्ति प्रान्त संयोजिका सीमा जादौन, पूर्व समरसता प्रमुख मनोज कुमार तिवारी, अजय मिश्रा, प्रेम नारायण त्रिपाठी, डॉ.सुशील सम्राट, आयुष, मनीष सहित संघ के कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

# पंचनद घाटी के बीहड़ांचल में 14 को आयोजित होगी चंबल मैराथन

▸ चंबल मैराथन-4 की तैयारी जोरों पर, बीहड़ों में दौड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

जगम्मनपुर (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**चंबल संग्रहालय** द्वारा आयोजित चंबल मैराथन का चौथा संस्करण आगामी 14 जनवरी 2024 को पांच नदियों के संगम क्षेत्र पंचनद घाटी में आयोजित किया जा रहा है। चंबल मैराथन के चौथे वर्ष के आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति के सदस्य जोर-शोर से जुटे हुए हैं। चंबल मैराथन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।

चंबल मैराथन के संस्थापक और दस्तावेजी लेखक डॉ. शाह आलम राना ने जानकारी देते हुए बताया कि चंबल घोषणा पत्र को लागू कराने के लिए इस बार 42.195 किमी. की मैराथन दौड़ होगी। उन्होंने बताया कि चंबल अंचल की तस्वीर बदलने के लिए अनथक परिश्रम से चंबल जन घोषणा-पत्र 2019' का निर्माण किया गया था। उत्तर प्रदेश के चार जनपदों (बाह- आगरा, इटावा, औरैया और जालौन) तथा मध्य प्रदेश के दो (भिंड, मुरैना) एवं राजस्थान के धौलपुर की दुःसाध्य यात्राएं कर और लंबे जनसंपर्क व राजनैतिक एवं प्रशासनिक अमले से मिलकर तथा इन मुद्दों के प्रति उन्हें आगाह करते हुए कोई दो महीने के उपरांत इस महत्वपूर्ण चंबल घोषणा-पत्र का निर्माण किया था। इसका उद्देश्य यह था कि जिम्मेदार लोग इस घोषणा पत्र को पढ़ें और चंबल क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हों। साथ ही अपने अंचल के जन मानस के ध्यानार्थ कि वे भी अपने अंचल की वास्तविक समस्याओं से रूबरू हों और उन्हें पूर्ण कराने के वास्ते अपने क्षेत्र के जन प्रतिनिधयों पर दबाब भी बनायें। गौरतलब है कि चंबल मैराथन का पहला वर्ष इटावा में 'रन फार बेटर चंबल' दूसरा वर्ष भिंड में 'स्प्रिट चंबल' और तीसरा वर्ष मुरैना में 'चंबल रेजिमेंट लागू करो' के नारों के साथ ऐतिहासिक रूप से सफल रहा है।

### चंबल मैराथन 42.195 किमी तक प्रस्तावित

**जगम्मनपुर।** चंबल मैराथन 2024 का रूट जुहीखा, कंजौसा, बिठौली, चौरेला, हरकेपुरा, सुल्तानपुरा, हुकुमपुरा, बिलौड़, जगम्मनपुर होते हुए जुहीखा तक 42.195 किमी तक प्रस्तावित है। चंबल मैराथन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के धावक अपना दमखम दिखाएंगे। रविवार 14 जनवरी को प्रातः 8 बजे से मैराथन की दौड़ शुरू होगी।

### चंबल के लड़ाका पुरखों की गाथाएं करती हैं रोमांचित

**जगम्मनपुर।** चंबल परिवार प्रमुख डॉ. शाह आलम राना ने जोर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान चंबल घाटी के रणबाकुरों का गौरवशाली इतिहास रहा है। इतिहास उत्खनन के दौरान ब्रिटिशकालीन दस्तावेजों में बीहड़ के लड़ाका पुरखों की गाथाएं रोमांचित करती हैं। हमें उन महानायकों को अपने सामने खड़ा कर उनसे प्रकाशपुंज ग्रहण करें। आज भी देश की सेना में सबसे ज्यादा चंबल अंचल के जाबांज हथियार थामे खड़े हैं। देश की सरहदों पर शहीद हुए सैनिकों के स्मारक घाटी के बीहड़ों में गांव-गांव मिल जाएंगे। लिहाजा वर्षों से चंबल की बेहतरी की हमारी सरकारों से जायज मांग रही है।

# नगर में 21 हजार दीप जलाकर किया मतदान करने को प्रेरित

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**स्वीप** 2024 मेरा वोट मेरा अधिकार कार्यक्रम के तहत तहसील, ब्लॉक व कोतवाली समेत विभिन्न बूथों पर दीप जलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 21 हजार दीपों से नगर जगमग हुआ।



लोकतंत्र के महापर्व मतदान के प्रति मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप 2024 मेरा वोट मेरा अधिकार कार्यक्रम के तहत नगर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों और मतदाता बूथों पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील परिसर, ब्लॉक परिसर, कोतवाली समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मियों ने दीपों की खूबसूरत श्रृंखला बनाई तो लोकतंत्र के महापर्व का दीपोत्सव दमक उठा। इस दौरान एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह सार्थक कार्यक्रम है। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व के साथ जोड़ने के लिए कारगर व प्रभावी साबित होंगे। ऐसे कार्यक्रमों का वोटरों की जागरूकता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान आपका अधिकार है चुनावों में आप सक्रिय रूप से भागीदार बनकर लोकतंत्र के उत्सव की महिमा को बढ़ाएं। कहा कि स्वीप भारत के चुनाव आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। स्वीप का मतलब है कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी। यह कार्यक्रम मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने, और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए है। इसलिए लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस मौके पर तहसीलदार एसके मिश्रा, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, सीओ रामसिंह, कोतवाल विमलेश कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कुठौंद, सिरसाकलार व मदारीपुर में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार बिजली के खम्भे से टकराया ,मौत



**उतरौला / बलरामपुर।** ओबरटेक करने के दौरान दो बाइक से टक्कर , बाइक चालक की रोड के बगल लगे बिजली के खम्भे से टकरा कर मौके पर एक की मौत हो गयी ,दूसरे बाइक चालक व पीछे बैठा युवक गम्भीर रूप से चोटिल हो गये जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ,रेहराबाजार पुलिस शव को पी एम को भेजकर अग्रिम कार्यवाही मे जुट गयी है, मृतक अव्वुल खैर उर्फ गुड्डू 32 के पिता मो असलम ने बताया कि सूचना मिली है हमलोग दिल्ली से घर आ रहे है, प्रभारीनिरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को शाम 8 बजे रेहराबाजार .. सादुल्लानगर मार्ग पर सरायखास गाँव के पास सादुल्लानगर के तरफ से आ रही बाइक को ओवरटेक करते समय दोनो बाइक आपस मे टकरा गये जिससे 32बर्षीय बाइक चालक अव्वुल खैर उर्फ गुड्डू पुत्र मो असलम निवासी बनकटवा पिपराग्रंट थाना सादुल्लानगर की बगल मे बिजली के पोल से टकराने से मौके पर ही मौत हो गयी जवकि दूसरे बाइक पर सवार चालक सिन्धू 23 वर्ष पुत्र मगरूप्रसाद व जाबिर 22वर्ष पुत्र साबिर अली निवासी जिगनी थाना सादुल्लानगर को 108 एम्बूलेंस से पी एच सी रेहराबाजार मे ले जाया गया। मृतक अव्वुल खैर के लाश को पी एम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी चिकित्सक साधिकारी रेहराबाजार डा उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि रात मे 108 से लाया गया था जिसमे मृतक अव्वुल खैर ने रास्ते मे ही दमतोड दिया था ,दो चोटिल सिंधू व जाबिर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर कर दिया गया है। सभी लोग हेल्मेट नही लगाये थे।

### कलयुगी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

**सोनभद्र।** चुर्क चौकी अंतर्गत साहिजन खुर्द गांव में शनिवार की रात में कलयुगी बेटे ने अपने पिता को लकड़ी के फट्टे से मार कर मौत के घाट उतार दिया। रविवार की सुबह सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुर्क चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सहिजन खुर्द गांव में रामराज पुत्र बैगा उम्र 50 वर्ष निवासी भिक्खमपुर थाना रामपुर बरकोनिया जो सहिजन खुर्द में किराए के मकान पर रहकर लोढ़ी हॉस्पिटल के बन रहे ट्रामा सेंटर में मजदूरी का काम कर रहा था। शनिवार की रात में शराब के नशे में पिता पुत्र में झगड़ा हो गया, जहां पुत्र ने लकड़ी के फट्टे से पिता के सर पर वार कर दिया, जिससे पिता की मौत हो गई। मौत के बाद पिता को कमरे में बंद कर आरोपी कलयुगी बेटा भाग गया। परिवार वालों के कहने के अनुसार बेटा संतोष दिमाग से अर्ध पागल भी है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई । लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना सुबह दी तब पुलिस पहुंचकर मकान का ताला तोड़ी, जहां रामराज की मौत हो चुकी थी। हत्या की खबर लगते ही थाना प्रभारी राबर्ट्सगंज, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय, एडिशनल एसपी कालु सिंह मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल लोढ़ी भेज दिया। उधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कैथवा प्रधान ने भीषण सर्दी में गरीबों को बांटे कंबल

**कुठौंद (जालौन)।** गांव के मुखिया की जिम्मेदारी संभाल रहे नरेंद्र तिवारी ने कड़ाके की सर्दी को देखते हुये गांव के जरूरतमंदों के घरों तक पहुंचकर उन्हें सर्दी से निजाते हेतु कम्बल ओढ़ाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह उन्हें जरूरत बतायें ताकि उसका समय से निदान कराया जा सके। गौरतलब हो कि विगत एक पखबाड़े से जनपद में कड़ाके ही सर्दी पड़ने से हर व्यक्ति सर्दी से बेहाल नजर आ रहा था। सर्द मौसम ने गरीबों की मुश्किलों को तो और भी बढ़ा दिया था। रविवार को ग्राम पंचायत कैथवा के ग्राम प्रधान नरेंद्र तिवारी ने भीषण सर्दी को देखते हुए गरीब एवं असहाय महिलाओं व अन्य गरीब व्यक्तियों के घर पहुंचकर उन्हें कम्बल ओढ़ाते हुये उनका हालचाल भी जाना। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र निरंजन सहित अनेकों ग्रामीणों ने कंबल वितरण में सहयोग किया।

# ग्रामीणांचल में श्रीराम के अयोध्या धाम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिखने लगा उत्साह

▸ सिकरीराजा में राम दरबार के साथ 151 कलश यात्रा निकाली गई

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**भगवान श्रीराम** के जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या में बने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांवों में आयोजनों की शुरूआत हो गई है। ग्राम सिकरीराजा में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्त धूमधाम से श्रीराम के जयकारे लगाकर भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए। अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव और अन्य आयोजनों की शुरुआत हो गई है। रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा में 151 कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ ही प्रभू श्रीराम के दरबार की भव्य झांकी निकाली गई। कलश यात्रा के साथ रामभक्तों ने घर घर जा कर पीले चावल एवं प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता दिया और 22 जनवरी को घर घर में दीप जलाकर उत्सव मनाने और राम धुन के साथ श्रीरामचरित मानस, श्रीहनुमान चालीसा, सुंदरकांड आदि का पाठ करने की अपील की। गांव में निकाली गयी शोभायात्रा के दौरान भक्त डीजे पर बज रहे भजनों पर भक्ति रस में डूब कर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। कंठ प्रिय गीतों को सुनकर गांव का माहौल प्रभु श्रीराम की भक्तिमय हो गया। इस मौके पर जिला प्रचारक आरएसएस शिवमजी, जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद आचार्य तेजस, जिला कोषाध्यक्ष आशीष सेठ, मण्डल उपाध्यक्ष अरविंद व्यास सिकरी राजा, खंड समन्वयक धर्मेंद्र सिंह, कैलाश बाबू वर्मा, राजा भदौरिया, रानू राजावत, राकेश पटेल, बृजकिशोर वर्मा, ग्राम प्रधान आलोक वर्मा, यश पटेल, निखिल पटेल, रवि जादौन, सुमित वर्मा, हिमांशु दीक्षित, दीपक पटैरिया, निशा माहेश्वरी, नीलाम गुप्ता, अनीता दुबे आदि मौजूद रहे।

# हरियाली पर आरा, लकड़कट्टे हो रहे मालामाल



▸ बिना परमिट के काटे गए 10 पेड़ के शीशम

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**प्रदेश की** योगी सरकार एक तरफ वृक्षारोपण कराकर हरियाली को कायम करना चाहती है।दूसरी तरफ विभागीय लापरवाही के कारण हरे पेड़ की कटान रुक नहीं रही है।ऐसे में हरियाली कायम रखना नामुमकिन है। बरहवा रेंज के अंतर्गत ग्राम लोहेपनिया में पिछले दिनों लकड़कट्टों ने10 पेड़ शीशम के बिना परमिट के ही काट डाले। क्षेत्रीय लोग अजीज नक्के शिवराम राजू आदि ने बताया कि ठेकेदार ने 20 पेड़ शीशम का खरीदा है मौका पाते ही एक-एक पेड़ काट रहे हैं क्षेत्र में बढ़ रही अवैध कटान के खिलाफ वन विभाग बौना साबित हो रहा है।एक तरफ जहां सरकार हरे पेड़ लगवाने का कार्य कर रही है वहीं दूसरी तरफ लकड़कट्टो के द्वारा क्षेत्र में लगे पेड़ काटकर वीरान किया जा रहा है। बरहवा रेंज के रेंजर केपी सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम भेज कर जांच कराई जा रही है दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## मनीराम दास ने मोंटी पहलवान को हराया



उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**दो दिवसीय** अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के दूसरे दिन मुन्ना टाइगर पहलवान राजस्थान,लकी थापा नेपाल व मनीराम दास आयोध्य ने कुश्ती में जीत हासिल की । कुश्ती दंगल के मुख्यअतिथि डॉ अब्दुल रहीम ने पहलवानो का हाथ मिलाकर शुरू कराया। रविवार को उतरौला नगर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहला मुकाबला लकी थापा नेपाल व गचका पहलवान श्रीनगर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें एक तरफा मुकाबले में लकी थापा ने पटखनी देकर जीत हासिल की।दूसरा मुकाबला मनीराम दास आयोध्या व मोंटी पहलवान दिल्ली के बीच हुआ जिसमें मनीराम ने दिल्ली के पहलवान को अखाड़े ने पटखनी देकर चित कर दिया।तीसरा मुकाबला मुन्ना टाइगर ने रिजवान गनी जम्मू कश्मीर को हरा कर मुकाबला जीता। विराट कुश्ती दंगल के आयोजक राम प्रताप वर्मा पहलवान ने आये सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। दंगल देखने के लोगो की भारी भीड़ मौजूद रहकर पहलवानो का हौसला बढ़ाया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**चोपन।** शासन के आदेशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन रविवार को रामलीला मैदान चोपन में कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गौड़ उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि संजीव गौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के करोड़ों लोगों को विभिन्न योजनाओं के जरिए मूलभूत सुविधाएं देकर उनके जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने और इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को उसके हित में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी देने की है। ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली व ईओ देवहूति पाण्डेय ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अर्न्तगत है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जहां केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार हो सके तथा उसके साथ ही जो पात्र व्यक्ति अभी तक किन्ही कारणों से योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाये।

उक्त कार्यक्रम में जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल यथा-प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, जिलापूर्ति कार्यालय राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य कैंम्प, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, बैंको के माध्यम से बीमा योजना आदि का स्टाल लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिया गया। लाभार्थियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का लाभ लिया। चोपन नगर पंचायत में इस यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल था जिससे एक ही स्थान पर नगर वासियों को योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सभासद दिव्यविकास सिंह ने किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सुभाष यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, पिओ डूडा राजेश उपाध्याय, सतेंद्र आर्या, अमरनाथ यादव, राजन जायसवाल, अशोक सिंघल, विकास चौबे, अमित सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, तीर्थराज शुक्ला इत्यादि लोग रहे।

### मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

कोन, समृद्धि न्यूज़

**पुलिस अधीक्षक** सोनभद्र के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल दर्शन में मादक पदार्थो की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोन द्वारा गठित टीम अन्तर जनपदीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि रविवार की सुबह किशुनजूलाजोत तिराहा कचनरवा से बसंत शर्मा पुत्र स्वर्गीय विंध्याचल शर्मा निवासी कचनरवा टोला गौरा सिंहा को नाजायज 1 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया एवं संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को मा . न्यायालय भेजा गया गठित टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद हेड कांस्टेबल विनोद सिंह यादव एवं कांस्टेबल अर्जुन सरोज मौजूद रहे ।

# आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव में नही पहुंची बिजली

बी पी त्रिपाठी



**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील व विकास खंड उतरौला का एक ऐसा गांव जहां पर आजादी के 75 वर्ष बाद भी बिजली की रोशनी नहीं पहुंच सकी। बचपन से बिजली के बल्ब की रोशनी का इंतजार कर रहे ग्रामीणों की जवानी भी ढल चुकी है। इसके बावजूद गांव के लोग विद्युतीकरण की राह ताक रहे हैं?। बिजली की समस्या को लेकर गांव के लोग अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक की गुहार लगाकर थक चुके हैं। लेकिन बिजली के नाम पर उन्हें अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उतरौला तहसील क्षेत्र के फत्तेपुर ग्राम पंचायत के मजरा हैदरगढ़ , वजीरगंज गांव में विद्युतीकरण कराए जाने को लेकर यहां के लोग पूर्व में धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। लेकिन उससे भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। दोनों गांव में लगभग 85 घर हैं। और 600 लोगों की आबादी है। उतरौला विकासखंड का यह गांव गैसड़ी ब्लॉक के घापलापुर मिश्रौलिया गांव से सटा हुआ है। इन दोनों गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित गैसड़ी ब्लॉक के गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। ग्राम वासी चिक्का ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व गांव में बिजली का खंभा लगाया गया था जो आज तक वैसे ही खड़ा है। 200 मीटर दूरी पर उपलब्ध बिजली और इस गांव के बीच एक बड़े सुंवाव को बाधा बताया जा रहा है।

### बिजली न होने से कोई नहीं ब्याहना चाहता है लड़की

ग्राम वासी राम चरित्र बताते हैं कि बिजली न होने से इस गांव में कोई अपनी लड़की की शादी नहीं करना चाहता चाहता है। बिजली न होने की जानकारी होते ही हर कोई अपने बहन बेटी का रिश्ता इस गांव में नहीं करना चाहता है। बड़े मुश्किल से इस गांव के लड़कों की शादियां हो पाती हैं।

### पढ़ाई में है बड़ी बाधा

राम सजीवन कहते हैं कि इस गांव के पढ़ने वाले बच्चे बिजली न होने के कारण शाम को अपनी पढ़ाई नहीं कर पाते हैं।

### बेकार पड़े हैं बिजली के उपकरण

कुछ लोगों के घरों में शादी विवाह में मिले उपहार स्वरूप टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इलेक्ट्रिक प्रेस, कूलर, पंखा समेत अनेक इलेक्ट्रिक उपकरण बेकार पड़े हुए हैं। गांव में बिजली न होने के कारण यह सभी इलेक्ट्रिक उपकरण हमारे लिए किसी काम के नहीं है।

### शाम होते ही घरों में दुबक जाते हैं

सैफुल्लह बताते हैं कि सूरज ढलते और शाम होते ही इस गांव के लोग अपने-अपने घरों में दुबक जाते हैं क्योंकि गांव में अंधेरा छा जाता है। अंधेरे में बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है।

### नदी उस पार होना है बड़ी समस्या

राम सुरेश बताते हैं कि ग्राम पंचायत फत्तेपुर का यह दोनों मजरा राप्ती नदी के उस पर है। नदी उस पर होने के कारण यह अपने ग्राम पंचायत फत्तेपुर से भी अलग है। फत्तेपुर तक विद्युत आपूर्ति उतरौला विद्युत सब स्टेशन से संचालित है। लेकिन इसी ग्राम सभा के नदी उस पर मजरा हैदरगढ़, वजीरगंज अभी तक बिजली से वंचित हैं। इन दोनों मजरों में 85 घर और आबादी लगभग 600 है।

### चांद पर पहुंचा देश लेकिन नहीं पहुंची बिजली

संतोष कहते हैं कि जहां एक तरफ देश चांद पर पहुंच चुका है वहीं हमारे गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंच पाई है।

### दूसरे गांव में मोबाइल चार्जिंग करते हैं यहां के लोग

ह्रदय राम कहते हैं कि बिजली न होने के कारण हमारे गांव में किसी को भी सौभाग्य बिजली कनेक्शन योजना का लाभ नहीं मिल पाया। अपने गांव से 5 किलोमीटर दूरी पर जा करके मोबाइल चार्ज करते हैं प्रति मोबाइल 10 रूपए चार्जिंग के देने भी पड़ते हैं।

रामकुमार बताते हैं कि गांव में कुछ लोगों ने सोलर पैनल और बैटरी की व्यवस्था कर रखी है जिससे उन लोगों को कुछ हद तक सहूलियत मिल जाता है। बरसात, शीतलहर अथवा सूरज न निकलने पर सोलर पैनल भी कार्य नहीं करता। हम ग्रामवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। इस गांव के बच्चों की पढ़ाई सिर्फ दिन में हो पाती है रात में पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जगदंबा, वृंदा, शोभा, बाबूलाल मौर्य, हलीम, चैतू, अन्नन, मोहर्रम अली, नान्हू, मंगरे, मिनके आदि ग्राम वासियों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से शीघ्र ही इस गांव में बिजली पहुंचाने की मांग की है।

### कोई इस गांव में आना पसंद नहीं करता

राम सुरेश बताते हैं कि बिजली की आस में हमारे गांव के पूर्वज भी गुजर चुके हैं और हम लोगों की भी काफी उमर हो चुकी है लेकिन अभी तक गांव में बिजली नहीं पहुंची। इसीलिए हमारे गांव में कोई भी मेहमान आना पसंद नहीं करता है।

### बंटवारे को लेकर भाईयों का विवाद कोतवाली पहुंचा

**जालौन (उरई)।** बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरयाना निवासी बालक सिंह व रामजगत के बीच पारिवारिक बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। गाली, गलौज के बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी।

**कार्यालय ग्रा0पं0 जनैया सठैया वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांक -मीमो/ग्रा0पं0कार्य-पंचम-केंद्रीय वित्त/टेण्डर/2023-24 दिनांक 06/01/2024

पंचम/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत जनैया सठैया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08/01/2024 से 12/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गमा देवी के मंदिर से लज्जाराम के मकान तक मिट्टी एवं इंटरलाकिंग कार्य | जनैया सठैया | समस्त सामग्री स्टीमेट अनुसार | 2.80 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- 1-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पेनकार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 2-सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3- निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान (ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत) ग्राम जनैया सठैया, वि0,ख0 बढ़पुर सचिव (बरखा राजपूत)

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुसरापुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/पंचायती राज आयोग के अन्तर्गत/ वितीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 06/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/पंचायती राज योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुसरापुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08/01/2024 से 14/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गुसरापुर में उचित दर की दुकान व जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | मनरेगा-746500 पंचायती राज-99500 कुल-846000 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (स्नेहा बाजपेयी) ग्रा0पं0 गुसरापुर, शमशाबाद सचिव (प्रशांत कटियार)

# साधू सन्तों की विशाल शोभायात्रा का श्रद्धालुजनों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

▸ इत्रनगरी के सिद्धपीठ माता फूलमती देवी मंदिर परिसर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा तथा सन्त सम्मेलन के पांचवे दिवस शहर में निकली शोभायात्रा

**इत्रनगरी के** सिद्धपीठ माता फूलमती देवी मंदिर परिसर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा तथा सन्त सम्मेलन में भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को मन्दिर परिसर से साधू सन्तों की विशाल शोभायात्रा शहर भ्रमण हेतु निकली। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बैण्डबाजों की भक्तिमयी धुन पर श्रृद्धालुजन भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

इत्रनगरी के एतिहासिक सिद्धपीठ माता फूलमती देवी मंदिर में विगत 3 जनवरी से एवं श्रीमद्भागवत कथा तथा सन्त सम्मेलन का आयोजन चल रहा हैं। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत रविवार को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जनपद सहित अन्य जनपदों से आये साधु-संत शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ मां फूलमती देवी मन्दिर परिसर से हुआ। शोभायात्रा शहर के मोहल्ला चिरैयागंज से होते हुए कचहरी टोला, बड़ा चौराहा, लाखन



तिराहा, बड़ा बाजार, फर्श रोड होते हुए वापस मन्दिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में झांकियों को भी शामिल किया गया। बैंडबाजों की भक्तिमय धुन वातावरण हो श्रृद्धालुजनों को भावविभोर कर रही थी। मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। महिलाओं ने घर की छतों पर आकरे साधु-संतों पर फूल बरसाए। मां फूलमती मन्दिर के पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष मन्दिर परिसर में शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में संत महात्माओं को बुलाने के लिए निमंत्रण दिया जाता है। जनपद सहित दूर दराज से भारी संख्या में साधू सन्त यहां आते हैं। बताया कि नैमिष पीठाधीश्वर स्वामी उपेन्द्रानंद सरस्वती, मेहंदीघाट के वेदेश्वर जी महाराज, फर्रुखाबाद से श्रीकृष्णानंद महाराज, जूना अखाड़ा बनारस से बाबा बृजेशपुरी और बरदानी बाबा समेत कई साधू सन्त और महात्मा कार्यक्रम में पधारे हैं। आज विशाल शोभायात्रा निकाली गई है।

## रोटरी क्लब शौर्य की ओर से 28 व 29 को आयोजित होगा नेत्र शिविर व कृत्रिम अंग वितरण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** रोटरी क्लब शौर्य के तत्वाधान में 28 व 29 जनवरी को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन एवं निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण का विशाल शिविर सरायमीरा स्थित मेरठ कोल्ड स्टोरेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। जवाहरलाल रोहतगी नेत्र हॉस्पिटल कानपुर के कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जाएगी ओर उसके बाद जिन रोगियो के नेत्रों का आपरेशन होगा, उन्हें निशुल्क बस द्वारा कानपुर भेजा जाएगा। साथ ही श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा राजस्थान के कुशल डॉक्टरों द्वारा दिव्यांगजनों जांच कर तत्काल कृतिम हाथ या पैर का वितरण किये जाएंगे।

रोटरी क्लब शौर्य के चार्टेड प्रेसिडेंट अमिताभ गुप्ता एवं रोटरी क्लब कन्नौज के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 जनवरी को प्रातः दस बजे से दो बजे तक निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमे जवाहर लाल नेहरू रोहतगी कानपुर के डॉक्टर्स की टीम द्वारा आखों की जांच की जाएगी। ऑपरेशन के लिए उपयुक्त मरीजों को उसी दिन रोटरी क्लब द्वारा बस के माध्यम से मरीजों को जवाहरलाल रोहतगी नेत्र हॉस्पिटल कानपुर भेजा जाएगा। वहां ऑपरेशन होने के बाद उसी बस के द्वारा अगले दिन मरीजों को कन्नौज वापस भेज दिया जायेगा। साथ ही जिस मरीज के एक या दोनो हाथ, एक या दोनो पैर न होने पर निशुल्क आर्टिफिशियल हाथ पैर मरीजों को लगा दिए जायेगे। इसमें श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा राजस्थान के कुशल डॉक्टरों द्वारा जांच कर तत्काल कृतिम हाथ या पैर का वितरण कर दिया जायेगा। बताया कि इस शिविर में निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र, कान, नाक, गला, दांत, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर के मरीजों की जांच होगी। इसके अलावा हर्निया, हाइड्रोसील, पथरी, भगंदर, बच्चेदानी का निकालना, अपेंडिक्स, प्रोस्टेट, गर्भाश्य में गांठ का निशुल्क ऑपरेशन कानपुर में कराया जायेगा। मरीजो को अपने साथ आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य होगा। यह कैंप मेरठ कोल्ड स्टोरेज तिर्वा क्रॉसिंग सरायमीरा में आयोजित किया जायेगा। शिविर में कन्नौज के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला दिव्यांग अधिकारी, इनर व्हील क्लब की चेयर मैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शिविर की सफलता हेतु रविवार को रोटरी क्लब शौर्य के पदाधिकारियों ने बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में अमिताभ गुप्ता, बिपिन कटियार पुष्कर कन्नौजिया, बिपिन मिश्रा, कमल मेहरोत्रा, विवेक तिवारी, रोटरी क्लब कन्नौज के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला सहित कई रोटेरियन मौजूद रहे।

## इलाहाबाद चिंतन शिविर को सफल बनाने की मनाई रणनीति

▸ भारतीय किसान यूनियन की बैठक संपन्न

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी समृद्धि न्यूज

**जिला कार्यालय** पर भारतीय किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने जिलाध्यक्ष के समक्ष लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों पर गंभीर आरोप लगाए। जिस पर जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक किसानों का उत्पीड़न करना बंद कर दें अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

रविवार को इस्माईलपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि इलाहाबाद में होने वाले तीन दिवसीय चिंतन शिविर में जनपद कन्नौज से सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता भाग लेने के लिए ट्रेन द्वारा रवाना होंगे। कहा कि चिंतन शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की उपस्थिति में आगामी होने वाले आंदोलनों की रूपरेखा तय की जाएगी। महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा किए गए वादों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार की इस वादा खिलाफी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिला प्रवक्ता डॉ. राकेश कटियार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए अनुशासन में रहने की बात कही। इस मौके पर इरशाद अली, मारूफ खान रिजवान अहमद धर्मेंद्र प्रताप सिंह बबलू ठाकुर प्रमोद कुमार त्रिपाठी, जीतू यादव, सुरेश सिंह यादव,रजाउल अली, उपेंद्र सिंह राजपूत, अनिल कुमार, अरुण, मो.शहराज, आलोक कुमार राजपूत, राहुल कुमार, अनुराग यादव, अकील फारूखी, अरुण कुमार सिंह, मुईन अहमद, रणजीत राजपूत, असगर खान, अमित कुमार राजपूत, अनुज कुमार, सुभाष चंद्र, राजेश कुमार, अमन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में भाग लेंगे प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी

▸ आगामी 9 जनवरी मंगलवार का जनपद मुख्यालय के सरायमीरा जीटी रोड स्थित एक होटल में आयोजित होगी बैठक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** उद्योग व्यापार मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के निर्देश पर आगामी 9 जनवरी मंगलवार को दोपहर 11 बजे जनपद मुख्यालय के सरायमीरा जीटी रोड स्थित एक होटल में कानपुर मंडल एवं जनपदीय पदाधिकारीयों की एक अति आवश्यक बैठक आहूत की गई है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं कानपुर मंडल प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में नवगठित प्रदेश कार्यसमिति के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल व प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन एवं प्रदेश महामंत्री सतीश सर्राफव प्रदेश महामंत्री अनुपम अग्रवाल तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में कानपुर मंडल सहित जनपदीय पदाधिकारीयों से संगठन की सुदृढ़ता के साथ साथ जनपद के जिला उद्योग केन्द्र, जीएसटी विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, कांटा बांट माप विभाग, श्रम प्रवर्तन विभाग, जिला आपूर्ति विभाग सहित उद्यमियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा के संदर्भ में होने वाली दुश्वारियों, परेशानियों व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए चर्चा होगी और संगठन के जिला एवं मण्डल स्तरीय पदाधिकरियों का मार्ग दर्शन किया जाएगा।

## खबरें चलते-चलते

### मौसम की मार सर्द हवाओं के साथ बड़ी गलन जनजीवन प्रभावित

**छिबरामऊ कन्नौज।** अगहन का महीना तो सामान ठंड के साथ गुजर गया लेकिन पूछ की रात भारी गुजरी अवसर मौसम का मिजाज अब तलाक हो चुका है शुक्रवार की देर दोपहर बाद सूरज देवता का निकलना हुआ तो लोगों ने धूप में बैठकर मजा लिया जैसे-जैसे सूरज ढलता रहा वैसे-वैसे ठिठुरन बढ़ती रही शाम होते ही सर्दी अपने पूरे तूफान में थी अधिकतर लोगों की आंखों से देखते-देखते सूरज चला गया और सर्दी का प्रकोप बढ़ता रहा शाम होते ही लोग बाजारों से गायब दिखने लगे और लोगों ने अपने-अपने घरों के लिए चल दिए हाफ और हाईवे पर आता है प्रभावित काम देखने को मिला बदलते मौसम का असर जनजीवन का पर पढ़ने लगा शीत लहर के बाद अब कोरा कब कभी चुडा रहा है ऐसे में नगर पालिका की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की गई ना कहीं अलाव नहीं जल रहे हैं अधिकतर देखे गए हुए लोग जैसे सौरिख तिराह तालग्राम तिराह पूर्वी बाईपास फर्रुखाबाद चौराहा आदि जगहों पर कहीं पर अलाव नहीं लगाया गया नगर पालिका प्रशासन बड़ी लापरवाही कर रही है सर्दी अपने साथ में आसमान पर ओवर रही है आने जाने वाली राहगीरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के साथ छाए रहे बदल नहीं हुए सूर्य के दर्शन हाईवे पर रेगते रहे वहन वही बर्फील हवाएं चलने से लोग ठिठुरते नजर आएं न्यूनतम तापमान में गिरावट आई।

### सर्राफा व्यापारी के घर पहुंच कर विधायक ने जताया शोक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो दिन पूर्व व्यापारी के साथ लूट एवं हत्याकांड को लेकर छिबरामऊ विधायक ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार वालों को ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर जल्द आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए। रविवार की दोपहर छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने दो दिन पूर्व मलिकपुर से समधन के बीच हुई व्यापारी के साथ लूट एवं हत्याकांड के मामले की जानकारी को लेकर परिजनों के बीच जाकर घटना पर दुख जताया और पहले से ही मौजूद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद एवं कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा से बात की। घटना के संबंध में आरोपियों को जल्द पकड़ने की बात कही। इस मौके पर भाजपा नेता राजीव ठाकुर, विवेक कुमार, दीपू शर्मा, विनय वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, दी सख्त हिदायत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** संदिग्धों की तलाश व अपराधियों पर अंकुश लगाने को लेकर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के निर्देशन में मिरगांवा समीप पूर्वी वाईपास पर मझपुरवा चौकी पुलिस द्वारा रविवार को संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मझपुरवा चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा ने अपने हमराहियों के दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान को लेकर सड़क पर आने-जाने वाले वाहन चालकों में अफरा-तफरी देखी गई।पुलिस ने यातायात के नियमों को अनुपालन को लेकर वाहन स्वामियों को जागरूक करते हुए कहा कि बाइक सवार बिना हेलमेट पहने बाइक ना चलाएं और चार पहिया वाहन चलाते समय वाहन चालक सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफकानूनी कार्यवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में निरंतर संदिग्ध वाहनों को लेकर चेकिंग अभियान जारी रहेगा। क्षेत्र में असामाजिक तत्व एवं माहौल बिगाड़ने बाले संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर जेल भेजा जाएगा। इसी क्रम में नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा ने चौकी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

### शांतिभंग के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने शातिभग के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है। थाना इन्दरगढ़ उप निरीक्षक रणवीर सिंह एवं उप निरीक्षक शिवआसरे ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि ललित राजपुत पुत्र राधाकिशन, देवेंद्र कुमार पुत्र सियाराम, अमित कुमार पुत्र राधाकिशन व विशाल पुत्र गोकुल प्रसाद, सौरभ पुत्र करनलाल निवासीगण ग्राम ककराहा के खिलाफशांतिभग की कार्यवाही करते हुए उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

## अतिक्रमण के चलते सिकुड़ गया तिलखुरिया नाला

**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर में बरसात के दिनों में होने वाले जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य में पालिका प्रशासन ने तिलकुरिया नदी की सफाई का अभियान शुरू किया है हालत यह है कि करीब 10 मीटर चौड़ी इस नदी पर हुए अवैध कब्जों से नदी का स्वरूप को बदल कर रख दिया है अतिक्रमण के चलते नदी नाला बनकर रह गई ऐसे में सफाई कर में काफी कठिनाइयो आ रही हैं जब भी बारिश होती तब तक नगर में कई जगह जल भराव की समस्या खड़ी हो जाती हैसबसे बड़ी मुसीबत प्रोफेसर कॉलोनी और रामनगर मोहल्ले को उठानी पड़ती है इस बार नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बारिश में होने वाले जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की वीणा उठाया है समस्या का सर्वे करने के बाद तय हुआ कि यदि तिलकुरिया नदी को सफाई कर दी जाए तो जल भराव को समस्या काफी हद तक निजात मिल सकती है ऐसे में उन्होंने एक अभियान के तौर पर तिकुरिया नदी की सफाई का इसके लिए जेसीबी मशीन ना देख उन्होंनेपोकलेट मशीन की व्यवस्था कराई जब पोकलेट सफाई के लिए पहुंची तो वहां जगह-जगह अतिक्रमण को दिख नदी को की पैमाइस करने का निर्णय लिया गया क्षेत्रीय लेखपाल विमल मिश्रा की टीम ने तिलकुरिया नदी की पैमाइस कराई उन्होंने बताया कि इसकी चौड़ाई लगभग 10 मीटर है कई जगहलोगों ने इस पर अतिक्रमण कर रखा है ऐसे में पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि पैमाइस के बाद भी नदी पर जिन लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया है उनको नोटिस जारी किए जाएंगे और उनके अतिक्रमण को हटाया जाएगा इस समय पोकलेट मशीन फर्रुखाबाद रोड पर काशीराम कॉलोनी तक तिलखुरिया नदी की सफाई में जुटी है इस दौरान वहां भी कई जगह लोगों के अवैध कब्जे पाए गए यहां तक की लोगों ने जमीन पर पक्के निर्माण तक कर लिए हैं जिसके चलते नदी की सफाई में पोकलेट मशीन की काफी दिक्कत आ रही है हालत यह है की जगह-जगह तो अवैध कब्जे के चलते पोक लेट को उसे मशीनकी सफाई छोड़नी पड़ रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▸ यात्रा के माध्यम से पात्रों तक पहुंच रहा सीधा लाभः सुब्रत पाठक

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर के** रामलीला मैदान पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का सांसद सुब्रत पाठक एवं विधायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। नगर पालिका द्वारा लाभार्थियों को लाभ पहुँचाने हेतु विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये जिनमें विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला बाल एवं पोषण विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला पूर्ति विभाग, श्रम कल्याण विभाग, महिला एवं बाल संरक्षण विभाग, डूडा विभाग, नगर विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे, बाल पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिल्ली से



आई नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा अपने प्रस्तुति से सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनायें जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, का प्रचार किया गया साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनता को पॉलीथीन प्रतिबन्धन की जानकारी दी गई आम जनता से अपने आस-पास सफाई रखने की अपील की गई। कार्यक्रम के अन्त मे उपरान्त प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को चाभी प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मोदी जी का सन्देश एवं कार्ड दिया गया। इसी दौरान सांसद सुब्रत पाठक विधायिका अर्चना पांडे पालिका अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप दिव्यांग कुव दुर्गा देवी को मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह, भाजपा नेता जीतू तिवारी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, संतोष चतुर्वेदी, विहिप जिला अध्यक्ष नीरज मिश्रा, व्यापारी नेता सागर अग्रवाल लकी, समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता, शिवम राज वर्मा, भाजपा नेता देवेंद्र देव, डॉ. सुधीर दिक्षित, डॉ. आरके कटियार, विकास गुप्ता, विजय दुबे, उमाकांत सैनी, राकेश तिवारी, रविकांत तिवारी, पूर्व सूबेदार मेजर ओम प्रकाश त्रिपाठी, सभासद निर्मल श्रीवास्तव, बड़े बाबू आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, संदेश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## श्री राम मंदिर धर्मशाला में होंगे धार्मिक आयोजन



श्री राम मंदिर का निरीक्षण करते डीएम व एडीएम समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

▸ नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा महोत्सव

**अयोध्या में** श्री राम मंदिर जन्मोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 से 22 जनवरी तक राम मंदिर धर्मशाला में धार्मिक आयोजन किए जाएगे। यह निर्देश जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान दिए। रविवार की देर शाम नगर के मुख्य चौराहा स्थित श्री राम जानकी मंडपम में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, अपर जिला अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने रामजन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 14 से लेकर 22 जनवरी तक धार्मिक आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि नगर में सजावट और दीपावली मनाकर महोत्सव मनाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने मंदिर के पुजारी राकेश चंद्र द्विवेदी से अखंड रामायण, सुंदरकांड पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित कराए जाने निर्देश दिए। इस दौरान मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, विजय कुमार दुब, पंकज गुप्ता राकेश चंद्र वर्मा, मोनू गुप्ता, अमन कठेरिया देवेंद्र कुमार देव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना,आवास योजना का लाभ अगर रीता को मिला तो सबीना को भी मिला: विधायक अर्चना पांडे

समधन,समृद्धि न्यूज़

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत नगर पंचायत समधन में कार्यक्रम का हुआ आयोजन हमारा संकल्प विकसित भारत रविवार को समधन नगर दंगल मैदान में एक सभा को भी संबोधित किया गया कार्यक्रम में छिबरामऊ विधायिका अर्चना पांडे ने समधन चेयरमैन आसमा बेगम व अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद नगर पंचायत समधन अध्यक्ष आसमा बेगम ने विधायक अर्चना पांडे को साल उड़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने विधायक अर्चना पांडे को चित्र भेंट किया अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने भी विधायिका को गुलदस्ता भेंट किया बाद में कार्यक्रम पंडाल में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम के





दौरान विधायक अर्चना पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि उज्वला गैस कनेक्शन योजना देने का नंबर आया तो रीता को भी मिला और सबीना को भी मिला राम को मिला तो रहीस को भी मिला अगर आवास योजना में रमजान को मिला तो रामदास को भी मिला कहीं हिंदू और मुसलमान के नाम पर भेदभाव नहीं हुआ इस देश का प्रधानमंत्री एक ऐसा व्यक्ति निकला जिसे इस देश की सुरक्षा और इस देश की चिंता ऐसे की जैसे एक परिवार का पिता करता है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस देश के करोड़ों लोगों को मुफ्त में राशन देने का काम किया है।

वर्ष 2014 में मोदी जी ने चुनाव वादो पर लड़ा था फिर 2019 का चुनाव मोदी जी ने विश्वास पर लड़ा था अब 2024 का चुनाव मोदी जी फिर विश्वास के साथ लड़ेंगे और पुनः सरकार बनाने का काम करेंगे इसी दौरान उज्वला योजना, आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को अर्चना पांडे ने प्रसरित पत्र व आवास योजना की चाबी भेंट की गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह,चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, देवेंद्र देव क्षेत्रीय मंत्री, राजीव ठाकुर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, विनय राज वर्मा, मोहम्मद तारिक, आमीन शेख के अलावा विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, मोहम्मद राशिद,नईम,रफी, मानू खान, राजा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# जयपुर जा रहा युवक ट्रेन पर चढ़ते समय फिसला, कटकर मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**जयपुर जाने** के लिए ट्रेन पकड़ते समय युवक का पैर फिसल गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इनायत नगर मजरा सुभानपुर निवासी भूपेन्द्र उर्फभूरा शाक्य उम्र 22 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार शाक्य अपने गाँव दोस्त सूरज उम्र 21 वर्ष पुत्र राम विलास तथा सतेन्द्र उर्फ डेन्जर के साथ जयपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर शाम 8 बजे आया था। यह लोग कायमगंज रेलवे स्टेशन से करीब 50 फुट दूर पूरब की ओर बैठकर ट्रेन का इन्तजार कर रहे थे। ट्रेन जयपुर गमतीनगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 10.34 पर आयी। उसी



मृतक का फाइल फोटो

दौरान ट्रेन में सूरज चढ़ गया और ट्रेन चल दी। भूपेन्द्र ट्रेन में चढ़ने लगा, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वह नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आ गया और वह काफी दूर तक ट्रेन के साथ घिसटता चला गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गयी।



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

साथी सतेन्द्र चलती ट्रेन से नीचे उतारा और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही माँ कुसमा, भाई ओमकार, योगेन्द्र, योगेश आदि परिजन मौके पर पहुंच गये। आरपीएफव जीआरपी इन्चार्ज रामकेश ने घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की। वहीं जीआरपी इन्चार्ज ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जयपुर गोमतीनगर एक्सप्रेस के ठहराव की व्यापारियों ने की थी मांग

कायमगंज। जयपुर गोमती नगर एक्सप्रेस के कायमगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए लायन्स क्लब सहित व्यापारियों ने मांग की थी। जिसके ठहराव के लिए सांसद मुकेश राजपूत ने कायमगंज रेलवे स्टेशन पर जयपुर गोमती नगर एक्सप्रेस को झन्डी दिखाकर जयपुर के लिए रवाना किया था। मृतक के परिजनों के अनुसार भूपेन्द्र अपने दोस्त सतेन्द्र के साथ जयपुर धागा फैक्ट्री मे नौकरी करने के लिए जा रहा था, तभी यह घटना घट गयी।

# डीएम ने आरोग्य मेले का लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी संजय** कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण कर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने इस दौरान कहा कि ग्रामीणों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। दवा सबको मिलनी चाहिए।

जानकारी के अनुसार रविवार को जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति एवं स्वास्थ्य व्यवस्थायें ठीक पायी।इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0एच0सी0 में लगे नेत्र परीक्षण शिविर का रजिस्टर, ओ0पी0डी0 रजिस्टर, लेवर रूम आदि को चेक किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डा0 गौरव द्वारा बताया गया कि आज आरोग्य मेला के दौरान ओ0पी0डी0 में 14 मरीजों को देखा गया गया है। विगत एक माह में 61 प्रसव भी अस्पताल में कराये गये हैं। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सबको दवा आदि मिलनी चाहिए। इस दौरान सभी कर्मचारी व चिकित्सक उपस्थित मिले।



रजिस्टर देखते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## मेला श्रीराम नगरिया की तैयारियां तेज, डीएम व विधायक ने किया निरीक्षण

**22 जनवरी को डीएम करेंगे उद्घाटन, 51 हजार दीपकों से सजेगा गंगा तट**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक व जिलाधिकारी ने मेला श्रीरामनगरिया क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार 25 जनवरी से लगने वाले माघ मेला श्रीरामनगरिया का सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण किया। मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने निर्देश दिये। मेला क्षेत्र में फैली गंदगी देखकर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने साफ-सफाई कराने के मेला व्यवस्थापक को निर्देश दिये। बताते चलें कि इस बार मेला श्रीरामनगरिया के उद्घाटन पर 51 हजार दीपकों से सजेगा गंगा तट तथा 21 हजार दीपों का किया जाएगा दीपदान। मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित ने मेला श्रीरामनगरिया को सरकारी मान्यता दिए जाने की मुख्यमंत्री से मांग की है, ताकि मेले के लिए ग्रांट मिल सके।

## एसपी ने कर्नलगंज चौकी इंचार्ज को किया लाइनहाजिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपने अधिकारी से अभद्रता करने के मामले में कर्नलगंज चौकी इंचार्ज को पुलिस अधीक्षक ने लाइनहाजिर कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ की चौकी कर्नलगंज के चौकी इंचार्ज भूकेंद्र सिंह फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी सेकेंड अफसर क्राइम स्वदेश विश्वकर्मा से किसी बात को लेकर उन्होंने अभद्रता कर दी। जब मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया, तो पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर कर दिया। बताया जा रहा है कि चौकी इंचार्ज अपने किसी निजी मामले को लेकर तनावग्रस्त चल रहे हैं। ऐसे में वह डियूटी पर भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इसी संदर्भ में जब फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी सेकेंड अफसर ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो वह आगबबूला हो गये और अभद्रता करने लगे। मामला जब एसपी के पास पहुंचा, तो उन्होंने लाइनहाजिर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस अधीक्षक की ओर से इस संदर्भ में कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है।

## भाई की पिटाई से क्षुब्ध बहन ने पिया कीटनाशक, भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भाई कि पिटाई से क्षुब्ध होकर बहन ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी करिश्मा गिहार उम्र17 वर्षीय पुत्री दिनेश कुमार को किसी बात पर भाई अंशू ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे शुब्द होकर करिश्मा ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

## छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उलियापुर निवासी सरला देवी पत्नी श्याम सुन्दर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनॉक 24 दिसंबर को मेरी पुत्री उम्र 16 वर्ष जो की कायमगंज के एक स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा है, को अमित कश्यप पुत्र रामवीर निवासी आलूपुरा थाना मैनपुरी बहला फुसला भगा ले गया। मेरी पुत्री को ले जाते समय मेरे छोटे पुत्र सुमित ने उसे देखा है। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर अमित कश्यप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अम्बेडकर पार्क के लिए जाने वाले रोड पर दबंगों का कब्जा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तहसील कायमगंज** थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव शाहआलमपुर मजरा हुसंगा में आम्बेडकर पार्क बना हुआ है। पार्क में डॉ0 बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है। इस पार्क के लिए जाने वाली सड़क को क्षतिग्रस्त कर गांव के ही बहादुर सिंह, राजेन्द्र सिंह, मदनपाल ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस सम्बन्ध में गांव के ही मनीष, सीताराम, राजेश, सुनील व रवी आदि ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की। जिसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। उक्त ग्रामीण मनीष ने बताया कि ठेकेदार द्वारा बताया गया कि सड़क की चौड़ाई करीब पौने चार मीटर थी। मौके पर सड़क की चौड़ाई करीब दो मीटर शेष बची है। सड़क पर रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। सड़क पर चल रहे रिपेयरिंग कार्य में उक्त दबंग लोग बाधा डाल रहे हैं। शिकायत के बाद भी दबंगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। सड़क से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अम्बेडकर पार्क जाने वाला चकरोड — समृद्धि न्यूज

# प्रेमी युगल ने भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानकर रचाया विवाह

- दोनों पक्षों ने एक दूसरे का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत सत्कार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** कहावत है इश्क और मुश्क छुपाए नहीं छुपता, ऐसा ही एक मामला शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लाडमपुर दोयम में देखने को मिला। जहां एक प्रेमी युगल ने पहले कचहरी कोर्ट मैरिज की और उसके बाद शमसाबाद नगर में स्थित सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर जहां भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानकर प्रेमी युगल ने प्रेम विवाह रचाय। बताया गया है नगर के मोहल्ला लाडमपुर दोयम निवासी अभिषेक गौतम पुत्र सोनेलाल का सरिता पुत्री जगदीश निवासी नई बस्ती बल्लू बेहटा कोतवाली कायमगंज हाल निवासी लाडमपुर दोयम से पिछले 3 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब दोनों के प्यार की चर्चायं मुहल्ले के लोगों की जुबान पर होने लगीं, तो दोनों ने बिछड़ने के डर से प्रेम विवाह कर नया आशियाना बसाने का फैसला किया। अभिषेक के अनुसार 16 दिसंबर को सरिता से कोर्ट मैरिज की। तदोपरांत शमशाबाद थाना पुलिस को एक पत्र देकर चौमुखी महादेव मंदिर में विवाह करने की जानकारी दी। 6 जनवरी की शाम भगवान भोलेनाथ के ऐतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर जहां दोनों पक्षों के लोग एकत्रित हुए। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानकर प्रेम विवाह रचाया गया। प्रेमी युगल द्वारा प्रेम विवाह किए जाने के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे का दिल खोलकर स्वागत सत्कार किय। प्रेम विवाह के दौरान मंदिर पर तमाम लोगों की भीड़ उपस्थित थी, जो प्रेम विवाह की साक्षी बनी।

# क्षेत्राधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण व्यापार मंडल ने किया स्वागत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**उद्योग व्यापार** प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम के नेतृत्व में नवनियुक्त कायमगंज के क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह का स्वागत किया गया। उनके कार्यभार संभालने पर उन्हें व्यापारियों ने बधाई दी तथा पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सभी लोग यातायात का पालन करें और हेलमेट अवश्य पहनें। आपके जीवन को सुरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने जल ही जीवन है, इसको बचाने के लिए भी जागरूक किया तथा उन्होंने अतिक्रमण न होने के लिए जाम मुक्त कायमगंज हो, ऐसे सुझाव युवा कमेटी से मांगे और सहयोग करने की अपील की। जिस पर मौजूद व्यापारियों ने सभी प्रकार का सहयोग करने की बात कही। इस तरह के कई विषयो पर चर्चा हुई। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम, महामंत्री अनुराग कौशल, कोषाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, सह कोषाध्यक्ष गौरव वर्मा, उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, सह मीडिया प्रभारी शिवमंगल कौशल, दिनेश राठौर, राजीव राजपूत, मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा, फहीम खान आदि व्यापारी उपस्थित रहे।




सीओ को स्मृति चिंह भेंट करते व्यापारी — समृद्धि न्यूज

# पानी में डूबकर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पानी में** डूबकर आत्महत्या करने जा रहे युवक को डायल 112 पुलिस ने बचा लिया तथा अग्रिम कार्यवाही हेतु कादरीगेट थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर पानी में डूबकर आत्महत्या करने जा रहा है। जिस पर 112 डायल पुलिस सक्रिय हो गयी और तत्काल मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने डूबने जा रहे युवक को हिरासत में ले लिया। पूछने पर उसने अपना नाम सुनील पुत्र नत्थूलाल निवासी घटियाघाट थाना कादरीगेट बताया। डायल 112 पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाना कादरीगेट लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं कोतवाल विनोद शुक्ला ने बताया कि आत्महत्या करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। उपरोक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



पुलिस के साथ मौजूद युवक — समृद्धि न्यूज

# पवित्र गंगा की रेती में गुलजार होने लगा तंबुओं का शहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मोक्षदायिनी गंगा** की पवित्र रेती पर लगने वाले माघ मेला रामनगरिया की तैयारियां शुरु हो गयी हैं। कई संतों ने यहां आकर अपना डेरा जमा लिया है और अपनी झुग्गी झोपड़ी बनाने में जुट गये हैं, ताकि एक माह तक यहां रुककर मां गंगा के सानिध्य में प्रभु का भजन कर सकें।

माघ मास में लगने वाले मेला रामनगरिया को लेकर प्रशासन बैठक कर दिशा निर्देश जारी कर चुका है। जल्द ही मेले का जिलाधिकारी द्वारा शुभारंभ किया जायेगा। वहीं यहां पर एक माह तक गंगा की कोख में रहकर प्रभु का भजन करने वाले साधु संतों ने झुग्गी झोपड़ी बनानी शुरु कर दी हैं। ताकि वह एकांत में रहकर प्रभु की आराधना कर सकें। बताते हैं कि माघ मास में गंगा स्नान कर पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है और आध्यात्मिक शांति मिलती है। पड़ोसी जनपदद हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, मैनपुरी, एटा, इटावा, कन्नौज आदि जिलों से कल्पवासी पहुंचने शुरू भी हो गये हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने माघ माह में कल्पवास की जिस महिमा का वर्णन किया है वह पांचाल घाट गंगा तट पर माघ पूर्णिमा स्नान से पहले ही जीवंत होने लगा है। सामान्य गृहस्थ यहां तंबुओं में रहकर सांसारिक माया से मुक्त हो वैराग्य जीवन का पालन करेंगे। इस अवधि में काया तो नहीं बदलती, लेकिन उनके अंतर्मन का कायाकल्प जरूर होगा।



झोपड़ी बना रहे कल्पवासी — समृद्धि न्यूज

# आँगनवाड़ी केंद्र से राशन न मिलने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

**आँगनबाड़ी केन्द्र** से राशन न मिलने पर महिलाओं ने जमकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जिजपुरा ऑगनबाडी केंद्र पर बच्चों व गर्भवती लाभार्थियों को ड्राई राशन व चावल, रिफाइंड तेल आदि वितरण में लापरवाही पर शनिवार को गाँव की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। प्रत्येक माह लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में चावल, गेहूं व दाल का वितरण स्वयं सहायता समूह एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हाथों वितरित करने का शासन से फरमान जारी हुआ था। इससे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को देशी घी व मिल्क पाउडर, रिफायन्ड तेल, चावल, दाल आदि चीजों का वितरण भी किया जाना है। इसके वाबजूद जिजपुरा में लाभार्थियों को राशन नहीं मिल पाया है। जिसको लेकर गाँव की दर्जनो महिलाओं ने आँगनबाड़ी केंद्र पर राशन वितरण न करने का आरोप लगाया है। वहीं स्वयं सहायता समूह की सचिव दुर्गा ने बताया की आँगनबाड़ी कमलेश को उन्होंने दो महीने का राशन उपलब्ध कराया था, लेकिन उन्होंने एक महीने का राशन बांटा और एक महीने का रख लिया। जिस पर उन्होंने कहा बचा हुआ राशन भी बाटिए, तभी आँगनबाड़ी ने कहा अगर तुम्हें चहिये हो तो हमें नौ हजार रुपये दो और राशन तुम अपने घर ले जाओ। मना करने पर सीडीपीओ सहित बाल विकास अधिकारी रजनेश ने भी हमें हड़काया। वहीं लाभार्थी राशन के लिए आँगनबाड़ी केन्द्र के चक्कर काटने को विवश है।




आँगनवाड़ी केंद्र पर मौजूद महिलायें — समृद्धि न्यूज

# 11 जनवरी से शुरु होगी राष्ट्रीय पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बैठक में मौजूद हॉकी कमेटी के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**राज्य स्तरीय** पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता की तैयारी का रविवार को अंतिम रूप दिया गया। फर्रुखाबाद हॉकी कमेटी की बैठक स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई। जिला ओलंपिक संघ के तत्वाधान में तथा फर्रुखाबाद हॉकी द्वारा आयोजित तथा सीपी मिल्क एंड फ्रूट्स प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ द्वारा प्रायोजित राजस्तरीय पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता 11 जनवरी से 14 जनवरी के मध्य स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित की जाएगी। फर्रुखाबाद हॉकी के सचिव अवनींद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश की उत्कृष्ट 10 टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिसमें स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ व सैफई स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर व झांसी, रेलवे लखनऊ, रेलवे प्रयागराज, बुलंदशहर, शाहजहांपुर, इटावा तथा फर्रुखाबाद की होगी। उद्घाटन मैच 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे इटावा हॉकी तथा शाहजहांपुर हॉकी के मध्य खेला जाएगा। विजेता को 51000 नगद राशि व ट्राफी तथा उपविजेता को 31000 रुपए नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उत्तर प्रदेश अंपायर कमेटी द्वारा अंपायरों की सूची भेजी जा चुकी है। जिसमें 6 अंपायर शामिल होंगे। जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय अंपायर भी होगी। समस्त ट्रॉफियां फादर डॉक्टर सीजू जॉर्ज प्रिंसिपल सेंट एंथोनी स्कूल द्वारा तथा उपविजेता को धनराशि सपा नेता विजय यादव द्वारा प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता को सफल संपन्न करने के लिए व्यापार मंडल फतेहगढ़, आई0एम0ए0ए फर्रुखाबाद तथा रामलीला कमेटी परिषद फतेहगढ़ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे, कलाम आजाद, अफजल अहमद, लक्ष्मण टंडन, अरविंद जादौन, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र यादव, एजाज अली, हलीम कुरेशी, अजय माथुर, रवि शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# साइकिल रेस में टिन्कू, भूमि, गोल्डी ने मारी बाजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद विजेता प्रतिभागी — समृद्धि न्यूज

**युवा महोत्सव** समिति द्वारा प्रतियोगिताओं के क्रम में रविवार को साइकिल रेस, 100 मीटर रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बालक-बालिकाओं ने चौक से आवास विकास तिराहे तक साइकिल रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सुनील सक्सेना, विवेक चतुर्वेदी, हर्षित मिश्रा एवं कुशाग्र के संयोजन में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। साइकिल रेस बालक वर्ग में टिन्कू प्रथम, कुनाल द्वितीय, सनी तृतीय स्थान पर रहे। साइकिल रेस बालिका वर्ग में भूमि प्रथम, दीपांशी द्वितीय तथा कुमकुम तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर बालक वर्ग रेस में टिन्कू प्रथम, सनी शर्मा द्वितीय, आस्तिक दुबे तृतीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग रेस में गोल्डी प्रथम, रागिनी द्वितीय, कुमकुम तृतीय रही। 3 किलो मीटर रेस में टिन्कू प्रथम, अब्दुल रहमान द्वितीय, नीलेश सक्सेना तृतीय रहे। बालिका वर्ग 3 किलो मीटर रेस में गोल्डी प्रथम, अंजू पाल द्वितीय, कुमकुम तृतीय रही। सभी विजेताओं प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा0 संदीप शर्मा, कुशाग्र सक्सेना, सुनील सक्सेना, हर्षित मिश्रा, विवेक चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण न हुआ तो होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

▸ नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया गया स्वागत


कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की बैठक फतेहगढ़ स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक में सफाई कर्मचारियों की अनिस्तारित समस्याओं पर चर्चा की गई। चालू वित्तीय वर्ष का बोनस एवं वर्ष 2018 से अब तक का बकाया डीए एरियर एवं प्रथम एसीपी से छूटे हुए करीब 250 कर्मचारी के लाभ पर विस्तृत चर्चा की गई। कर्मचारियों तथा पदाधिकारी द्वारा एक स्वर में कहा गया कि यदि विभाग द्वारा समस्याओं का निराकरण 25 जनवरी तक नहीं किया जाता है तो मजबूर होकर समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी 28 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जिला मुख्यलाय विकास भवन फतेहगढ़ में बैठेंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। बैठक में संगठन का बिस्तर भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से महेंद्र कुमार को जिला संयुक्त मंत्री, प्रदीप कुमार को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को जिला संगठन मंत्री, राहुल कुमार को जिला उपाध्यक्ष एवं राम कुमार को जिला प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। मनोनीत पदाधिकारी का संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला महामंत्री रवीश कुमार गौतम, राज सिंह गौतम, सुधीर कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मोदी की गारंटी का मतलब सुशासन और जन कल्याणकारी योजनाएं

**जालौन (उरई)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का मतलब सुशासन और जन कल्याणकारी योजनाएं हैं। यह बात भारत विकास संकल्प यात्रा के तहत ग्राम हरकौती में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कही। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने भारत विकास संकल्प यात्रा के तहत ग्राम हरकौती में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज के समय ब्यूरोक्रेसी अधिक संवेदनशील हुई है। बैंक में काम करने वाले ग्राहकों के प्रति अधिक व्यावहारिक हुए हैं। मोदी की गारंटी का मतलब है सुशासन और जन कल्याणकारी योजनाएं। पिछले दस वर्षो के दौरान यह बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में बदलाव आया है। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सड़क, पेयजल की समस्याएं हों अथवा सरकारी सेवाओं में अमूल चूल परिवर्तन की बात हो। डबल इंजन की सरकार ने लोगों को रहने के घर दिये और खाने के लिए अनाज के साथ शुद्ध पेयजल व बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा के साथ स्वाभिमान से रहने व सुरक्षा की गारंटी दी है। उधर, विकास खंड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में आयोजित संकल्प यात्रा में ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को जो भी भरोसा दिलाया है, वह पूरा जरूर किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में विकास किया है और विदेशों में भी भारत का गौरव बढ़ाया है। संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में आयोजित कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे एसो0 की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक एनई रेलवे मजदूर यूनियन कार्यालय में सम्पन्न हुई। 40 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने वार्षिक सदस्यता प्राप्त की। सदस्य कौशल कुमार जो 2018 में सेवानिवृत्त हुए। उनका 13 लाख रुपये रेल विभाग ने रोक लिया था। एसोसिएशन के प्रयास से भुगतान कर दिया गया है। कौशल कुमार ने एसोसिएशन का आजीवन सदस्य रहने की बात कही। वार्षिक अधिवेशन की भी चर्चा हुई। इस मौके पर अध्यक्ष सोहरन सिंह, जागेश्वर दयाल, अजीत भट्ट, एके सक्सेना, सुरेन्द्र सिंह, अवधेश दुबे आदि लोग मौजूद रहे। संचालन आरके तिवारी ने किया।

### शेखपुर मेला कमेटी द्वारा अधिकारियों एवं कमेटी के लोगों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हजरत शेख महमूद के 699वें उर्स मखदूम और मेला शेखपुर में जिला प्रशासन द्वारा की गई चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था को लेकर दरगाहे मखदूम मियां शेखपुर के सज्जादा नसीन गालिब मियां ने मण्डल के साथ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित सभी को सम्मानित किया। अनस सिद्दीकी व मोहसिन समसी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। 26 दिसम्बर से 2 जनवरी तक आयोजित होने वाले मेले को सफल बनाया था। जिसको लेकर कमेटी के लोगों ने जिला प्रशासन के अलावा मण्डल के लोगों को सम्मानित किया।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनायी जायेगी

**कोंच (जालौन)।** स्वामी विवेकानंद की 12 जनवरी को मनायी जाने वाली जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक और अभाविप कार्यकर्ता शिवांश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 8 जनवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता, 10 जनवरी को बैडमिंटन प्रतियोगिता, 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयन्ती कार्यक्रम, 14 जनवरी को खिचड़ी भोज, 16 जनवरी को मेहंदी प्रतियोगिता, 17 जनवरी को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व 18 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। 20 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ उक्त विविध कार्यक्रमों का समापन होगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा भदारी, बिरगुवां बुजुर्ग पहुंची

**कोंच (जालौन)।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत रविवार को कोंच विकास खंड क्षेत्र के ग्राम भदारी और बिरगुवां बुजुर्ग में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पालिकाध्यक्ष कोंच प्रदीप गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधान सहित ग्रामीणों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित ग्रामीणों को पालिकाध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुक करते हुए उनसे इन सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। पालिकाध्यक्ष ने ग्रामीणों को विकसित भारत के निर्माण में आगे रहने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में अलग अलग विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल भी लगाए गए थे। इस मौके पर ब्लॉक सहित विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों सहित प्रधान भदारी सुषमा देवी, रवि गौतम बिरगुवां बुजुर्ग के अलावा तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### अब प्रत्येक शनिवार होगा नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**कोंच (जालौन)।** कोंच क्षेत्र के नेत्र रोगियों के लिए खुशखबरी भरी खबर सामने आयी है, क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर स्थित सुरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह दयाशंकर मेमोरियल महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक शनिवार को सुबह 11 बजे से लेकर अपरान्ह 2 बजे तक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक शिवप्रसाद निरंजन, कोषाध्यक्ष हरीमोहन निरंजन एवं अमित निरंजन महतवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक द्वारा आने वाले रोगियों के नेत्रों की जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाएं और चश्मे निःशुल्क रूप से दिए जाएंगे। वहीं परीक्षण में मोतियाबिंद पाए जाने पर संबंधित रोगी को कानपुर ले जाकर साईं आई हॉस्पिटल में नेत्र सर्जन डॉ आकांक्षा गुप्ता व उनकी टीम द्वारा नेत्रों का ऑपरेशन निःशुल्क रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक नेत्र रोगियों के नेत्रों का ऑपरेशन फेको पद्धति से निःशुल्क किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाने का आह्वान किया है।

### बीसा अग्रवाल समिति का खिचड़ी उत्सव 15 को

**कोंच (जालौन)।** बीसा अग्रवाल समिति द्वारा आगामी मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी उत्सव का आयोजन 15 जनवरी को सुबह 11 बजे स्थानीय अग्रवाल भवन में किया जाएगा। वहीं अयोध्या धाम में नव निर्मित मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी की शाम 7 बजे दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष मनीष भदौरिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने देते हुए लोगों से कार्यक्रमों में शामिल होने का आह्वान किया है।

# फतेहगढ़ में निकाली गई राम जन्मभूमि अक्षत कलश यात्रा

▸ डा. राजीव पाठक ने कलश यात्रा का किया स्वागत


यात्रा का स्वागत करते डा0 राजीव पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** याकूतगंज प्रखंड द्वारा रामजन्म भूमि अक्षत कलश यात्रा का फतेहगढ़ में जगह-जगह स्वागत हुआ। 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। रविवार को याकूतगंज प्रखंड द्वारा निकाली जा रही यात्रा फतेहगढ़ के मुख्य मार्ग से होकर निकली। यात्रा का स्वागत समाजसेवी व सूरज अल्ट्रासाउंड के संचालक डा0 राजीव कुमार पाठक ने पुष्प वर्षा के साथ भगवान श्रीराम व हनुमान के स्वरुप का माल्यार्पण का स्वागत किया। यात्रा में चल रहे सभी लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला प्रचारक प्रवीन का पटुका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग यात्रा में मौजूद रहे।

# हिन्दू रक्षा मंच द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक व पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू** रक्षा मंच के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेनापत स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर अतिथि द्वारा किया गया। शिविर में डाक्टर एनके बाजपेयी, डा0 अनुपम, डा0 शैलेन्द्र राठौर, डा0 श्यामा वर्मा, डा0 अनूप दीक्षित के द्वारा 450 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, सुगर आदि की जांचे की गई। संस्था द्वारा डाक्टरों का सम्मान किया गया। हिन्दू रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद व राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक ने व्यवस्था देखी। जिलाध्यक्ष हेमलता मिश्रा, सुरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, आलोक भारती, विकास पाण्डेय, हिमांशु गुप्ता, समाजसेवी संजय गर्ग, हरिश्चन्द्र पाठक, विकास पाठक, हर्षित मिश्रा, प्रीती तिवारी, सुजाता सिंह, चित्रा अग्निहोत्री, प्रबल त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने भाग लिया।

# जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक में सूरज भारद्वाज का हुआ स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक में मौजूद जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के लोग — समृद्धि न्यूज

**जनतंत्र** क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक सूरज भारद्वाज के आवास पर सम्पन्न हुई। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार के चेयरमैन सूरज भारद्वाज को व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू द्वारा समाजिक उद्योग व्यापार का फर्रुखाबाद इकाई का जिलाध्यक्ष मनोनित करने पर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। संगठन को नई दिशा देने के लिए बैठक में मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में अमर बलिदानी कोठारी बंधु राम भक्तों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। 17 जनवरी बुधवार दोपहर 1 बजे मानव श्रृंखला बनाकर रामभक्त को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी जायेगी। गुरुगांव देवी मंदिर से चलकर स्वराज कुटीर व बस स्टैण्ड तक चलकर पैदल यात्रा निकाली जायेगी। इस मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा, पृथ्वी नारायन, सुधीर गंगवार, शिवाजी कटियार, जितेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक द्विवेदी, राजीव तिवारी, अनिकेत अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# अटेवा ने पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन तेज करने की बनायी रणनीति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनायी गई। अटेवा के सभी पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश स्तरीय नेतृत्व में लोकसभा चुनाव से पूर्ण पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन तेज करने एवं अधिक से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों को जोड़ने की रणनीति बनायी है। अटेवा लगातार पेंशन बहाली हेतु संघर्ष करता रहा है। जिसके परिणाम स्वरुप कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है। जल्द ही पूरे देश में पेंशन बहाल होगी। अटेवा पुरानी पेंशन आंदोलन को तेज करते हुए कार्यक्रम आयोजित करेंगा। जिसमें 25 जनवरी को जन संवाद अटेवा चला आपके द्वार, 25 जनवरी को सभी मुख्यालयों पर मतदाता जागरुकता एवं पेंशन जागरुकता मार्च होगा। 4 फरवरी को प्रदेश स्तर पर लखनऊ में रन फॉर ओपीएस कार्यक्रम होगा। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जाटव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली व निजी करण की समाप्ति वर्तमान में इतना जलंत मुद्दा बन गया है कि न केवल संगठन बल्कि राजनैतिक दल भी इन मुद्दों के बिना राजनीति भी नहीं चला पा रहे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में 1 अक्टूबर 2023 को पुरानी पेंशन बहाली हेतु दिल्ली में रैली हुई थी, जिसमें लाखों कर्मचारियों का जन सैलाब उमड़ा था। सुधीर पाल ने कहा कि प्रादेशीय आवाह्न पर कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा। फूल सिंह शाक्य ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर विमलेश शाक्य, सुनील कुमार, विश्वप्रकाश दीक्षित, अखिलेश पाण्डेय, विजेन्द्र पाल सिंह, देवेन्द्र कुमार, हिमांशु शुक्ला, महाराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# फोटो क्लब के जिलाध्यक्ष चुने गए मुकेश शुक्ला


बैठक में मौजूद नवनिर्वाचित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फोटो क्लब की कार्यकारिणी में विस्तार के साथ-साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष का चयन हुआ तथा कुछ नए सदस्यों को जोड़ा गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश शुक्ला को फोटो क्लब अध्यक्ष चुना गया। अनिल कुमार श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तथा 6 नए सदस्यों की भी घोषणा हुई। फोटो क्लब की बैठक ब्राह्मण समाज धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में सभी उपस्थित फोटोग्राफर भाइयों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर फोटो क्लब के जिला प्रभारी अमित राठौर, अनिल कुमार श्रीवास्तव, नंदकिशोर चौरसिया, मनोज शर्मा, सचिन, स्वतंत्र प्रकाश वर्मा, सोनू शुक्ला, दीपक सक्सेना, बिल्लू राठौड़, अशोक राजपूत, रिंका शांतनु कटियार, अभिषेक सिंह, सुमित दीक्षित, अनुराग पाण्डेय, जय सिंह, विक्की, बृजेश गुप्ता, आलोक शाक्य, प्रदीप शाक्य, अभिषेक कुमार, अशोक राजपूत, भारत सिंह, नीलू कटियार, संदीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

# ऐसे थे आचार्य कंचन पुस्तक का हुआ विमोचन

▸ कवियों ने काव्यपाठ कर कंचन को किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


पुस्तक विमोचन करते कविगण — समृद्धि न्यूज

**साहित्यिक,** सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था वीणा साहित्य परिषद के तत्वावधान में आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन को समर्पित पुस्तक (ऐसे थे आचार्य कंचन) का विमोचन किया। रविवार को शहर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में अयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय कवि डा0 शिवओम अंबर, वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इन्दु, संस्था अध्यक्ष दिलीप कश्यप, संयोजक राम मोहन शुक्ल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पुस्तक विमोचन एवं काव्य गोष्ठी के अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अंबर ने कहा कि साहित्य-संगीत और कला के त्रिवेणी संगम स्मृति शेष गुरुवर आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन पांचाल क्षेत्र में सारस्वत चेतना के अक्षय ज्योतिर्वलय रहे हैं जो कल भी प्रासंगिक थे और कल भी समसमायिज्क रहेंगे। पुस्तक के संपादक इन्दु ने (ऐसे थे आचार्य कंचन) पुस्तक में उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किये। वह समय की स्फटिक शिला पर अक्षत बनकर सुशोभित होगा। उन्होंने पंक्तियां पड़ी राम हमारा कर्म हैं, हमारा धर्म हैं, हमारी गति हैं, हमारी शक्ति हैं, हमारी भक्ति हैं, हमारी मति हैं। बिना राम के आदर्शों का चर्मात्कर्ष कहां है, बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है। प्रोफेसर राम बाबू मिश्र ने कहा कि पुरुषोत्तम आचार्य उत्तोत्तम साहित्यकार श्रेष्ठ संगीतकार एवं कला साहित्य कंचन के चतुर्भुज आयाम है। वे राष्ट्रीय स्वयं संघ के संस्कारित कार्यकर्ता थे। डॉक्टर संतोष पाण्डेय ने मौसम के बदलते मिजाज पर छंद पढ़े। राम शंकर अवस्थी ने कृष्ण और राधा को भक्ति के छंद पढ़ा। संयोजक राम मोहन शुक्ल ने न तेरे और न मेरे बुलाने से आएगी, मौत जब आएगी बहाने से आएगी पंक्तियां पढ़ीं। महेशपाल सिंह उपकार, उपकार मणि, विशाल श्रीवास्तव, दिनेश अवस्थी आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन सुरेन्द्र पाण्डेय ने किया। अध्यक्ष दिलीप कश्यप ने सभी का आभार व्यक्त किया। व्यवस्था नीरज शर्मा ने संभाली। इस अवसर पर जवाहर सिंह गंगवार, डा0 रविंद्र यादव, दीपक रंजन सक्सेना, अरविंद दीक्षित, राम मुरारी शुक्ल, संजय गर्ग, अर्पण शाक्य, भूपेंद्र प्रताप सिंह, रविन्द्र भदौरिया, मनोज दीक्षित, सुनील अवस्थी, अमित सक्सेना, प्रवीण, जितेंद्र सिंह, उदय पाल, मनोज कश्यप, राज गौरव पाण्डेय, धीरज सिंह, संजीव वर्मा, शशिकांत पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री कल गांधीनगर में करेंगे देश के सबसे बड़े ट्रेड शो का उद्घाटन

एजेंसी



**गांधीनगर।** राज्य में द्विवार्षिक 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) की शुरूआत से एक दिन पूर्व 9 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो-2024' का उद्घाटन करेंगे।

दरअसल, 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के हिस्से के रूप में गुजरात सरकार आगामी 09 से 13 जनवरी तक गांधीनगर स्थित हेलीपैड मैदान पर 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो-2024' का आयोजन कर रही है। इस ट्रेड शो में प्रदर्शनी और स्टॉल के साथ 2 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले देश के सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 जनवरी की अपराह्न 03.00 बजे करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित देश और दुनिया के गणमान्य और उद्योगपति मौजूद रहेंगे।

**यह उद्योग होंगे आकर्षक का केन्द्र**

इस ट्रेड शो में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कम्पोनेंट्स, सिरामिक्स, केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल्स, जेम्स एंड ज्वैलरी, फार्मास्युटिकल्स और पोर्ट और मरीन जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा टेक्सटाइल व गार्मेंट, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ग्रीन हाइड्रोजन, एयर क्राफ्ट और अनुषांगिक उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम), फिनटेक, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग सहित अन्य उद्योग भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### ट्रेड शो में 20 देश ले रहे हैं भाग

दुनिया के 20 देशों के अनुसंधान क्षेत्र के एक हजार से अधिक प्रदर्शक ग्लोबल ट्रेड-शो में हिस्सा लेंगे। इस ट्रेड शो के लिए एक शो फीसदी बुकिंग हो चुकी है। यह ग्लोबल ट्रेड शो 10-11 जनवरी को बिजनेस विजिटर्स के लिए और 12-13 जनवरी को आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस ग्लोबल ट्रेड शो में ऑस्ट्रेलिया, तंजानिया, मोरक्को, मोजाम्बिक, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड, एस्टोनिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), यूनाइटेड किंगडम (यूके), जर्मनी, नार्वे, फिनलैंड, नीदरलैंड, रशिया, रवांडा, जापान, इंडोनेशिया और वियतनाम सहित कुल 20 देश अपने-अपने देशों के उद्योगों की जानकारी प्रदर्शित करेंगे। ट्रेड शो में अतिथि के रूप में एक सौ देश, जबकि 33 देश पार्टनर कंट्री के रूप में हिस्सा ले रहे हैं।

### 'मेक इन गुजरात' व 'आत्मनिर्भर भारत' सहित 13 थीमें तय

ट्रेड शो के के लिए 'मेक इन गुजरात' और 'आत्मनिर्भर भारत' सहित विभिन्न 13 थीमें तय की गई हैं। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए लगभग 450 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयां इस ट्रेड शो में सहभागी हो रही हैं।

# 12 साल की नाबालिग से गैंगरेप महिला सहित पांच लोग गिरफ्तार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नॉर्थ दिल्ली में एक 12 साल की नाबालिक के साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। हैरानी वाली बात यह है कि इस गैंगरेप में एक महिला की भी भूमिका रही।

पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली के सदर बाजार में एक महिला ने 12 साल की एक लड़की को फुसलाकर एक सुनसान जगह पर ले गई जहां एक आदमी और तीन लड़कों द्वारा उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। उन्होंने बताया कि तीन नाबालिगों सहित सभी पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि महिला पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में उस व्यक्ति की चाय की दुकान पर एक ग्राहक थी। 12, 14 और 15 साल की उम्र के तीन लड़के स्टॉल पर कर्मचारी थे।1 जनवरी को, चाय की दुकान के मालिक ने इलाके में कचरा बीनने का काम करने वाली महिला से नए साल का जश्न मनाने के लिए एक लड़की की व्यवस्था करने को कहा था। इतना ही नहीं आरोपियों ने रात गुजारने के लिए इलाके में एक सीलबंद इमारत के अंदर प्लास्टिक के तिरपाल से अस्थायी आश्रय बनाया था। पुलिस को संदेह है कि उस व्यक्ति ने लड़की को उनके पास लाने के बदले में महिला को कुछ पैसे की पेशकश की होगी। अगले दिन, महिला कूड़ा बीनने वाली एक अन्य 12 वर्षीय लड़की से मिली और कथित तौर पर उसे खुर्शीद मार्केट में एक इमारत की छत से कचरा इकट्ठा करने के लिए कहा। लड़की जब इलाके में पहुंची तो चारों आरोपी उसका इंतजार कर रहे थे।

## खबरें एक नजर में

### जीवन का आधार ही ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग : पं. कमला कांत



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानव जीवन का आधार ही ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग है। जहां सत्कर्म और सत्संग करने से ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग सुलभ और सुगम हो जाता है। उक्त उदगार ऐशबाग मालवीयनगर स्थित अखिलेश्वर मंदिर समिति की ओर से आयोजित मंदिर प्रांगण में आम सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष पंडित कमला कांत द्विवेदी ने कही। बैठक में कालोनी के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मंदिर की वर्तमान एवं आगामी व्यवस्थाओ पर विस्तार से चर्चा करते हुए आम सभा मे भविष्य की योजनाओं, मंदिर के निर्माण तथा विभिन्न गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक बल दिया गया। समिति की ओर सर सभा की अध्यक्षता कर रहे अहिंसा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार राजपूत ने कहा कि, जहाँ ओम: है वही तत्व है! अहिंसा के मार्ग पर चल कर ही देश और समाज की हर्दय मन से सच्ची सेवा की जा सकती है।

### इनायत ब्लेसिंग फाउंडेशन ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इनायत ब्लेसिंग फाउंडेशन ने गुलमोहर रेस्टोरेंट, सी ब्लॉक, राजाजीपुरम में अपने 3वें स्थापना दिवस का आयोजन किया, जिसे समृद्धि और सेवा की भावना से भरा इस दिन का उत्साह और संघर्ष से भरा हुआ था, जब संस्था ने अपने तीन सालों के योगदान को मनाया और उसकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया। इनायत ब्लेसिंग फाउंडेशन एक नि:स्वार्थ संगठन के रूप में 3 सालों से असहाय बच्चों के लिए मुफ्त स्कूल संचालित कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। स्थापना दिवस के इस मौके पर, संस्था ने अपने कार्यक्षेत्र में किए गए सफलतापूर्ण कार्यों का जश्न मनाया। समारोह में, इनायत ब्लेसिंग ने लखनऊ में लगभग 50 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं और एनजीओ को सम्मानित किया। समारोह के मुख्य आयोजकों में संस्था के संस्थापक मानसी बाजपाई, सचिव रवि वर्मा, समन्वयक ज्ञानेन्द्र गौतम, और सदस्य प्राची मिश्रा, विनय कुमार, प्रशांत सिन्हा, रागिनी पाण्डेय, कपिल कुमार, राजकुमार, प्रेम कुमार, साधना, और कृष्णा शामिल थे। समारोह के अवसर पर शिवपाल और गौरी सवारिया, जो इनायत ब्लेसिंग के संरक्षक हैं, न सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

### रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में लगी आग, 1,000 खाक

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी तटीय जिले कॉक्स बाजार में एक रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में आग लग गई, जिससे 1,000 से अधिक आश्रय जलकर खाक हो गये और हजारों लोग बेघर हो गए। एक अग्निशमन अधिकारी और संयुक्त राष्ट्र ने रविवार को यह जानकारी दी। उखिया दमकल केंद्र के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने 'एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उखिया के कुटुपलोंग शिविर में शनिवार आधी रात को आग लग गई और हवा तेज होने के कारण आग ने कम समय में ही विकराल रूप ले लिया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।' ''आग काफी व्यापक थी और इससे शिविर में लगभग 1,040 आश्रय स्थल जलकर खाक हो गये।

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 10 जनवरी को आएंगी बिहार

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बिहार में भाजपा नेताओं को और अधिक प्रशिक्षित किया जायेगा। इस सिलसिले में अब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 10 जनवरी को पटना आ रहीं हैं। वे पटना में भाजपा के मीडिया कार्यशाला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्मृति ईरानी शामिल होंगी। दरअसल, लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा अपने स्थानीय नेताओं को हर प्रकार के गुर सिखाना चाहती है। इसमें मीडिया से कैसे रूबरू होना है, केंद्र सरकार की योजनाओं को कैसे प्रभावशाली तरीके से पेश करना है, भाजपा से कैसे आम लोगों को जोड़ना है। इसे लेकर इस कार्यशाला में अहम सुझाव दिए जा सकते हैं। भाजपा नेताओं को स्मृति ईरानी तमाम मुद्दों पर अहम सुझाव दे सकती हैं। इस बीच 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन का कार्यक्रम है। इसके साथ लोकसभा चुनाव को देखते हुए अमित शाह और जेपी नड्डा की भी बिहार के कई जिलों में जनसभाएं होनी है।

# भारत विदेशों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली सर्वश्रेष्ठ टीम : आर अश्विन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान की भारत को 'अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली टीम' की टिप्पणी खारिज करते हुए कहा कि भारतीय टीम समकालीन क्रिकेट में विदेशों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल है।

वान ने हाल में कहा था कि भारतीय क्रिकेट टीम के पास जितने संसाधन हैं उसे देखते हुए उसको विशेषकर आईसीसी की प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''माइकल वान ने हाल में बयान दिया था कि भारतीय टीम अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई है। यह सही है कि हमने पिछले कुछ समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है और हम खुद को इस खेल की महाशक्ति मानते हैं। लेकिन यह सिक्के का एक पहलू है।'' इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं। वान की टिप्पणी के बाद हमारे देश के ही कई विशेषज्ञ इस पर चर्चा करने लग गए थे कि क्या भारत अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम है। सच कहूं तो इस पर मुझे हंसी आई।'' अश्विन ने इस संदर्भ में हाल में दक्षिण अफ्रीका में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला का उदाहरण दिया।

# कोको गाफ ने दूसरी बार जीता आकलैंड टेनिस क्लासिक का खिताब

**ऑकलैंड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को यहां फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। गॉफ ने स्वितोलिना को 6-7 (4), 6-3, 6-3 से हराया। पूरे सप्ताह में यह पहला अवसर था जबकि गॉफ को तीन सेट तक जूझना पड़ा। वह बिना सेट गंवाए फाइनल में पहुंची थी। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने पिछले साल यहां बिना सेट गंवाए खिताब जीता था। लेकिन इस बार फाइनल में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 23 मिनट तक चला। गॉफ 2018 और 2019 की चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। यह 1989 के बाद पहला अवसर है जब किसी अमेरिकी खिलाड़ी ने इस प्रतियोगिता में अपने खिताब का बचाव किया।

# फर्जी पीएमओ अधिकारी बनकर धमकाने के मामले में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दायर

▸ सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मामला

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पिछले साल अक्तूबर माह में एक फर्जी पीएमओ अधिकारी ने एक नेत्र अस्पताल के मालिकों को धमकाया था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा। सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया हैं।

फर्जी पीएमओ अधिकारी बन एक नेत्र अस्पताल को धमकाने मामले में सीबीआई ने आरोपी मयंक तिवारी के खिलाफ चार्जशीट दायर की हैं। जिसमें आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का उच्च पदस्थ अधिकारी बताया था। लगभग तीन माह की लंबी जांच के बाद सीबीआई ने एक विशेष सीबीआई अदालत में पहला आरोप पत्र दायर किया हैं। अक्तूबर माह में मामला सामने आते ही सीबीआई ने अहमदाबाद और इंदौर समेत कई स्थानों पर तलाशी ली थी, जिसमें कई दस्तावेजों को जब्त किया गया था।

जब प्रधानमंत्री कार्यालय को इस बात का पता चला था तो उसने तत्काल सीबीआई से जांच करने को कहा था। पीएमओ ने सीबीआई जांच के संदर्भ में कहा था कि प्रथम दृष्ट्या यह पीएमओ का अधिकारी फर्जी तरीके से बनकर पीएमओ के नाम का दुरुपयोग करने का मामला है, क्योंकि प्रधानमंत्री कार्यालय में न तो यह व्यक्ति काम करता है और ना ही यह पद है। जिसके बाद सीबीआई ने मामले में मुकदमा दर्ज किया।

### 16 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जाना था

आरोप है कि नेत्र अस्पतालों की श्रृंखला 'डॉ अग्रवाल' ने इंदौर के अस्पताल के संचालक दो चिकित्सकों से एक करार किया था, जिसके लिए 16 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जाना था। इसके बाद इंदौर के अस्पताल ने कथित रूप से समझौते की शर्तों का उल्लंघन करना शुरू कर दिया, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया और डॉ अग्रवाल के प्रवर्तक अपना पैसा वापस लेकर करार खत्म करना चाहते थे।

### फोन कॉल और संदेश के जरिए धमकाना शुरू किया था

मामला हाईकोर्ट गया, जिसने एक मध्यस्थ की नियुक्ति की। मध्यस्थ ने अंतरिम निर्णय में इंदौर के अस्पताल से चार सप्ताह में 16.43 करोड़ रुपये जमा करने को कहा। इसी दौरान डॉ. अग्रवाल अस्पताल के मालिकों को तिवारी की ओर से फोन कॉल और संदेश आने लगे। इसमें उनसे कथित बकाया को भूलकर मामले का समाधान करने को कहा गया।

# प्राण प्रतिष्ठा पर रंग बिरंगी रोशनी व फूलों से सजाए जाएंगे दिल्ली के मंदिर

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की समस्त रामलीलाओं का निर्णय 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिल्ली के मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी एवं फूलों से सजाया जायेगा दिवाली की तरह।

श्री रामलीला महासंघ के नेतृत्व में दिल्ली की समस्त रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों की एक बैठक नेशनल क्लब फतेहपुरी दिल्ली श्री अर्जुन कुमार अध्यक्ष रामलीला महासंघ ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से चर्चा के पश्चात् निर्णय हुआ कि 22 जनवरी 2024 को 550 साल बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दिल्ली की समस्त रामलीला कमेटियां अपने-अपने क्षेत्रों में मंदिरों में रंग-बिरंगी रोशनी एवं फूलों से दिवाली की तरह सजाया जायेगा। रामलीला कमेटियां मंदिरों में रामचरित मानस का अखण्ड पाठ करवायेंगे। श्री रामलीला महासंघ के महासचिव श्री सुभाष गोयल ने बताया कि 501 रामचरित मानस की प्रति रामलीला कमेटियां वितरित करेंगी। मंदिरों में विशाल भंडारों का आयोजन किया जायेगा एवं 501 देशी घी के दीपक प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह को मंदिरों के बाहर बड़ी-बडी एईडी स्कीन के माध्यम से लाईव दिखाया जायेगा। महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि रामचरित मानस प्रत्येक स्कूल, कालेज, कम्यूनिटी सेंटर, व्यवसायिक एवं होटलों रखी जायेगी। बैठक में क्षेत्रीय सांसद डा. हर्षवर्धन पूर्व केन्द्रीय मंत्री, बासुरी स्वराज, अनेकों रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया।

# एलिस पेरी 300वां क्रिकेट मुकाबला खेलने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई

एजेंसी



**मुम्बई।** एलिस पेरी ने कहा कि उनकी ख्वाहिश 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की है, वह आज जब दूसरे टी-20 के लिए मैदान पर उतरेगी तो यह उनका 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेलने पहली ऐसी ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी हैं जिन्हें यह मुकाम को हासिल होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अब तक 299 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। वह महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली दुनिया की चौथी खिलाड़ी हैं।

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज 333 मैचों के साथ अव्वल नंबर पर, इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 309 मुकाबलों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका अगला लक्ष्य 400वां मुक़ाबला खेलना है तो पेरी ने कहा, मुझे नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है हालांकि मैं हर तरह की परिस्थिति के लिए तैयार हूं। मैंने अपने करियर के लिए किसी भी तरीके की सीमा निर्धारित नहीं की है। लेकिन एक तरह से देखा जाए तो यह (400 वां मैच) बस एक तरह की संख्या है। जब तक मैं टीम के लिए योगदान दे सकती हूं और जब तक मैं अपने खेल का आनंद उठा रही हूं, तब तक मैं खेलती रहूंगी। उन्होंने अब तक अपने करियर में 12 टेस्ट, 141 एकदिवसीय और 146 टी-20 सहित कुल 299 मुकाबले खेले हैं।

# हड्डियों की कमजोरी व दांतों से खून निकलने की वजह हो सकती है विटामिन-के की कमी



विटामिन्स हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूर माने जाते हैं। कई तरह के आहारों से ये हमें कई तरह के विटामिन्स भरपूर मिल सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन अहम भूमिका निभाते है, साथ ही यह शरीर की इम्यूनिटी को स्ट्रांग रखते है। विटामिन में ऐसे पौष्टिक तत्व मौजूद होते है जो हड्डियों को मजबूत और मांसपेशियों को स्वस्थ बनाए रखने का काम करते हैं। विटामिन कई प्रकार के होते है। शरीर में अन्य विटामिन की तरह विटामिन के भी बहुत जरूरी है। चलिए आपको बताते हैं कि विटामिन के शरीर के लिए जरूरी क्यों होता है? विटामिन के को फाइलोक्विनोन के नाम से भी जाना जाता हैं। इसका हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में होना आवश्क है क्योंकि यह ब्लड क्लॉटिंग और बोनस हेल्थ के लिए जरूरी माना जाता है। विटामिन के शरीर में फ्रैक्चर की संभावना को कम करता है। हड्डियों के साथ-साथ मसूड़ों को भी मजबूत बनाता है।

**विटामिन के का कार्य**

विटामिन के का मुख्य कार्य लीवर में मौजूद प्रोटीन जैसे कि प्रोथोम्बिन और फाइब्रिनोजेन का संश्लेषण करना है। जो कि रक्त थक्का जमने में सहायक होते है। यह संश्लेषित प्रोटीन रक्त में उपस्थित होते है, शरीर में चोट आदि लगने पर ये प्रोटीन प्रोथोम्बिन से थोम्बिन में परिवर्तित होकर रक्त का थक्का जमाते है। यह विटामिन शरीर में रक्त का थक्का बनाने में मदद करता है, इसी कारण इसे श्ब्लड क्लॉटिंग विटामिन भी कहा जाता है। क्योंकि अगर रक्त का थक्का न बने तो चोट आदि लगने पर, अत्याधिक रक्त बहने के कारण व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। शरीर में हड्डियों का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है,विटामिन के हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है और कैल्शियम अवशोषण में भी सहायक है। बुढ़ापे में भी हड्डियों की रक्षा में सहायक होता है।

### विटामिन के की कमी के लक्षण

1. हड्डियों का कमजोर होना।
2. रक्त स्राव(खून बहना) होना।
3. दिल से जुड़ी दिक्कतें होना।
4. ब्रश के समय दांतों से या इंजेक्शन लेते समय खून निकलना।
5. नाक में से बार-बार खून निकलना।

### किन-किन फलों से मिलता है विटामिन के

**अनार** - विटामिन के की कमी को पूरा करने के लिए आप रोज एक अनार खा सकते है। इसमें फाइबर और खनिज भरपूर मात्रा में उपलब्ध होता है।

**चुकंदर** - चुकंदर में भी विटामिन के अधिक मात्रा में मिलता है, इसे भी आप खाने के साथ सलाद के रूप में लें सकते है।

**सेब**- सेब में प्रोटीन,कार्बोहाइड्रेट और फाइबर पाया जाता है और ये विटामिन के की कमी को दूर करता है। आप रोजाना एक सेब का सेवन कर सकते है।

**अंजीर** - कम कैलोरी वाले अंजीर में भी विटामिन के मौजूद होता है, आप इसे भी स्नैक सूची में शामिल कर सकते है।

**कीवी** - कीवी रक्त जमने को रोकने से बचाती है, जिससे रक्त संचार ठीक रहता है।

**एवोकाडो** - एवोकाडो के एक टुकड़े में लगभग 20 विटामिन और खनिज होता है। इसे कच्चा या गुआकामोल बनाकर खाने से विटामिन के की कमी दूर होती है।

**आलूबुखारा** - आलूबुखारा आपके अंगों को हाइड्रेट रखता है और ये विटामिन के फल में आयरन और पोटेशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो हड्डियों और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।

**हरी सब्जियों से मिलेगा भरपूर विटामिन-के**

वैसे विटामिन के हरे पत्तेदार सब्जियों जैसे केल, ब्रोकली, पालक, बंदगोभी और लेट्स के पत्तों में भरपूर पाया जाता है। इसके अलावा कुछ फलों में भी विटामिन के भरपूर पाया जाता है।

# अयोध्या में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर फोकस

## 500 प्रीफैब टॉयलेट्स के जरिए सरयू घाटों पर प्रसाधन सुविधा का होगा विकास

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। यहां लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें समुचित नागरिक सुविधाओं का लाभ मिले, इस पर फोकस करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में विजन डॉक्यूमेंट-2047 के अंतर्गत परियोजनाओं पर कार्य निरंतर जारी है।

इसी क्रम में अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने पवित्र सरयू नदी के किनारे सभी दर्शनीय घाटों को प्रीफैब टॉयलेट्स की परियोजना से आच्छादित करना शुरू कर दिया है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को प्रसाधन सुविधा के दृष्टिगत किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत सरयू घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्ज की जाएगी। वहीं 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर यहां माघ स्नान के लिए साधु-संन्यासी, श्रद्धालु व अयोध्या का जनमानस सरयू के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाएगा।

ऐसे में प्रीफैब टॉयलेट्स की स्थापना व संचालन के जरिए उन्हें प्रसाधन सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के दृष्टिगत योगी सरकार व अयोध्या जिला प्रशासन कार्य कर रहे हैं। एडीए के अधिकारियों को कहना है कि सरयू घाटों पर जिन 500 प्रीफैब टॉयलेट्स की स्थापना, संचालन व रखरखाव की प्रक्रिया शुरू की गई है, उसे एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा जिसकी प्रक्रिया जारी है। एजेंसी निर्धारण के लिए क्वॉलिटी कॉस्ट बेस्ड सिलेक्शन प्रक्रिया को प्रयोग में लाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कार्य करने की इच्छुक एजेंसियों द्वारा एडीए के समक्ष इन टॉयलेट्स के वर्किंग प्रोटोटाइप को संचालित करके दिखाने तथा कम कीमत में उच्चतम सुविधा उपलब्ध कराने जैसी प्रक्रियाओं को अमल में लाना होगा। इन टॉयलेट्स को एजेंसी के माध्यम से न्यूनतम 12 महीने के लिए संचालन व उपयोग में लाया जाएगा। निर्धारित एजेंसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि संपूर्ण ब्लॉक स्वच्छता और परिचालन स्थितियों में हैं। सभी आवश्यक सैनिटरी फिटमेंट के साथ आपूर्ति किए गए टॉयलेट सीट ब्लॉक की गारंटी भी उच्चतम क्वॉलिटी की होनी चाहिए। सेप्टिक वेस्ट, निर्बाध जल आपूर्ति और सफाई उपकरणों, पर्यावरण अनुकूल रसायनों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना, गैंग-चार्ट, सफाई कार्यक्रम/सफाई-रजिस्टर/उपस्थिति पत्रक/देखभाल करने वालों/प्रबंधन की निगरानी और पर्यवेक्षण जैसे कार्यों को भी करना होगा। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कि टॉयलेट सीट ब्लॉक उचित वेंटिलेशन, प्रकाश और सहायक उपकरण के साथ 24×7 दिन चालू रहें, जो उक्त उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में भी एजेंसी द्वारा कार्य किया जाएगा।

### हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगु, गुजराती व मराठी में होंगे साइनेज बोर्ड्स

कलर कोडिंग को ध्यान में रखकर पुरुष व स्त्री प्रसाधन गृहों को संचालित किया जाएगा। इसमें पुरुषों के लिए नीला व महिलाओं के लिए पिंक रंग का प्रयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इन टॉयलेट्स को दर्शाने वाले संकेतक साइनेज बोर्ड्स को हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगु, गुजराती व मराठी जैसी भाषाओं में दर्शाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आम लोगों को आवश्यक सहायता के लिए प्रत्येक बूथ पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में हेल्पलाइन नंबर को भी प्रदर्शित किया जाएगा। शौचालयों के संचालन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, एनजीटी के निर्देशों और एसबीएम 2.0 के दिशानिर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए घाट की सफाई और जनजागरुकता अभियान में लगी अन्य टीम के समर्थन को भी समय-समय पर सुनिश्चित किया जाएगा।